फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 321 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 23 जून, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

ARBIT




Between the Wars (1918-939)
In this period between the two world wars, there was extraordinary development and advancement in aircraft technology by inventors and innovators

The Rise Of International Travel
It was just a matter of time before passenger planes transformed into larger capacity Airliners

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



ऑस्ट्रेलिया में एक अनोखा एल्बीनो एकिड्ना देखा गया है। सेही जैसा दिखने वाला यह स्तनपायी जीव सिडनी से 120 मील दूर नॉर्थ वैस्ट में बैथर्स्ट शहर में नज़र आया है। बैथर्स्ट रीजनल काउन्सिल के एक सदस्य ने इस दुर्लभ जीव को मई में देखा था, उसने ही इसे रैफी नाम दिया। बैथर्स्ट रीजनल काउन्सिल के एक प्रतिनिधि ने बताया कि, ''शॉर्ट बीक्ड एकिड्ना काफी शर्मीले होते हैं और एकान्त में रहते हैं। लेकिन एल्बीनो शॉर्ट बीक्ड एकिड्ना से सामना होना बेहद दुर्लभ घटना है।'' रैफी एल्बीनिज़्म से पीड़ित है। यह एक आनुवंशिक विकार है, जिसमें त्वचा, बाल व आंखों में मैलनिन पिगमैंट कम बनता है। स्थानीय वाइल्डलाइफ संरक्षण संगठन ''वायर्स'' के एक प्रवक्ता, जॉन ग्रांट ने बताया कि, वह गत दस साल से पुनर्वास केन्द्र में काम कर रहा है और उसने अब तक मात्र तीन या चार एल्बीनो एकिड्ना देखे हैं। चूँकि रैफी जंगल से आया है, इसलिए इसे लोगों से दूर रखा जा रहा है, क्योंकि इंसानों की सक्रियता से एकिड्ना तनाव ग्रस्त हो सकते हैं और स्ट्रैस के कारण, सूंघकर एक स्थान से दूसरे स्थान जाने की इनकी क्षमता बाधित हो सकती है। इस क्षमता का इस्तेमाल ये जीव महत्वपूर्ण लोकेशन ढूंढने के लिए करते हैं, जैसे प्रजनन के लिए बिल आदि। एकिड्ना की नज़र भी कमजोर होती है। परभक्षियों से बचने के लिए ये पूरी तरह से, कान से सुने संकेतों और गंध पर निर्भर करते हैं। एकिड्ना में सुरक्षा का एक अनोखा तंत्र है। परभक्षी, जैसे लोमड़ी, कुत्ता, बिल्ली या डिंगो, के आने पर ये, सेही की तरह गोलमटोल होकर कांटेदार गेंद का रुप ले लेते हैं, ऐसी अवस्था में इन पर हमला करना बेहद दर्दनाक हो सकता है। खतरे की अन्य स्थिति में ये अपने तीखे पंजों से जमीन खोदकर अंदर घुस जाते हैं और अपनी खाल बाहर छोड़ देते हैं और प्राकृतिक शिकारियों से बच जाते हैं। लेकिन अब इन्हें वाहनों से टक्कर, आवास विनाश व अंधाधुंध शिकार से खतरा है। अपने प्राकृतिक आवास के लिए ये जीव बेहद महत्वपूर्ण हैं। जब ये कीड़े खाने के लिए जमीन खोदते हैं तो मिट्टी के ऑर्गैनिक पदार्थों को ऊपर -नीचे कर देते हैं, जिससे जमीन के अंदर पानी जाने में मदद मिलती है।

# सचिन पायलट की दिल्ली में लम्बी व विस्तार से बातचीत हुई वेणुगोपाल से

## जानकार सूत्रों का मानना है, यह बातचीत उस बैठक के संदर्भ में है, जो राहुल की विदेश यात्रा पर रवाना होने से पूर्व खड़गे के निवास पर हुई थी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। सचिन पायलट की कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल के साथ लम्बी और विस्तृत बैठक हुई, क्योंकि पार्टी राजस्थान में परस्पर विरोधी नेताओं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच एक संभावित पुनर्मेल के रोड मैप पर काम कर रही है।

- वेणु गोपाल ने खड़गे के निवास पर पायलट व गहलोत का हाथ पकड़ कर ऊँचा किया था तथा प्रेस के सामने घोषणा की थी कि, दोनों नेताओं, पायलट व गहलोत, में समझौता हो गया है और दोनों मिलकर काम करेंगे और पार्टी को विजयी बनायेंगे राजस्थान में। पर, समझौते का कोई रोड मैप तैयार नहीं हुआ था।
- गुरूवार को वेणुगोपाल व सचिन की मुलाकात इस रोड मैप को परिभाषित करने के दिशा में एक कदम है।
- राहुल गुरूवार को देर रात को विदेश यात्रा से लौटकर अगले दिन विपक्ष के नेताओं के समागम में भाग लेने पटना चले जायेंगे, खड़गे के साथ।
- पटना से लौटकर हाई कमान की पहली प्राथमिकता राजस्थान में पार्टी की राजनीतिक समस्या को सुलझाना है। पर, पायलट अपनी मांगों से पीछे हटने के लिये तैयार नहीं तथा मु.मंत्री शर्तों को पूरा करने की स्थिति में नहीं, तो क्या समाधान होगा?

सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच की यह मुलाकात पूर्व में पायलट की राहुल गांधी और खड़गे से हुई मीटिंग का फॉलोअप है। उक्त बैठक में वेणुगोपाल ने घोषणा की थी कि राजस्थान में कांग्रेस को चुनाव जितवाने के लिए ये अशोक गहलोत व पायलट मिलकर काम करेंगे और सभी मसले सुलझा लिए जाएंगे।

उसी रात राहुल गांधी विदेश यात्रा पर रवाना हो गए थे। उनके आप देर रात स्वदेश लौटने की संभावना है।

पटना में कल विपक्षी दलों की बैठक हो रही है। इसके बाद राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे के अशोक गहलोत व सचिन पायलट से मिलने की संभावना है ताकि मौजूदा राजनैतिक गतिरोध का हल निकल सके।

वेणुगोपाल के साथ मुलाकात को वार्ता बहाल करने की और पार्टी नेताओं में एकजुटता सुनिश्चित करने की दिश में एक कदम माना जा रहा है ताकि नेता साथ मिलकर काम करें।

रोचक बात है कि सचिन पायलट अपनी तीनों मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं है और अशोक गहलोत इन मांगों को मानने की स्थिति में नहीं है क्योंकि वे वसुंधरा राजे से मिले हुए है जो उनकी ''बैस्ट फ्रैंड'' हैं। अब सवाल है कि क्या गहलोत अंतत वो करने पर सहमत होंगे, जो वे लम्बे समय से टालते आ रहे हैं।

# पटना सम्मेलन में एक प्रमुख मुद्दा, विपक्ष के नेताओं पर ई.डी., सी.बी.आई., इन्कम टैक्स की ''रेड'' भी होगा

## जैसा कि, 14 विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, 95 प्रतिशत रेड विपक्ष के नेताओं के घर व ठिकानों पर ही होती है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। विपक्षी दलों की 23 जून को पटना में होने वाली मीटिंग का एजेंडा काफी लम्बा है। कई मुद्दे है, जिनमें एक मुख्य मुद्दा है विपक्षी नेताओं पर केन्द्रीय एजेन्सियों ई.डी., सी.बी.आई. एवं आयकर विभाग आदि का कसता शिकंजा। विपक्षी दलों के कई प्रमुख नेता है जिन पर केन्द्रीय एजेंसियां कार्यवाही कर चुकी हैं।

- कांग्रेस, शिव सेना (उद्धव ठाकरे ग्रुप) शरद पवार की एन.सी.पी., आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डी.एम.के., आर.जे.डी., सपा के प्रमुख नेता को सैन्ट्रल इन्टैलीजैंस एजेंसियों द्वारा अपने लपेटे में लिया जा चुका है। पर, यह मेहरबानी विपक्ष के नेताओं के प्रति ही क्यों?

बिहारी के मुख्यमंत्री 23 जून को पटना में लगभग 20 विपक्षी पार्टियों के नेताओं का स्वागत करेंगे। यह मीटिंग लोकसभा चुनाव को भाजपा और विपक्ष के बीच आमने-सामने का मुकाबला बना देगी।

14 विपक्षी दलों ने इस वर्ष मार्च में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी कि ई.डी., सी.बी.आई. और आई.टी. द्वारा दर्ज केसों में से लगभग 25 प्रतिशत विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं।

पटना मीटिंग में भाग लेते आ रहे अधिकांश नेताओं के खिलाफ जांच हो चुकी या उन पर रेड पड़ चुकी है। जिन प्रमुख नेताओं के खिलाफ एजेंसियां एक्शन ले चुकी है। उनके कांग्रेस के राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रमुख हैं। तीनों पर नैशनल हैरल्ड के मामले में ई.डी. ने शिकंजा कस रखा है। कांग्रेस के ही पी. चिदम्बरम व उनके पुत्र कार्ती चिदम्बरम के खिलाफ आई.एन.एक्स. मीडिया और एयरसेल मैक्सी केस में ई.डी. व सी.बी.आई. जांच कर रही है और वे जेल भी जा चुके हैं। उनके पुत्र कार्ती पर चीनी कामगारों को अवैध रूप से वीज़ा दिलवाने के और 50 लाख रूपए रिश्वत लेने का आरोप है।

शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के संजय राउत व उनकी पत्नी मनी लॉण्डरिंग केस और मुम्बई के गोरेगांव की पात्रा चाल घोटाले में आरोपी हैं। राउत को ई.डी. ने गिरफ्तार किया था वे जमानत पर हैं। ठाकरे परिवार के करीबी व्यक्ति परा भी ई.डी. ने मनी लॉण्डरिंग केस में रेड की है। शिव सेना सरकार में मंत्री रहे अनिल परब पर भी ई.डी. मनी लॉण्डरिंग केस में रेड की है।

एन.सी.पी. नेता शरद पवार भी मनी लॉण्डरिंग केस में ई.डी. के रडार पर हैं, पर अभी तक उन्हें ई.डी. के समक्ष उपस्थित होने के लिए नहीं कहा गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# 31 जुलाई तक भरा जा सकेगा व्यक्तिगत आयकर रिटर्न

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। आयकर विभाग ने 2022-2023 के लिए विभिन्न श्रेणियों में करदाताओं द्वारा इन्कम टैक्स रिटर्न (आई.टी.आर.) फाइल करने की अंतिम तिथि की घोषणा कर दी है। विभाग ने आई.टी.आर. से संबंधित कुछ फार्म भी जारी किए हैं।

- इनकम टैक्स विभाग ने कहा, जिनके एकाउन्ट्स की ऑडिट की जरूरत नहीं वे 31 जुलाई तक और जिनके एकाउन्ट्स की ऑडिट की जरूरत है वे 31 अक्टूबर तक आयकर रिटर्न भर सकेंगे।

तीन लाख के ऊपर वार्षिक आय वालों को इन्कम टैक्स रिटर्न फाइल करना चाहिए। कॉरपोरेट कंपनियाँ भी समय से पहले फॉर्म-16 जारी कर रही हैं, ताकि उनके कर्मचारी समय पर आई.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आर.एस.एस./भाजपा का मुस्लिम वोटर को लुभाने का सुनियोजित प्लान

## संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हाल ही में एक किताब के विमोचन समारोह में देश के नागरिकों में ''भारतीयता'' की बात कही

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। 2024 के संसदीय चुनावों से पहले, मुस्लिमों तक पहुँचने की अपनी स्पष्ट योजना के अन्तर्गत, आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत ने भारतीय समाज -व्यवस्था में एकता की आवश्यकता बताई है। उन्होंने अंदरुनी दुश्मनी पैदा करके संकट पैदा करने का दोष ''राक्षसी तथा बाहरी ताकतों'' के सिर पर मढ़ दिया।

- भाजपा ने मुसलमानों में ''मोदी मित्र'' सर्टिफिकेट बांटे तथा मोदी मित्रों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में आयोजित करने के कार्यक्रम की घोषणा की। सम्मेलन को प्र.मंत्री मोदी भी संबोधित करेंगे।
- भाजपा ने पसमन्दा मुसलमानों को प्रोत्साहित करने के लिये यू.पी. के नगर पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में 32 मिनट पसमन्दा मुसलमानों को दिये, जिसमें पांच उम्मीदवार जीते भी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, यू.पी. के स्थानीय निकाय चुनाव में जिन मुसलमानों को भाजाप ने टिकट दिये, उनमें से नब्बे प्रतिशत पसमन्दा थे।

एक अनुमान के अनुसार, 10 राज्यों तथा एक केन्द्र शासित प्रदेश के कुल 6 लोकसभा क्षेत्रों में अल्पसंख्य मुस्लिमों की जनसंख्या लगभग 30 प्रतिशत है। जहाँ 2019 के लोकसभा चुनावों में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण पर आधारित मतदान की स्थिति ने बहुसंख्यक हिन्दू वोटों को भाजपा के पक्ष में एकजुट कर देने में मदद की थी, वहीं अब भगवा खेमा साफतौर पर, अपने चुनावी आधार को बढ़ाने के लिये अपनी पूर्ववर्ती रणनीति में एकाएक बदलाव ला रहा है। भगवा खेमा खासतौर से दक्षिण भारत तथा पूर्वोत्तर के राज्यों में ऐसा करने जा रहा है।

धार्मिक स्थलों के स्वामित्व से सम्बंधित विवादों तथा नफरतजनित अपराधों की पृष्ठभूमि के विरुद्ध भागवत, इसके साथ ही, एक समावेशी एजेंडा की दिशा में काम कर रहे हैं तथा सभी समुदायों के लोगों की ''भारतीयता'' पर जोर दे रहे हैं तथा इसके लिये मदरसों में जाने तथा मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ मीटिंग करने पर जोर दिया जा रहा है। भागवत ने मंगलवार को एक पुस्तक के विमोचन समारोह में कहा, ''कुछ देश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोविड का एक घोटाला सामने आया महाराष्ट्र में

मुंबई 22 जून। एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने गुरुवार को कोविड जम्बो केंद्र घोटाला मामले में बयान दर्ज कराने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकार संजीव जायसवाल को बलार्ड एस्टेट कार्यालय में तलब किया। कोविड महामारी के दौरान जायसवाल वृहंमुंबई नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त थे। इन्हीं के कार्यकाल के दौरान महा विकास अघाड़ी के शासनकाल में शिव सेना के नेताओं के करीबियों को उच्च दर पर ठेके दिए गए थे।

- ई.डी. ने कोविडग्रस्त शवों रखने के लिए इस्तेमाल हुये बैग्स की खरीद-फरोख्त में हुये घोटाले के लिए वरिष्ठ आई.ए.एस अधिकारी संजीव जायसवाल को तलब किया।

जायसवाल मौजूदा समय में महाराष्ट्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'क्या ज्यादा महत्वपूर्ण, दिल्ली के प्रशासनिक तंत्र पर नियंत्रण या भाजपा को हराना?'

## केजरीवाल ने विपक्ष के पटना समागम को बायकॉट करने की धमकी दी, अगर सम्मेलन से पहले कांग्रेस ने केन्द्रीय सरकार के अध्यादेश का संसद में विरोध करने का वचन नहीं दिया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 जून। दिल्ली के मुख्यमंत्री विपक्षी एकता को क्षति पहुंचाने वाले प्रमुख व्यक्ति की भूमिका के लिये पूरी तरह से तैयार है। आप ने आज ऐसे पर्याप्त संकेत दे दिये कि अगर कांग्रेस ने केन्द्र के अध्यादेश के खिलाफ आप का समर्थन करने का वादा नहीं किया तो वह (आप) पटना में शुक्रवार को होने वाली विपक्षी नेताओं की बैठक से वॉक-आउट कर जायेगी। ज्ञातव्य है कि सन्दर्भित अध्यादेश दिल्ली की प्रशासनिक सेवायें केन्द्र को नियंत्रण में रखे जाने के लिये लागू किया गया है।

आप की यह कार्यवाही भारत के बिखरे हुये विपक्ष की एकता के प्रयासों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव से जुड़ी रणनीतियों की गाड़ी को पटरी से उतारने का खतरा पैदा कर सकती है।

- केजरीवाल की धमकी से विपक्ष के सम्मेलन के प्रति जोश में कुछ कमी आयी।
- कांग्रेस संभवतया, वैसे ही अपने ''आइडियोलॉजिकल'' कारणों से (सैद्धांतिक सोच के कारण) विरोध करती संसद में। पर, कांग्रेस यह विरोध अपने सोच व समय के अनुसार करना चाहेगी, न कि, केजरीवाल के दबाव के कारण। और वैसे भी अभी संसद के मानसून सत्र की तो, तारीखें ही निश्चित नहीं हुई हैं।
- यू.पी. से सम्मेलन में भाग लेने वाली अब एक ही पार्टी बची है, क्योंकि मायावती को आमंत्रित नहीं किया गया और आर.एल.डी. के नेता जयंत पटना नहीं पहुंच रहे, क्योंकि, उनके घर के पारिवारिक आयोजन में उनकी उपस्थिति पूर्व निश्चित थी।

बिहार के मुख्यमंत्री तथा जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों की यह मीटिंग 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिये संयुक्त रणनीति की रूपरेखा बनाने के उद्देश्य से बुलाई है। आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविन्द केजरीवाल भी इस मीटिंग में उपस्थित होने वाले हैं।

केजरीवाल के एक नजदीकी सूत्र ने गुरूवार को कहा, ''अगर कांग्रेस अध्यादेश के खिलाफ (आप के) समर्थन का वादा नहीं करती है तो उनकी पार्टी मीटिंग से वाक आउट कर जायेंगे।''

अरविन्द केजरीवाल ने मंगलवार को यह आशा व्यक्त की थी कि कांग्रेस पटना में होने वाली गैर भाजपा दलों की मीटिंग में केन्द्र के उस अध्यादेश को लेकर अपना रूख स्पष्ट कर देगी, जो राष्ट्रीय राजधानी की प्रशासनिक सेवाओं को केन्द्र के नियंत्रण में रखने के लिये लाया गया है।

एक नेता ने कहा कि विपक्ष की एकता को लेकर केजरीवाल का सोच ''माइ वे और हाइवे'' जैसा है क्योंकि वे सोचते हैं कि अध्यादेश का मुद्दा भाजपा को हराने के लिये विपक्ष की एकता से बड़ा है।

एक नेता ने कहा कि एक तरफ तो केजरीवाल राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और उत्तराखंड में कांग्रेस को कमजोर करना चाहते हैं तथा दूसरी तरफ वे यह अपेक्षा करते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी उनकी मांग के आगे घुटने टेक दे। उक्त नेता ने आगे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# के.सी. वेणुगोपाल जयपुर में

जयपुर, 22 जून (का.प्र.)। कांग्रेस के संगठन महासचिव और राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य के.सी. वेणुगोपाल गुरुवार देर शाम जयपुर पहुंचे। जयपुर एयरपोर्ट पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

- कांग्रेस के संगठन महासचिव व राजस्थान से राज्यसभा सदस्य वेणु गोपाल राज्य के पी.डब्ल्यु.डी. मंत्री भजनलाल जाटव की पुत्री की शादी में शामिल होने जयपुर आए हैं।

के.सी. वेणुगोपाल राज्य के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (पी.डब्ल्यू.डी.) के मंत्री भजन लाल जाटव की पुत्री की शादी में शामिल होने और वर वधु को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# हमने संविधान के अनुच्छेद 44 को 73 वर्षों के उपरान्त भी नहीं समझा

संविधान सभा में निदेशक तत्वों पर बोलते हुये डा. अम्बेडकर ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा था कि निदेशक तत्वों का आशय यह है कि भविष्य में विधायिका तथा कार्यपालिका दोनों ही इन तत्वों के प्रति केवल पूजनीय घोषणायें बनकर ही न रह जावें, बल्कि इन्हें कार्यपालिका तथा विधायिका के सभी कार्यों का आधार बना दिया जो इसके बाद देश में शासन के मामले में किये जावें।

निदेशक तत्व संविधान के प्रभावी भाग हैं न्यायमूर्ति के.एस. हेगडे.ने कहा है कि संविधान चाहता है कि उद्देशिका में निर्धारित लोकतंत्रात्मक कल्याणकारी राज्य के आदर्शों को प्राप्त किया जावे। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि संविधान का लक्ष्य एक ऐसे कल्याणकारी समाज का निर्माण करना है जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय हमारी राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को अनुप्राणित करे।

संविधान उद्देशिका में देश के लोगों ने वचन दिया है कि राज्य सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय देगा। संविधान में राजनैतिक न्याय का उल्लेख कर उन्हें मूल अधिकार दिये जो संविधान के भाग 3 में हैं और सामाजिक आर्थिक न्याय देने के कर्त्तव्य का उल्लेख भाग 4 में । यहा प्रश्न यह है कि क्या अनुच्छेद 37 के आधार पर राज्य न्याय देने से मना कर सकता है? उत्तर होगा नहीं अर्थात् राज्य कर्त्तव्य व जनता के अधिकारों में बाधायें खडी नहीं कर सकता।

हम यदि इन अधिकारों व कर्त्तव्यों की समालोचना करें तो 72 वर्ष की आजादी के बाद भी अनुच्छेद 44 को लागू नहीं करना, राज्य की उदासीनता ही कही जावेगी।

सन 1966 की राजनैतिक संधि भी यही निर्देशन देती है कि तीनों प्रकार के न्याय जनता को मिलने चाहिये। यह भी स्पष्ट हो चुका है मूल अधिकार व नीति निदेशक तत्वों में नागरिकों के अधिकार व राज्य के कर्त्तव्य ही हैं ये सब मानव अधिकार हैं। अतः प्रवर्तनशील हैं और एक देश एक कानून के सिद्धान्त को मानते हुये समान नागरिक संहिता लागू करना राज्य का दायित्व है।

संविधान को प्रारूपण समिति ने बनाया है जिसके अध्यक्ष डा. अम्बेडकर थे। इसे 26.1.1950 को लागू किया। समान नागरिक संहिता का उल्लेख अनुच्छेद 44 में आता है। कई दिनों तक इस अनुच्छेद पर बहस होने के बाद अनुच्छेद 44 को अन्य अनुच्छेदों के साथ भारत का संविधान बना। अनुच्छेद 44 में कहा गया, नगारिकों के लिए एक समान सिविल संहिता होगी। इसके अस्तित्व के बाबत अब प्रश्न करना, अर्थहीन है। अतः जनता की राय जानना उचित नहीं है। हम संविधान को पुनः नहीं लिख सकते।

अनुच्छेद 44 संविधान का अभिन्न अंग है। संविधान का संशोधन अनुच्छेद 368 के अनुसार होगा किन्तु संविधान के बेसिक प्रावधान (Features) को संशोधित नहीं किया जा सकता। अनुच्छेद 44 का संशोधन नहीं हो सकता। इसे संविधान सभा में बहस के उपरान्त पारित किया गया था और 26.1.1950 से इसी रूप में संविधान का भाग है। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कई रिट याचिकायें पेश हो चुकी हैं जिनमें एक ही प्रश्न मुस्लिम भाईयों की ओर से उठाया गया था कि अनुच्देद 44 अनुच्छेद 37 के कारण प्रवर्तनीय नहीं है। मुस्लिम पक्ष द्वारा यह आवाज उठाई गई कि समान नागरिक संहिता उनके धर्म, कुरान व शरियत के विरूद्ध है अतः उन्हें मान्य नहीं है। मुस्लिम भाईयों का यह भी कहना है कि अनुच्छेद 44, अनुच्छेद 25 तथा उनके रिवाजों में हस्तक्षेप है। आजादी से पूर्व अंग्रेजों के काल में समान नागरिक संहिता जैसा कानून नहीं था। अखण्ड भारत के समय जब सिन्ध भारत का अंग था, उस समय वहां मुसलमानों पर हिन्दू सक्सेशन एक्ट लागू था।

26.1.1950 के बाद मुस्लिम भाईयों ने अनुच्छेद 44 को संशोधित करने अथवा समाप्त करने के हेतु कोई कार्यवाही सुप्रीम कोर्ट में नहीं की। समान नागरिक संहिता के विषयों में तलाक, विवाह, निर्वाह भत्ता, गोद व उत्तराधिकार के विषय आते हैं।

ट्रिपल तलाक के विषय में सुप्रीम कोर्ट ने उसे संविधान के विरूद्ध माना है और मुसलमानों ने इसको शरियत के अनुसार मानकर धर्म में दखल कहा है। इस केस में अनुच्छेद 25 पर विशद विवेचन है।

**संविधान चाहता है कि उद्देशिका में निर्धारित लोकतंत्रात्मक कल्याणकारी राज्य के आदर्शों को प्राप्त किया जावे। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि संविधान का लक्ष्य एक ऐसे कल्याणकारी समाज का निर्माण करना है जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय हमारी राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को अनुप्राणित करे।**

भारतीय दण्ड संहिता द्वारा मुसलमानों के दण्ड के कानून में दखल किया है। मुस्लिम कानून में (शरियत) चोरी करने वाले व्यक्ति को हाथ काटने की सजा है जबकि भारतीय दण्ड संहिता में जेल की सजा है। अतः यह उचित होगा कि अभियुक्त से यह पूछा जावे कि उसे सजा भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार दी जावे या धर्म (शरियत) के अनुसार।

सन 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के केस में तथा श्रीमती जोर्डन डेंग के विवाद में समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की है और इनके 10 वर्ष बाद भी इसे सरला मुदगल के केस में दोहराया है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक कानून में कोई संबंध नहीं है। बहुविवाह लोक नीति के विरूद्ध है।

देश में गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है और उत्तराखण्ड भी इस ओर बढ़ रहा है।

विधि आयोग व विधि आयोग के अध्यक्ष ने अलग-अलग विचार अभिव्यक्त किये हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश व विधि आयोग के चेयरमेन गजेन्द्र गडकर ने विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में कहा था, 'अनुच्छेद 44 को लागू न करना भारतीय डेमोक्रेसी की असफलता है।' जस्टिस छागला ने कहा कि 'अनुच्छेद 44 को बाध्यकारी मानना चाहिये।'

देश सेक्यूलर है अतः समान नागरिक संहिता का संविधान में प्रावधान उचित है। समान नागरिक संहिता कई देशों में है। ब्रिटेन, फ्रान्स, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, गोवा, आयारलैंड, बंगलादेश, मलेशिया, तुर्की, इण्डोनेशिया, सूडान, मिस्र, पाकिस्तान आदि देश में यह समान नागरिक संहिता लागू है।

हर धर्म, जाति के लिये यह कानून है, कई मुस्लिम देशों में भी यह लागू है। बंग्लादेश, पाकिस्तान तो कभी भारत के ही अंग थे वहां भी यह लागू है। इससे पुरूष व महिला दोनों को तलाक का अधिकार मिलेगा। शादी की उम्र बढेगी, जिसके कारण महिला शादी से पूर्व ग्रेजूवेट हो सकेगी। समान नागरिक संहिता लागू होने से ऐसे सभी कानून समाप्त हो जावेंगे जिसमें लैंगिक पक्षपात दिखाई देता है। जब मुस्लिम देशों में यह सफलता के साथ लागू है कि भारत में इसका विरोध क्यों हो? कई कानूनों का सरलीकरण होगा और विवादों में समझौता हो सकेगा बहुविवाह रूकेगा।

विधि आयोग ने 31.8.2018 में फेमिली कानून में सुधार के हेतु एक Consultation Paper भेजा था। विधि आयोग ने अपनी अधूरी रिपोर्ट में कहा, Formulation of a Uniform Civil Code (UCC) is neither necessary nor desirable at this stage] चूंकि तीन वर्ष से अधिक होने के बाद भी विषय पर कोई काम नहीं हो सकता यद्यपि हित रखने वाले सभी लोगों को प्रश्नावली भेजी थी। इस कार्य में तीन वर्ष का समय हो चुका था अतः 22वें लॉ कमीशन ने पुनः प्रश्नावली भेजी हैं और 30 दिन में उत्तर, रिप्रेजेन्टेशन, अपील आदि भेजने को लिखा है। इसके अतिरिक्त Woring Paper भी भेजा जा सकता है। विधि आयोग ने निम्न पते पर अपना उत्तर भेजने का आग्रह किया है:–

Member Secretary, Law Commission of India, 4th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi 110003

लॉ कमीशन ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिये भी लिखा था।

यहां यह लिखना समीचीन होगा कि द्वितीय विधि कमीशन पुनः सुनवाई की कार्यवाही करेगा ऐसा उनकी विज्ञप्ति/आदेश दिनांक 14.06.2023 से मालूम होता है कि सुनवाई पूर्ववर्ती विषय पर ही होगी Formulation of a Uniform Civil Code (UCC) is neither necessary nor desirable at this stage-

लॉ कमीशन की दोनों रिपोर्टस (Reports) न तो रेफरेंस के अनुरूप हैं और न आदेश हैं। उनकी इग्ह्गु का कोई आधार भी नहीं है। वह अवैध व अधिकर शून्य है। न तो ये कमीशन को रिपोर्ट हैं और न निर्णय ही। चूंकि विधानसभा ने अनुच्छेद 44 को पारित किया है अतः यह कहना कि यूसीसी की न तो आवश्यकता है और न कोई औचित्य।


इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजाखान ने यह राय दी है कि यूसीसी लागू करना भाजपा के लिये चुनाव जीतने का एक टूल है वहीं मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा है कि समान नागरिक संहिता गैरजरूरी, अव्यावहारिक और देश के लिए हानिकारक है।

लेखक ने समान नागरिक संहिता पर शायद 4-5 लेख लिखे हैं। प्रत्येक लेख में नवीनता लाने का प्रयास है।

लेखक का अपना विचार है कि अनुच्छेद 44 यद्यपि संविधान के भाग 4 का एक अभिन्न अंग है और अनुच्छेद 37 के होते हुये भी प्रवर्तनीय हैं क्योंकि भाग 4 के विषयों पर कई कानून बन चुके हैं जो देश के शासन में मूलभूत है, अतः तत्वों को लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है। अनुच्छेद 44 संविधान कॉ ग्म ईूंलि है अतः इसे संशोधित नहीं किया जा सकता और न इसे संविधान से हटाया जा सकता है। चूंकि लॉ कमीशन ने अपनी प्रश्नावली भेज दी है अतः हित रखने वालों को अपना पक्ष रखना चाहिये साथ ही लॉ कमीशन के अधिकार क्षेत्र को भी चुनौती देना चाहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# 26 घण्टे अखण्ड सूर्य नमस्कार करके आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने कीर्तिमान बनाया



जोधपुर के घण्टाघर पर 26 घण्टों तक सर्वाधिक अवधि का निरन्तर अखण्ड सूर्य नमस्कार करके विश्व कीर्तिमान रचा गया।

**जोधपुर,** (कासं)। "कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं होता, कोई तबीयत से पत्थर तो उछालो यारों" की कहावत चरितार्थ की है, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर ने अखण्ड सूर्य नमस्कार का विश्व कीर्तिमान स्थापित करके।

9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से आयुर्वेद विश्वविद्यालय के उत्साही और संकल्पबद्ध शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा जोधपुर शहर के हृदय-स्थल घण्टाघर पर 26 घण्टों तक सर्वाधिक अवधि का निरन्तर अखण्ड सूर्यनमस्कार करके आज विश्व कीर्तिमान रचा गया है। कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा

> ■ **21 जून प्रातः से प्रारंभ हुआ अखण्ड सूर्य नमस्कार 26 घण्टों तक सर्वाधिक अवधि तक निरन्तर जारी रहा**

से बुधवार को प्रातः 8.30 बजे से घण्टाघर पर आरंभ हुये अखण्ड सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का गुरूवार को प्रातः 10.30 बजे समारोहपूर्वक समापन हुआ।

समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा संगीता बेनीवाल ने समारोह को संबोधित करते हुये विश्वविद्यालय द्वारा संचालित लोकप्रिय कार्यक्रमों स्वर्णप्राशन, पंचकर्म, क्षारसूत्र एवं योग की प्रशंसा करते हुये आज अखण्ड सूर्यनमस्कार के विश्व कीर्तिमान रचने के लिये विश्वविद्यालय को बधाई दी। ट्रैफिक पुलिस अधिकारी निशा भटनागर समारोह की विशिष्ट अतिथि थी। कार्यक्रम के प्रांरभ में कुलसचिव सीमा कविया एवं प्राचार्य प्रो. महेन्द्र शर्मा ने अतिथिगण का साफा एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने सर्वाधिक अवधि अखण्ड सूर्यनमस्कार का विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ जोधपुर की जनता को बधाई दी।

कुलपति प्रो. प्रजापति ने योग प्रभारी एवं सूर्यनमस्कार कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. चन्द्रभान शर्मा एवं कार्यक्रम में सहभागी बने डाबर इंडिया लिमिटेड के अधिकारी प्रहलाद राय को समारोह में सम्मानित किया। समारोह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये योग प्रभारी डॉ. चन्द्रभान शर्मा ने बताया कि घण्टाघर में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त राज्य की सभी 40 आयुष महाविद्यालयों तथा विद्याभारती से जुडी विद्यालयों के लगभग 9000 हजार छात्र-छात्राओं ने भी सूर्यनमस्कार करते हुए वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की।

उन्होंने बताया कि शहर के योग विशेषज्ञों चेतन प्रकाश सेन, प्रेमरतन सोतवाल, रमेश चन्द्र शर्मा, मंगलाराम आदि ने घण्टाघर पर आकर संभागियों का उत्साहवर्धन किया। डीन रिसर्च एवं मीडिया प्रभारी प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास ने बताया कि इस कीर्तिमान के आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शहर के योगसाधकों एवं विदेशी पर्यटकों सहित लगभग 200 व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. महेन्द्र शर्मा, डीन रिसर्च प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजाराम अग्रवाल, डीन एकेडमिक डॉ. राजेश कुमार शर्मा, चीफ वार्डन प्रो. चन्दनसिंह, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. प्रमोद मिश्रा, शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश गुप्ता, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डा. ए. नीलिमा, रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. गोविन्द गुप्ता, स्वस्थवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा, मौलिक सिद्धान्त विभागाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र चाहर, मानव संसाधन विकास केन्द्र के निदेशक डा. राकेश शर्मा, फार्मेसी निदेशक डा. विजयपाल त्यागी, पंचकर्म विभागाध्यक्ष डा. ज्ञानप्रकाश शर्मा, अगद तंत्र विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु कपूर, पंचकर्म विशेषज्ञ प्रो. महेश शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. अरूण दाधीच, डॉ. श्योराम शर्मा, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. मनीषा गोयल, डॉ. दिनेश राय, डॉ. गजेन्द्र दुबे तथा सहायक प्रोफेसर्स डॉ. राजीव सोनी, डॉ. अशोक यादव, डॉ. नवनीत दाधीच, डॉ. पूजा पारिक, डॉ. भानू प्रिया, डॉ. प्रियंका इनाणिया, डॉ. हेमन्त राजपुरोहित डॉ. अवधेश, होम्योपेथी प्राचार्य डा. गौरव नागर, डॉ. राजीव खन्ना, डॉ. राजेश कुमावत, डॉ. नरेन पटवा, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, डॉ. यशस्वी तथा योग प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. धन्या सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण सहित स्नाश्रकोतर तथा पी एच डी अध्येतागण उपस्थित थे। कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया ने सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, मीडिया तथा जोधपुर की जनता का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास तथा डॉ. दिनेश शर्मा ने किया।

# मॉडिफाईड गाड़ी से 1111 दिन की यात्रा पर निकले मेहता दंपती जालोर पहुंचे



1111 दिन की यात्रा पर निकले मेहता दम्पती जालोर पहुंचे।

**जालोर,** (कासं) जयपुर के एक दम्पती अपना शोक पूरा करने के लिए पूरे भारत घूमने के लिए 1111 दिन की यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के लिए इन्होंने गाड़ी मॉडीफाई करवाई, ताकि होटल की जरूरत यात्रा के दौरान नहीं पड़े।

जयपुर निवासी 64 वर्षीय अनिल मेहता अपनी 57 वर्षीय पत्नी गीता के साथ 1111 दिन के लिए पूरे भारत की यात्रा पर निकले हैं। अनिल बताते हैं उन्हे घूमने का शोक है। इसलिए वे अक्सर ट्रेवल करने निकले जाते हैं। लेकिन शोक के चलते इस बार उन्होने कुछ अलग करने की सोची। वे अपनी पत्नी के साथ पूरे 1111 दिन भारत के विभिन्न हिस्सों में बितायेंगे। 23 अप्रैल को उन्होंने अपने सफर की शुरूआत की थी। खास बात यह है कि वे इस दौरान किसी होटल में नहीं ठहरेंगे। वे जयपुर से गोवर्धन, मथुरा, मुरादाबाद, कुमाउ, दिल्ली, अजमेर, पुष्कर, बुटाटी, जोधपुर होते हुए जालोर पहुंचे हैं। दम्पती ने होटल में नही ठहरने के लिए एक गाडी को मॉडीफाई करवाई। करीब डेढ लाख रूपये से 37 दिन में उनकी गाडी इस टूर के लिए तैयार की गई है। उन्होंने अपनी गाड़ी को इस तरह मॉडीफाई करवाया कि गाडी में ही बेड लगा है। जहां वे आराम करते हैं। गाडी में बैड़ की सुविधा के अलावा खाना बनाने के लिए एक छोटा कीचन भी है। साथ ही उन्होंने सोलर प्लेट लगवाई है। जिससे जरूरी कार्य के लिए उन्हें बिजली मिल सके। गाडी में एक टायलेट भी है व उनके पास हमेशा पानी का स्टोरेज भी रहता है। मेहता दम्पती 1111 दिन का टूर कर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज करवाना चाहते हैं।

> ■ **23 अप्रैल को अपने सफर की शुरूआत की थी, खास बात यह है कि वे इस दौरान किसी होटल में नहीं ठहरेंगे**
>
> ■ **मेहता दम्पती 1111 दिन का टूर कर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज करवाना चाहते हैं**

# उमस और गर्मी से उल्टी, दस्त और बुखार के मरीज बढ़े


अस्पताल में मरीज को देखते चिकित्सक।

**पावटा,** (निसं)। गर्मी और उसम का लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा व निजी अस्पतालों की ओपीडी में उल्टी, दस्त, बुखार, सांस रोग, खून की कमी, लीवर में पानी की कमी के मरीजों की संख्या बढ़ी है।

अस्पताल में पहले फिजिशियन से जांच करने के लिए करीब 450 तक मरीज पहुंचते थे लेकिन यह संख्या अब बढ़कर लगभग 650 से अधिक हो चुकी है। उमस के कारण अब लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। जांच करवाने के लिए सुबह से ही मरीजों की अस्पतालों में लंबी कतार लगना शुरू हो जाती है। अस्पताल की ओपीडी में अब फिजिशियन के पास ही सबसे अधिक मरीज जांच करवाने के लिए कतार में लगे हुए दिखाई देते हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा प्रभारी देवेंद्र शर्मा, डॉ. अशोक बाज्या व गुप्ता हॉस्पिटल से डॉ. रवि अंजली गुप्ता, एसजीएन हॉस्पिटल निदेशक डॉ. जय राम यादव, डॉ. दर्शन परिधा, मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल से डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया कि मौसम में बदलाव के बाद ओपीडी में पहले से मरीजों की संख्या बढी है। गर्मी के कारण उल्टी, दस्त और बुखार के मरीज अधिक आ रहे हैं।

गर्मी से बचाव करें व पेय पदार्थों का अधिक सेवन कर खुद को लोग स्वस्थ रखें। मरीजों को गर्मी से बचाव के लिए धूप में कम से कम बाहर निकलें, गर्मी में अधिक से अधिक पानी का सेवन करें, जूस, नींबू पानी, शिकंजी व अन्य पेय पदार्थों का अधिक सेवन करें, तले और फास्ट फूड का सेवन न करें, पेट दर्द, सिर दर्द व अन्य किसी तरह की दिक्कत आती है तो डॉक्टर की सलाह लेने की बात कहीं।

> ■ **अस्पताल में पहले करीब 450 तक मरीज पहुंचते थे लेकिन यह संख्या 650 से अधिक हुई**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 23 जून, 2023


आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, मघा नक्षत्र शनिवार प्रातः 7:18 तक, वज्र योग रात्रि 4:31 तक, बव करण प्रातः 6:41 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज कुमार योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज स्कन्ध पंचमी, द्वारकाधीश पाटोत्सव, सांई टैऊँराम जयन्ती, हेरा पंचमी है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:21 तक, लाभ-अमृत 7:21 से 10:46 तक, शुभ 12:29 से 2:12 तक, चर 5:37 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:20


#### मेष

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।


#### वृष

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।


#### मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।


#### कर्क

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।


#### सिंह

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।


#### कन्या

आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिके कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।


#### तुला

परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

#### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

#### धनु

धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

#### मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

#### कुंभ

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

#### मीन

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# सरकार के घोटालों की एफ.आई.आर.कराने की मांग कर रहे सांसद किरोड़ी मीणा को गिरफ्तार किया

**जयपुर।** गहलोत सरकार के जलदाय विभाग में 20 हज़ार करोड़ व खान विभाग में 66 हज़ार करोड़ रुपए के खनन घोटाले का गंभीर आरोप लगाकर घोटालों की एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर दो दिन से धरने पर बैठे सांसद किरोड़ी लाल मीणा को आज सुबह अशोक नगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया।

इसके पहले सांसद मीणा करीब 1 घंटे थाने के समीप ही सड़क पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस ने समझाइश की। बाद में पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर चाकसू थाने ले गई। इस दौरान चाकसू थाने के बाहर सांसद मीणा के सैकड़ों समर्थक इकट्ठा हो गए जिन्होंने गहलोत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान चाकसू थाने में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी पहुंचे। इस दौरान सांसद मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पुलिस मेरी आवाज को दबा नहीं सकती। मीणा ने कहा कि सरकार में हुए घोटालों के लिए पहले भी लड़ा था, अभी भी लड़ रहा हूं और आगे भी लडूंगा।

सांसद मीणा ने कहा कि मैं भ्रष्टाचार के मामले को लेकर अशोक नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार दावा करती है कि हम परिवादी की तुरंत एफआईआर दर्ज करते हैं लेकिन सीएम गहलोत ने एफ आई आर दर्ज करावाने की बजाय धरना स्थल से गिरफ्तार करवा लिया। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने चाकसू थाने पहुंचकर कहा कि शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्रा को इस अन्याय के ख़िलाफ ज्ञापन देंगे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की कोर कमेटी बैठकर इस मामले में आगे की रणनीति की रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके बाद डॉ मीणा और सैकड़ों समर्थक थाने से रवाना हुए।



अशोक नगर थाने के बाहर से पुलिस ने जब सांसद किरोड़ी लाल मीणा का धरना स्थल और उस पर लगे टेंट को हटाया तो वे नाराज होकर बीच सड़क पर धरना देने बैठ गये।

■ 'गहलोत की पुलिस मेरी आवाज को दबा नहीं सकती, परिवादी की सुनवाई करने के बजाय सीएम ने पुलिस से गिरफ्तार कराया'

# राज्यपाल कलराज मिश्र को बीमा लोकपाल रिपोर्ट सौंपी



**राज्यपाल कलराज मिश्र को प्रदेश के बीमा लोकपाल राजीव दत्त शर्मा ने गुरूवार को राजभवन में बीमा लोकपाल की वार्षिक रिपोर्ट-2022-23 की प्रति सौंपी। इस रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजस्थान लोकपाल कार्यालय में 1911 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 679 शिकायत जीवन बीमा संबंधित, 295 सामान्य बीमा से और 937 शिकायत स्वास्थ्य खंड बीमा से संबंधित थीं। इन सभी शिकायतों का निपटारा इसी वित्तीय वर्ष में कर दिया गया है। बीमा लोकपाल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त शिकायतों की संख्या में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवसर पर सचिव राजेश जलोडिया, उप सचिव राजेश कुमार पारीक व बीमा लोकपाल एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।**

# 'भाजपा-आरएसएस नहीं, गहलोत सरकार की तुष्टीकरण नीति दंगों के लिए जिम्मेदार'

## केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा, ''चुनाव आते ही गोभक्त हो जाते हैं मुख्यमंत्री''

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आरएसएस और भाजपा पर की गई टिप्पणी को लेकर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पलटवार किया। शेखावत ने कहा कि आरएसएस और भाजपा के खिलाफ आज तक दंगे भड़काने का कोई प्रमाण नहीं मिला है, जबकि गहलोत सरकार की तुष्टीकरण नीति राजस्थान में दंगों के लिए जिम्मेदार है। कांग्रेस की धार्मिक भेदभाव की सोच और प्रशासन की ढिलाई जिम्मेदार है।

गुरुवार को अपने बयान में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भाजपा-आरएसएस दंगों की राजनीति में विश्वास नहीं करते। भाजपा-आरएसएस के खिलाफ आज तक दंगे भड़काने का कोई प्रमाण नहीं मिला है, जबकि गहलोत सरकार की तुष्टीकरण नीति के चलते पहले करौली में दंगा भड़का, फिर उसके बाद भीलवाड़ा और जोधपुर में दंगे हुए। इस सरकार की तुष्टीकरण नीति के चलते उदयपुर में निर्दोष कैन्हयालाल टेलर का सिर काट दिया गया। शेखावत ने कहा कि गहलोत सरकार में तुष्टीकरण की हालत यह है कि दंगों की जांच और आरोपियों को पकड़ने में भी धार्मिक आधार पर भेदभाव किया जाता है। यही कारण है कि इनकी कमजोर पैरवी के चलते जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपी हाईकोर्ट से छूट गए। हद तो यह है कि अपनी तुष्टीकरण नीति को देखने के बजाय मुख्यमंत्री दूसरों पर आरोप लगाते हैं। शेखावत ने कहा कि इससे जनता में आक्रोश है और आगामी चुनाव में यह कांग्रेस की हार के रूप में सामने आएगा। शेखावत ने कहा कि चुनाव का समय आते ही मुख्यमंत्री गोभक्त हो जाते हैं। गोदान करने का राग अलापते हैं, लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि राजस्थान में लाखों गायें लंपी से मर गई थीं। उनके उपचार में उनकी सरकार पूरी तरफ विफल साबित हुई। अब सरकार ने मात्र 76 हजार मौतें लंपी से मानी है जबकि इस महामारी में लाखों गायें मारी थीं। गोपालकों को मुआवजा देने का ढोल तो पीटा जा रहा है, लेकिन वह अभी तक पूरा नहीं दिया गया। शेखावत ने कहा कि राज्य में अभी तक 42 हजार दुधारू गायों का ही मुआवजा दिया है, जबकि पशुपालकों को राहत शिविरों में बुलाकर परेशान किया जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा को कोसने से बाज़ आए। प्रदेश में दंगे आरएसएस और भाजपा नहीं अशोक गहलोत की तुष्टिकरण नीति करवाती है, जितनी भी साम्प्रदायिक घटनायें हुई हैं, उनके पीछे कांग्रेस की वोटों की राजनीति है। पर्दे के पीछे रह कर आग लगाने का काम कांग्रेस का है, संघ और भाजपा तो कांग्रेस की लगाई हुई आग को बुझाती है। आये दिन संघ के ख़िलाफ़ एक ही राग अलापने वाले गहलोत शायद भूल गये कि देश की आजादी के समय जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर सीमा लांघने की कोशिश की, तो सैनिकों के साथ संघ के स्वयंसेवकों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राण दिए थे।

■ पर्दे के पीछे रह कर आग लगाने का काम कांग्रेस का, संघ और भाजपा का काम तो आग बुझाने का है : राजे

## भाजपा ने तूफान पीड़ितों के लिए शुरू की हैल्पलाइन

**जयपुर।** बिपरजाय तूफ़ान से प्रभावित पीड़ितों की समस्याओं के समाधान व सहायता के लिए भाजपा की ओर से हैल्पलाइन सेवा प्रारंभ की गई है। इस हैल्पलाइन का नंबर 8929208080 रखा गया है। हेल्पलाइन पर जानकारी प्राप्त होने के बाद केंद्र एव राज्य सरकार से तुरन्त संपर्क कर पीड़ित व्यक्तियों की मदद की जाएगी।

हैल्पलाइन की मॉनिटरिंग के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, प्रदेश प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुनील कुमावत रहेंगे।

## आशा सहयोगिनियों का मानदेय बढ़ा

**जयपुर।** प्रदेश में मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में आंगनबाड़ी केन्द्रों की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की 55816 आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 15 प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। वृद्धि के बाद इनका मानदेय 3564 से बढ़ कर 4098 रुपए प्रतिमाह हो जाएगा।

# 'स्वीकृत हुई पूरी लोन राशि नहीं देना फाइनेंस कंपनी का सेवादोष'

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर मेट्रो की स्थाई लोक अदालत ने कहा है कि उपभोक्ता का लोन स्वीकृत करने के बाद उसे स्वीकृत हुए लोन की पूरी राशि नहीं देना फाइनेंस कंपनी का सेवादोष है। ऐसे में फाइनेंस कंपनी से उसने जितनी लोन राशि ली है वह उतनी ही राशि चुकाने के लिए जिम्मेदार है, फिर चाहे फाइनेंस कंपनी ने उसे ज्यादा राशि का लोन ही मंजूर किया हो। वहीं अदालत ने परिवादी को कहा है कि वह लोन की बकाया राशि 17,520 रुपए विपक्षी फाइनेंस कंपनी को जमा कराए। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष हरविन्दर सिंह व सदस्य शंभू दयाल शर्मा ने यह आदेश महेश सैनी के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि आदित्य बिरला फाइनेंस कंपनी ने 28 फरवरी 2019 को उसका 2.40 लाख रुपए का लोन मंजूर किया था। परिवादी की स्वीकृति मिलने पर कंपनी ने उसके बैंक खाते में एनईएफटी के जरिए 1,09,520 रुपए भेज दिए, लेकिन स्वीकृत लोन की बकाया राशि 1,30,480 रुपए उसे नहीं दी। परिवाद में कहा गया कि फाइनेंस कंपनी उससे मासिक किस्त लोन राशि 2.40 लाख रुपए पर ही ले रही है। जबकि मासिक किस्त एक लाख नौ हजार 520 रुपए पर ही लेनी चाहिए थी। इस पर उसने लोन अकाउंट बंद करने के लिए कहा तो कंपनी ने एक साल के लॉक इन पीरियड का हवाला देकर मना कर दिया। इसे स्थाई लोक अदालत में चुनौती देते हुए कहा कि उसे स्वीकृत लोन राशि की बजाय कम राशि दी गई। ऐसे में मासिक किस्त स्वीकृत लोन के आधार पर लेना गलत है। इससे परिवादी को मानसिक संताप हो रहा है। इस पर अदालत ने कहा कि परिवादी लिए लोन के पेटे 92 हजार रुपए दे चुका है, इसलिए वह बकाया 17,520 रुपए ही फाइनेंस कंपनी में जमा कराए।

# नगीना व्यापारी ने जहर खाकर आत्महत्या की

**जयपुर** (कासं)। गलता गेट क्षेत्र के के मोहल्ला इच्छावतान बदनपुरा में रहने वाले नगीना व्यापारी ने सुसाइड कर लिया है। सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाकर अपने बिजनेस पार्टनर्स पर टॉर्चर करने का आरोप लगाया है। वीडियो में कहा है कि मुझे इतना टॉचर किया गया कि अब आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

पुलिस ने बताया कि बिजनेसमैन आबिद खान (40) ने अपने ही घर में बुधवार दोपहर 3 बजे जहर खा लिया था। तबीयत खराब होने के बाद परिजन उसे लेकर एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचे थे। यहां रात साढ़े 10 बजे उसकी मौत हो गई थी। हॉस्पिटल से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

आबिद की जेब से सुसाइड नोट मिला था। इसमें अंसार और लतीफ नाम के दो युवकों का नाम था। सुसाइड नोट में लिखा था कि वह इन दोनों की वजह से अपनी जान दे रहा है। इधर, जब आबिद का मोबाइल खंगाला गया तो उसमें से सुसाइड से पहले का एक वीडियो भी मिला है। इस घटना के बाद बुधवार रात में ही आबिद के छोटे भाई वाजिद खान की रिपोर्ट पर लतीफ व अंसार के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। आबिद (मृतक) के भाई वाजिद खान ने बताया कि अंसार और लतीफ के साथ आबिद नगीनों का बिजनेस करता था। रामगंज थाने में अंसार और लतीफ ने धोखाधड़ी का मामला आबिद के खिलाफ दर्ज करवाया था। मामले में लगने के बाद साल 2020 से आबिद अपना कारोबार अलग करने लगा। इसके बाद से दोनों उसके भाई को टॉर्चर कर रहे थे।

## रोडवेज की बसों में अब महिलाओं का लगेगा आधा किराया

**जयपुर।** राज्य सरकार ने महिलाओं को रोडवेज की बसों में सफर करने पर रियायत का दायरा बढ़ाया है। अब महिलाओं/बालिकाओं को राज्य की सीमा में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समस्त श्रेणी की बसों में यात्रा करने पर 50 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

प्रस्ताव के अनुसार, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में यात्रा करने पर महिलाओं/बालिकाओं का आधा किराया ही लगेगा। अभी महिलाओं/बालिकाओं को केवल साधारण श्रेणी की बसों में यात्रा करने पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी।

# हाईकोर्ट ने गजेन्द्र सिंह शेखावत को नोटिस भेजा

## अदालत ने पूछा कि ए.सी.बी. को उनके वॉइस सैम्पल लेने की अनुमति क्यों ना दे दी जाए

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुडे मामले में वायरल हुई ऑडियो क्लिप को लेकर केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह को नोटिस जारी कर पूछा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) को उनकी वॉइस सैंपल लेने की अनुमति क्यों ना दे दी जाए। जस्टिस सीके सोनगरा की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की याचिका पर दिए।

याचिका में अतिरिक्त महाधिवक्ता घनश्याम सिंह राठौड़ ने अदालत को बताया कि निचली अदालत ने गलत तरीके से ए.सी.बी. के प्रार्थना पत्र को खारिज किया है। निचली अदालत ने जिस आधार पर वॉइस सेंपल लेने के संबंध में ए.सी.बी. का प्रार्थना पत्र को खारिज किया है, वह प्रावधान ब्लड सैंपल और हैंडराइटिंग के सैंपल लेने के मामले में लागू होता है। जबकि यह मामला वॉइस सैंपल लेने का है। जांच एजेंसी गिरफ्तार किए बिना भी वॉइस सैंपल ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट भी पूर्व में अन्य मामले में तय कर चुका है कि इस संबंध में संसद की ओर से स्पष्ट कानून बनाने तक मजिस्ट्रेट वॉइस सैंपल लेने की अनुमति दे सकते हैं। ऐसे में निचली अदालतों के आदेश को रद्द करते हुए ए.सी.बी.को गजेन्द्र सिंह की वॉइस सैंपल लेने की अनुमति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने गजेन्द्र सिंह को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

गौरतलब है कि जुलाई, 2020 में तीन ऑडियो क्लिप वायरल हुई थीं, जिसमें विधायकों की खरीद फरोख्त को लेकर बातचीत की जा रही थी। आरोप है कि इस ऑडियो क्लिप में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह और संजय जैन की आवाज है। ऑडियो क्लिप के आधार पर पहले एसओजी ने मामला दर्ज किया था। वहीं बाद में एसओजी की ओर से क्षेत्राधिकार के आधार पर एफ.आर. पेश की गई थी। दूसरी ओर इसी मामले में एसीबी ने भी संजय जैन, विधायक भंवरलाल शर्मा और गजेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था तथा संजय जैन को गिरफ्तार भी किया था। इसके बाद निचली अदालत ने एसीबी को संजय जैन का वॉइस सैंपल लेने की अनुमति दी थी, लेकिन संजय ने सैंपल देने से मना कर दिया था। वहीं निचली अदालत ने गजेन्द्र सिंह का सैंपल लेने के लिए ए.सी.बी. की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ पेश रिवीजन को ए.डी.जे. कोर्ट ने खारिज कर दिया था। राज्य सरकार की ओर से इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

■ हाईकोर्ट ने यह नोटिस विधायकों की खरीद फरोख्त मामले में एक वायरल ऑडियो क्लिप के संबंध में दिया है। आरोप है कि, उस ऑडियो क्लिप में शेखावत की आवाज है।

## प्रदेश में करोना से एक संक्रमित की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में गुरूवार को एक संक्रमित की करोना से मौत हो गई है। वहीं इस बीच राज्य में एक नया मरीज मिला है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में पांच संक्रमितों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 8 रह गए हैं।

प्रदेश में गुरूवार को उदयपुर में एक नया संक्रमित पाया गया है। इससे पहले राज्य में बुधवार को भी एक रोगी मिला था। इधर राज्य में आज 1665 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में उदयपुर में पांच संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 8 रह गए हैं। इनमें छह मामले जयपुर में है। प्रदेश में गुरूवार को करोना से दौसा में एक संक्रमित की मौत हो गई है।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता : अरूण चतुर्वेदी

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री रहें डॉ.अरूण चतुर्वेदी ने सिविल लाइन विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का आव्हान किया है की वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में लिए गए निर्णयों, योजनाओं की जानकारी से हर व्यक्ति को अवगत कराए।

डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति कर भारत का नाम दुनिया में रोशन किया है इसीलिए अब हमारा देश विश्व शक्ति के रूप में सामने आया है। मोदी के शासन में हर वर्ग के उत्थान का काम किया गया है। इस अवसर पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने केंद्र सरकार के कार्यों की चर्चा करते हुए 9 साल बनाम 66 साल की तुलना की। उन्होंने जयपुर रेल्वे स्टेशन के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जयपुर जंक्शन के लिए 727 करोड़, गांधीनगर स्टेशन के लिए 217 करोड़ और खातीपुरा स्टेशन के लिए 400 करोड़ रुपए का बजट पास कर जयपुर को पर्यटन स्थल के रूप में मान दिया है। बैठक में सिविल लाइन विधान सभा क्षेत्र के कार्यर्ताओं ने अपने-अपने घर से लाए भोजन का आनंद लेकर एक दूसरे की मनुहार की।

बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणजीत सिंह, शहर उपाध्यक्ष रवि शर्मा, शहर मंत्री रेखा राठौड, पूर्व कोषाध्यक्ष सुनील भार्गव, सिविल लाइंस विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, निर्मल राजपुरोहित, दिनेश यादव, राकेश गुर्जर सहित मोर्चो के अध्यक्ष, समस्त पार्षद, मंडल पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।




भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री रहे डॉ.अरूण चतुर्वेदी ने गुरूवार को सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक में भाग लिया।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य राकेश खण्डेलवाल पुत्र स्व. श्री सीताराम खण्डेलवाल, जाति महाजन, उम्र 55 वर्ष, निवासी प्लाट नम्बर 45, जयन्ती कॉलोनी, बांस बदनपुरा जयपुर के 1 पुत्र व एक पुत्री है जो कि पुत्र शुभम खण्डेलवाल मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। अतः मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र शुभम खण्डेलवाल को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है किसी भी व्यक्ति द्वारा उससे किये गये संव्यवहार एवं किये गये किसी भी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
नईमुद्दीन आकिल/मोहम्मद शमीम, एडवोकेट
मो.9314656420, 9829110519

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लॉट नम्बर 74 शंकर वाटिका, ग्राम मानपुर देवरी उर्फ गोल्यावास, तहसील सांगानेर, जयपुर राजस्थान में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 129.44 वर्गगज है कि भूमि का पट्टा विलेख क्रमांक 3167 दिनांक 16.10.2015 को जे.डी.ए. जयपुर द्वारा विजय लक्ष्मी शर्मा के हित में जारी किया गया। विजय लक्ष्मी शर्मा का स्वर्गवास 21.02.2018 को हो गया। उनके स्वर्गवास के पश्चात उक्त सम्पति में उनके विधिक व कानूनी उत्तराधिकारियों/वारिसान में उनके पति रमेश चन्द्र शर्मा, उनके पुत्र आरूणी शर्मा व अभिनव शर्मा संयुक्त मालिक स्वामी हुए। तत्पश्चात आरूणी शर्मा व अभिनव शर्मा ने अपने अपने हिस्से का हक त्याग जरिये पंजीकृत हक त्याग द्वारा दिनांक 09.06.2023 को रमेश चन्द्र शर्मा के हित में त्याग कर दिया। इस प्रकार रमेश चन्द्र शर्मा उक्त सम्पत्ति का एकमात्र मालि, स्वामी व अधिकारी है। रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा उक्त सम्पति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। सात दिवस की अवधि के पश्चात इस आम सूचना बाबत कोई भी आपत्ति/ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
दिनांक-22.06.2023 बी.सी. सांखला, एडवोकेट
राजस्थान हाईकोर्ट, बार एसोसियेशन कोड-आर/1227/1999
पुराना रजि. नं. आर/2896/1999, मो. 9829063273

**खोया पाया**
मैं आदित्य शर्मा पुत्र परमानन्द शर्मा निवासी 25 विकास नगर मुरलीपुरा के पास जयपुर हूं कि मेरा प्लाट का मूल पट्टा क्रमांक 6116 और साइट प्लान गुम हो गया है जिसकी FIR दर्ज करा दी गई है। मिलने पर सूचित करें 7877747776

पथिक भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना आनन्द विहार के प्लॉट नं. ए-42 का सोसायटी पट्टा, रसीद ,साइट प्लान गुम हो गया है। सूचित करें- दिनेश शर्मा 9829050796

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**ई-निविदा सूचना**
संख्याः डब्ल्यू ए एसजी/2023-24 दिनांक: 20.06.2023
मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेल्वे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या :** म.रे. प्र. (सिग व दूरसंचार)-06-2023-24 **कार्य का नाम :** Ajmer Division: Provision of signalling work in C/W Ajmer- Chittourgarh (SL)-TRR(P)- 22.515 Tkm over Ajmer Division NWR. **अनुमानित लागत :** रूपये 19119769.80 **बयाना राशि :** रूपये 245600.00 ई निविदाये खोलने की तिथि व समय दिनांक 19.07.2023 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता WWW.IREPS.GOV.IN 665-CQ/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**राजथान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी**
क्रमांक-443 दिनांक-30..05.2023
**आवश्यक सूचना** हर आम एवं खास को इस पंजीकरण वर्ष 2006 में हित रखने वाले व्यक्ति विशेष को सूचित किया जाता है कि श्री भौरी लाल मीणा ने राशि 15000/- रूपये जमा करवाकर पंजीकरण संख्या 463 के द्वारा अरावली विहार भिवाडी में उच्च आय वर्ग आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया गया था। उक्त पंजीकरण के आधार पर वरियता क्रमांक BWD/06/HIG/G-3/HPS/PR-II/P-364 आरक्षित कर दिया गया है। उक्त पंजीकरण के पेटे अभी तक आवास का आवंटन नहीं किया गया है। श्री भौरी लाल मीणा की मृत्यु दिनांक 23.03.2014 को हो चुकी है।
श्रीमती बादामी देवी मीना ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र एवं श्री भौरी लाल मीणा की मृत्यु का प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसानों के घोषणा पत्र एवं क्षतिपूर्ती बंधक पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि इनके पति का स्वर्गवास दिनांक 23.03.2014 को हो जाने के कारण उपरोक्त पंजीकरण संख्या 463 अरावली विहार भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तान्तरण उनके नाम किया जाये।
अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त पंजीकरण संख्या 463, अरावली विहार भिवाडी के संबंध में पिता, पुत्र, पुत्रियाँ, भाई व अन्य किसी रिश्तेदार को किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती बादामी देवी मीना पत्नी स्व. श्री भौरी लाल मीणा के पक्ष में उपरोक्त पंजीकरण संख्या 463 उच्च आय वर्ग, अरावली विहार भिवाडी जिला अलवर का मृत्यु उपरान्त हस्तान्तरण किये जाने की कार्यवाहीं की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

**OFFICE THE GRAM PANCHAYAT THOI PS-SRIMADHOPUR (SIKAR)**
No. F.prnc/2023-24/68 Date- 22.06.2023
**E-Tender Notice No. 01/2023-24**
Bids for open tender of procurement of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Seheme in Gram Panchayat THOI Panchayat Samitti Srimadhopur (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, 6-00 PM of 03.07.2023. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat THOI Office in all working days.
UBN-SMD2324GLRC00063
सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत थोई ग्राम पंचायत थोई
श्री माधोपुर (सीकर) श्री माधोपुर (सीकर)

विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन आदेश 5 के नियम 1 और 5
वाद संख्या-324/2022
नाम न्यायाल - उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम जयपुर
श्रीनारायण विरुद्ध जगदीश वगैराह
वाद बाबत् विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा
नाम (1) जगदीश पुत्र गणेश (2) उर्मिला पुत्री किशन (3) कमल पुत्र भंवरलाल (4) कमलेश देवी पत्नी श्रीकिशन (5) कमला देवी पत्नी सोहनलाल (6) कमली पुत्री भंवरलाल (7) कैलाशचन्द पुत्र छीतर (8) केसरलाल पुत्र किशन (9) किरण पुत्री रामप्रकाश (10) गजराज पुत्र राजूलाल (11) गुलाब पुत्र जोरा (12) गोपाल पुत्र गणेश (13) जयराम पुत्र लालचन्द (14) जयवीर पुत्र लालचन्द (15) दुर्गा पत्नी भंवरलाल (16) दिलीप पुत्र रामप्रकाश (17) दीपक मीणा पुत्र सोहन लाल (18) धन्नालाल पुत्र म्होरू (19) धोकल पुत्र तिलोका (20) नन्छी देवी पुत्री घासी (21) नारू पुत्र प्रताप (22) नारंगी देवी पुत्री घासी (23) निकिता मीणा पुत्री बजरंगलाल नाबालिग जरिये संरक्षिक माता विमला देवी (24) पूजा मीणा पुत्री बजरंगलाल नाबालिग जरिये संरक्षिक माता विमला देवी (25) बद्रीनारायण पुत्र सुजाराम (26) बन्नालाल पुत्र म्होरू (27) बलवीर पुत्र रामप्रकाश (28) बाबूलाल पुत्र जोरा (29) भगवान पुत्र जोरा (30) भंवरलाल पुत्र घासी (31) मंगेज पुत्र जोरा (32) मुन्नी पत्नी मदनलाल (33) मुन्नी देवी पुत्री रामप्रकाश (34) मनोज पुत्र रामप्रकाश (35) रमेश चन्द पुत्र म्होरू (36) राजकिशोर पुत्र लल्लूलाल (37) रामवतार पुत्र किशन (38) रामेश्वरी देवी पत्नी घासी (39) रितु पुत्री राजूलाल (40) रोशनी पुत्री राजूलाल (41) रोहित मीणा पुत्र सोहनलाल (42) लल्लू पुत्र जोरा (43) लाली देवी पत्नी रामप्रकाश (44) विकास मीणा पुत्र बजरंगलाल (45) विमला देवी पत्नी बजरंगलाल (46) शेतान सिंह पुत्र रामप्रकाश (47) श्रवणलाल पुत्र घासी (48) शिशुपाल पुत्र सुजाराम (49) संतोष पत्नी श्रीनारायण (50) सुनीता पुत्री भंवरलाल (51) सुप्यार देवी पत्नी लालचन्द (52) साधना पुत्री सरदार (53) सायरमल पुत्र घासी (54) सावित्री पुत्री किशन (55) सीमा मीणा पुत्री सोहनलाल (56) सीमा देवी पुत्री राजूलाल (57) हनुमान पुत्र गणेश (58) हरिनारायण पुत्र सुजाराम (59) हीरालाल पुत्र छीतर समस्त जाति मीना निवासी ग्राम सिरसी तहसील व जिला जयपुर, (60) राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार जयपुर तहसील जयपुर जिला जयपुर, (61) उप पंजीयक जयपुर तृतीय, तहसील जयपुर जिला जयपुर (राज.) ने आपके विरूद्ध विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 23.06.2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसजात (हाजिर) होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं एवं किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धि सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शाक्ति में है पेश कर जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शाक्ति में हो या ना हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा कि दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय संजात नही हुये तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति किया जायेगा। यह आज दिनांक 19/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
Court Stamp
उपखण्ड अधिकारी
जयपुर (प्रथम) जयपुर
1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नही होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसी दस्तावेज पेश कराने के लिए जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है सम्मन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक खर्चों की रकम जमा कराके ले सकते हैं।
2. यदि आप दावे को स्वीकार करते है तो आपको चाहिए कि वाद के खर्च के साथ उस दावे का धन न्यायालय में जमा करा दे जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पडें।

विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन आदेश 5 के नियम 1 और 5
वाद संख्या-304/2022
नाम न्यायाल - उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम जयपुर
श्रीनारायण विरुद्ध जगदीश वगैराह
वाद बाबत् विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा
नाम (1) जगदीश पुत्र गणेश (2) अनिल कुमार पुत्र कैलाश चन्द (3) अनोप पुत्री हरनाथ (4) आचुकी पुत्री गणेश (5) उर्मिला पुत्री श्रीकिशन (6) कमल पुत्र भंवरलाल (7) कमलेश देवी पत्नी श्रीकिशन (8) कमली पुत्री भंवरलाल (9) कैलाशी पुत्री म्होरू (10) केसरलाल पुत्र श्रीकिशन (11) गुलाब देवी पत्नी धोकला (12) गोपाल पुत्र गणेश (13) जैना पुत्री गणेश (14) दुर्गा पत्नी भंवरलाल (15) दुर्गा पुत्र नारू (16) धन्नालाल पुत्र म्होरु (17) नरेन्द्र पुत्र देवीलाल (18) पिंकी पुत्री कैलाशचन्द्र (19) फूलचन्द पुत्र धोकला (20) बन्नालाल पुत्र म्होरू (21) बादाम पत्नी हरनाथ (22) भंवरी देवी पत्नी कैलाशचन्द (23) मंगलचन्द पुत्र गणेश (24) मनोहरी पुत्री कैलाश चन्द्र (25) ममता पुत्री रामजीवण (26) म्होरी पत्नी म्होरू (27) मोहन पुत्र रामजीवण (28) रमेश चन्द पुत्र म्होरू (29) राधेश्याम पुत्र हरनाथ (30) रामचन्द्र पुत्र नारू (31) रामवतार पुत्र श्रीकिशन (32) रामेश्वर पुत्र धोकला (33) शान्ति पत्नी रामजीवण (34) सुन्दरी पत्नी नारू (35) सुनीता पुत्री भंवरलाल (36) सूरज पुत्री हरनाथ (37) सुरज्ञान पुत्र धोकला (38) सुरेन्द्र कुमार पुत्र कैलाशचन्द्र (39) सरोज पत्नी सांवरमल (40) सावित्री पुत्री श्रीकिशन (41) सीता पुत्री रामजीवण (42) सीताराम पुत्र हरनाथ (43) सोनू पुत्री कैलाश चन्द्र (44) सोनी पुत्री गणेश (45) सोहन पुत्र म्होरू (46) हनुमान सहाय पुत्र गणेश (47) हंसा पुत्री कैलाश चन्द्र समस्त जाति मीना निवासी ग्राम सिरसी तहसील व जिला जयपुर, (48) राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार जयपुर तहसील जयपुर जिला जयपुर, (49) उप पंजीयक जयपुर तृतीय, तहसील जयपुर जिला जयपुर (राज.) ने आपके विरूद्ध विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 23.06.2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसजात (हाजिर) होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं एवं किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धि सभी सारवान प्रश्नो के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शाक्ति में है पेश कर जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शाक्ति में हो या ना हो अपनी प्रतिरक्षा मुजरा कि दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी जो को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय संजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति किया जायेगा।
यह आज दिनांक 19.06.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
Court Stamp
उपखण्ड अधिकारी
जयपुर (प्रथम) जयपुर
1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नही होगें तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसी दस्तावेज पेश कराने के लिए जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है सम्मन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक खर्चों की रकम जमा कराके ले सकते हैं।
2. यदि आप दावे को स्वीकार करते है तो आपको चाहिए कि वाद के खर्च के साथ उस दावे का धन न्यायालय में जमा करा दे जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पडें।

# फर्जी कम्पनी बनाकर 3000 से भी ज्यादा लोगों के साथ करोड़ों की ठगी

## इनामी ड्रॉ खोलने का झांसा देकर ठगी करके कंपनी का मालिक परिवार सहित फरार

**पुष्कर,** (निसं)। धार्मिक नगरी पुष्कर में बीते कुछ सालों से फर्जी कंपनियों की आड़ में लाखो रुपयों के इनामी लक्की ड्रॉ खोले जाने का झांसा देकर हजारों लोगों से हर महीने लाखों करोड़ों रुपये इकट्ठे करने का गोरखधंधा चल रहा है।

ऐसा ही एक मामला हरि ॐ एंटरप्राइजेज के नाम से तीन साल पहले एक फर्जी कम्पनी बनाकर 3000 से भी ज्यादा लोगों के साथ करोड़ों रुपयों की ठगी करने का मामला उजागर हुआ है। जिसके पश्चात पुष्कर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में खलबली मच गई। मामला उजागर होने के बाद पीड़ित रामचन्द्र चौहान, कल्याण सिंह, महेश पाराशर, पंकज, भागूराम सहित कई लोगों सामूहिक की रिपोर्ट पर पुष्कर पुलिस ने ठगी के आरोपी गोपाल उदय सहित इसके परिवारजनों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

ठगी के शिकार हुए पीड़ित रामचन्द्र चौहान ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि गोपाल पुत्र मांगीलाल उदय विगत 15 अक्टूबर 2020 को मेरे घर आया और मुझे हरि ॐ एंटरप्राइजेज कम्पनी बनाकर उसमें अगले 30 महीनों तक हर माह 1000 रुपये जमा करवाने की बात कही। साथ ही कम्पनी के द्वारा हर महीने उसके हजारों लाखों रुपये के इनाम भी लक्की ड्रॉ स्किम के तहत बांटे जाने की जानकारी दी।

जिसके झांसे में आकर ना सिर्फ रामचंद्र ने बल्कि उसके मिलने वाले कई लोगों ने गोपाल उदय से जुड़कर हर महीने पैसे जमा करवाने शुरू कर दिए। अकेले रामचंद्र के मिलने वाले 23 लोगों ने ही ढाई साल के दौरान साढ़े सात लाख रुपये जमा करवा दिए। जानकारी के अनुसार इस स्कीम में पुष्कर सहित आसपास के इलाके के रहने वाले तीन हजार से ज्यादा लोगो ने 30-30 हजार रुपये गोपाल उदय के शौरूम पर जाकर जमा करवाये थे। जिसको जोड़ा जाए तो मामला 9 से 10 करोड़ रुपयों की ठगी का होता है।

पुष्कर हॉस्पिटल के सामने स्थित ऑफिस पर अब ताला लगा हुआ है। जानकारी में आया कि विगत 15 दिनों पूर्व ही आरोपी गोपाल उदय ऑफिस में ताला लगाकर परिवार सहित कहीं फरार हो गया है। गोपाल उदय सहित उसकी पत्नी नीरू, भतीजा जीतू एवं लक्की सहित अन्य परिवार जनों के मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ कर दिए गए हैं। बीते 15 दिनों से अपने पैसे वापस लेने के लिए चक्कर लगा रहे हजारों पीड़ित लोग परेशान हो रहे हैं और अब अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि थक हारकर परेशान होने का बाद आज एक पीड़ित रामचन्द्र चौहान ने पुष्कर थाने पहुंचकर उसके साथ ठगी किये जाने का मामला दर्ज करवाया है।

# 'दुर्घटना में एयर बैग नहीं खुलना मैन्युफैक्चरिंग डिफैक्ट'

## राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने यह कहते हुए एक प्रतिष्ठित कार कम्पनी को 20 लाख रू. मुआवजा देने का आदेश दिया

- **जोधपुर निवासी नीतू ने दुर्घटना में कार के एयर बैग नहीं खुलने से हुई अपने पति की मृत्यु के लिए कार निर्माता कम्पनी को जिम्मेदार ठहराते हुए राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में केस दर्ज किया था।**

**जोधपुर,** 22 जून (कासं)। कार चलाते समय सीट बैल्ट लगे होने के बावजूद दुर्घटना में एयरबैग नहीं खुलने पर चालक की मौत को कार में उत्पादकीय त्रुटि मानते हुए राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छवाहा और सदस्य निर्मल सिंह मेडतवाल व लियाकत अली ने परिवाद मंजूर करते हुए देश की नामी निर्माता कम्पनी को आदेश दिया है कि, परिवादी को 45 दिवस में मुआवजा 20 लाख रुपए, मानसिक संताप के लिए 50 हजार रूपए और परिवाद व्यय 50 हजार रूपए अदा करें।

जोधपुर निवासा नीतू ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से परिवाद दायर कर कहा कि, उनके पति वीरेंद्र सिंह ने 2 मई 2012 को करीब दस लाख रुपए की कार खरीदी, जिसमें एयरबैग भी लगे हुए थे।उन्होंने कहा कि, 27 दिसंबर 2012 को उनके पति सीट बैल्ट लगाकर जोधपुर से 3 अन्य व्यक्तियों के साथ जा रहे थे, नागौर में अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने के कारण उनकी कार सड़क किनारे लगे हुए लोहे के साइन बोर्ड से टकराई और दो तीन बार पलटी भी खाई, दुर्घटना में चारों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि, बाकी तीनों के परिजनों ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में दावा किया है, लेकिन वीरेंद्र सिंह, जो कि स्वयं ही कार चला रहे थे और सीट बैल्ट लगी होने के बावजूद कार के एयरबैग नहीं खुले जिससे उनका भी निधन हो गया। इसलिए एयरबैग नहीं खुलना उत्पादकीय त्रुटि है और इसके लिए कार निर्माता पूर्णतया जवाबदेह और जिम्मेदार है, क्योंकि एयरबैग खुलने की दशा में परिवादी के पति की जान बच सकती थी।

दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद राज्य आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि, यह निर्विवाद है कि दुर्घटना में 40 वर्षीय कार चालक की मृत्यु एयरबैग नहीं खुलने से हुई है और बीमा कंपनी ने कार की क्षति टोटल लॉस मानते हुए कार का दावा अदा किया है और कार का आगे का हिस्सा भी काफी क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय कार चालक के सीट बेल्ट लगे होने पर भी एयरबैग नहीं खुलना निश्चित तौर कार की उत्पादकीय त्रुटि है और अतिसूक्ष्म व जटिल तकनीकी आधार पर परिवाद को खारिज नहीं किया जा सकता है। आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कार निर्माता कंपनी को निर्देश दिया कि 45 दिवस में आय की क्षति के 20 लाख रुपए, मानसिक संताप के 50 हजार रुपए और परिवाद व्यय के 50 हजार रुपए, कुल 21 लाख रुपए में से परिवादी को 15 लाख रुपए, मृतक के दोनों पुत्रों को दो दो लाख रुपए और माता पिता को एक एक लाख रुपए अदा करें।

# दीवार का हिस्सा गिरने से ज़ायरीन घायल

**अजमेर,** (कासं)। दरगाह कमेटी द्वारा दरग़ाह परिसर में 59 हुजरा की छत पर दीवार का निर्माण कराया जा रहा है। बरसात के मौसम में दीवार का निर्माण उस वक्त भारी पड़ गया, जब देर रात दीवार का कुछ हिस्सा अचानक एक ज़ायरीन पर गिर गया। मलबा गिरने से ज़ायरीन के सिर में गंभीर चोट आई है जिसकी वजह वो लहूलुहान हो गया। दरगाह कमेटी कर्मचारी ने घायल ज़ायरीन को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। खादिम सैयद महेराज चिश्ती ने बताया कि दरगाह कमेटी को 4 बार शिकायत दी हैं उसके बाद भी दरगाह कमेटी ने अब तक कोई काम किया हैं आज भी दरगाह परिसर की कई दीवारे, छत, जजर्र, पिल्लर अव्यवस्था में हैं। ख़ादिम ने कहा कि ख़्वाजा साहब की दरगाह में हर समय जायरीन की भीड़ रहती है।

# तस्कर को 13 वर्ष का कारावास

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। करौली जिले में बढ़ते नशे के कारोबार की रोकथाम के लिए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम संख्या 1 हिण्डौन सिटी सीताराम मीणा ने वर्ष 2020 के एक प्रकरण में सजा सुनाते हुए टोडाभीम निवासी नशीली दवाओं के एक तस्कर को 13 वर्ष के कठोर कारावास एवम 1.5 लाख के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अपर लोक अभियोजक दिनेश चंद शर्मा ने बताया कि टोडाभीम थाना प्रभारी मनोहर लाल मीणा ने एक मुकदमा 402/2020 टोडाभीम थाने पर दर्ज कराया । जिसमे गश्त के दौरान नाहरकोटा मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति एक कट्टे के साथ मिला जो कि पुलिस जाब्ते को देखकर भागने लगा। जिस पर शक होने पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके पास कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें विभिन्न कंपनियों की सैकड़ों की संख्या में नशीली टेबलेट और सीरप मिले। जिनको रखने के लिए उक्त व्यक्ति के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले में विचारन के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 13 गवाह के बयान लेकर किए गए और कुल 51 दस्तावेज प्रदर्श किए गए। मामले में सुनवाई के बाद मुलजिम मुकेश कुमार सैनी पुत्र चतरू राम सैनी निवासी हाई स्कूल के पास काजीपाड़ा टोडाभीम पर आरोप साबित होने पर न्यायालय द्वारा कठोर कारावास एवं अर्थदंड एवं जुर्माना जमा नहीं कराने की दशा में 6 माह के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया है।

# गैंगरेप-हत्या मामला : फरार दोनों पुलिसकर्मी निलंबित

**बीकानेर,** (निसं)। दलित युवती से गैंगरेप और हत्या के मामले में जांच एएसपी ग्रामीण दीपक शर्मा को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार जब पिता इसकी शिकायत करने थाने गए तो मामला दर्ज करने की बजाय उन्हें धमकाया गया और थाने में बैठाकर रखा। मामला बीकानेर के खाजूवाला थाना क्षेत्र का है। यहां युवती का शव मिला था। युवती के पिता ने इस संबंध में खाजूवाला थाने के कॉन्स्टेबल मनोज और भागीरथ के साथ एक और युवक पर रेप व हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

इधर, मुख्य आरोपी दिनेश विश्नोई पिछले 10-15 दिन से युवती को परेशान कर रहा था। रेप और हत्या से कुछ दिन पहले ही ट्रांसफर हुए सीआई अरविन्द सिंह शेखावत पर भी अब इस केस में लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। युवती अपने गांव से कम्प्यूटर कोर्स करने रोज सुबह कोचिंग सेंटर पर आती थी। आरोपी उसका पीछा करता था। उसने कोचिंग सेंटर और घर पर यह बात बताई। उसके बाद भाभी के साथ आने लगी, पर आरोपी बाज नहीं आया। युवती के भाई ने बताया कि थाने के सिपाही मनोज व भागीरथ भी आरोपी के साथ होते थे। सीआई से शिकायत भी की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

तब ही आरोपियों पर कार्रवाई कर दी जाती तो उसकी बहन आज जिंदा होती। अब एसपी व आईजी से सख्त कार्रवाई की मांग की है। युवती के पिता की रिपोर्ट पर कॉन्स्टेबल मनोज, भागीरथ सहित दिनेश विश्नोई व दो-तीन अन्य पर केस दर्ज हुआ है। दोनों पुलिसकर्मी निलंबित कर दिए गए। जांच एएसपी ग्रामीण दीपक शर्मा करेंगे।

दिनेश विश्नोई का थाने में नियमित रूप से आना जाना था। सीआई अरविन्द सिंह के ट्रांसफर होने पर विदाई पार्टी में भी दिनेश शामिल था। सीआई को फूल देते का उसका फोटो भी सामने आया है। इतना ही नहीं पुलिस की गाड़ी में बैठकर दिनेश ने कई बार फोटो भी खिंचवाए। ये फोटो भी अब सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिनेश के साथ खाजूवाला थाने के कॉन्स्टेबल मनोज और भागीरथ भी उस कमरे में मौजूद थे, जहां दलित युवती का पहले रेप हुआ और बाद में हत्या कर दी गई। ये दोनों कॉन्स्टेबल ही उसे खाजूवाला के सरकारी अस्पताल लेकर आए, यहां भर्ती कराया और बाद में फरार हो गए। जो अब तक पकड़े नहीं गए हैं। पीड़ित पक्ष को 10 लाख रु. सरकारी सहायता व 15 लाख जन सहयोग से दी जाएगी। थाने के पूर्व सीआई सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी को सौंपी गई है।

आईजी ओमप्रकाश ने बताया कि बीकानेर एसपी को निर्देश दिया है कि दोनों पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच करके उन्हें बर्खास्त किया जाए। युवती से गैंगरेप एक किराए के मकान में हुआ। एफएसएल टीम ने वहां से सबूत जुटाए हैं। बेड पर युवती का खून मिला है। यह मकान दिनेश के दोस्त जस्सा ने किराए पर लिया हुआ था। जबकि दोनों युवक खाजूवाला के हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मकान में पुलिसवाले भी आते-जाते थे।

# बाड़मेर, चौहटन और सांचोर पहुंचे डॉ. सतीश पूनियां, बिपरजॉय तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का जमीनी दौरा किया

## मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वे किया, अब जमीनी सर्वे भी कर लें : डॉ. सतीश पूनियां



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने सांचोर में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया।

- **'भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाड़मेर, चौहटन, पाली से लेकर सांचोर तक लोगों को रिलीफ देने की कोशिश की'**

**जयपुर, बाडमेर, जालोर।** बिपरजॉय तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का जमीनी दौरा करने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां दिनभर बाड़मेर और जालोर जिलों के प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का जमीनी दौरा कर बिपरजॉय तूफान से प्रभावित जमीनी हालात की पीड़ित लोगों से मुलाकात कर जानकारी ली।

डॉ. सतीश पूनियां ने बाड़मेर जिले में चौहटन, गंगासरा, बावतलाई और जालोर जिले में वेडिया, सूथडी, खासरवी, सरवाना, सांचौर में बिपरजॉय तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का जमीनी दौरा कर मकान, जनहानि और पशुधन के नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने सांचौर विधानसभा के नेहड क्षेत्र के वेडिया गांव से जालोर जिले में प्रवेश कर, विधानसभा के सूंथडी और खासरवी गांव में बाढ़ से प्रभावित गौशालाओं का निरीक्षण किया तथा केसुरी गांव में बाढ़ से पीड़ित परिवारों के घरों में जाकर संभाल ली। सरवाना गांव में किसान बंधुओ से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा सांचोर शहर के व्यापारी बंधुओ से भी भेंट कर बाढ़ में हुए व्यापारिक नुकसान की जानकारी ली।

उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि, बिपरजॉय तूफान से बाड़मेर, जालौर, पाली, सिरोही, जोधपुर इत्यादि जिलों में कच्चे झोंपड़ों से लेकर मकानों तक कई जगह जनहानि हुई है। मैंने कल मुख्यमंत्री का ट्वीट देखा, श्रीमान हेलिकॉप्टर में बिराजे थे, आसमान से जमीन की तरफ देख रहे थे। ट्वीट में लिखा था कि, मकान डूबे हैं, उम्मीदें नहीं डूबने दूंगा, मैंने उनके ट्वीट पर लिखा कि कांग्रेस शासन में मकान भी डूब गये और अवाम की उम्मीदें भी डूब गई। लेकिन बिपरजॉय तूफान के कारण राजस्थान के विभिन्न अंचलों में बाड़मेर, पाली, जालोर, सिरोही, जोधपुर और अजमेर में जिस तरीके के हालात बने हैं, उससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि क्योंकि जब इस तरीके से कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो लोग कहते हैं कि रामजी की मर्जी है, लेकिन जब लोग निराश होते हैं तो लोग कहते हैं कि रामजी रूठ गये और राज भी रूठ गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वे तो किया लेकिन उस हवाई सर्वे में बाढ़ में डूबे लोगों के आंसू नहीं दिखे होंगे और जिस तरीके से लीपापोती की, सियासी बयान दिये, उससे बाढ़ राहत भी महंगाई राहत की तरह खोखली साबित हो गई। यह बात ठीक है कि यह प्राकृतिक आपदा है, पर अब समय विज्ञान और तरक्की का है, पूर्वानुमान बहुत पहले से आ जाते हैं, मेघालय से भी ज्यादा उसके समकक्ष 300 मिलीमीटर से भी ज्यादा बारिश प्रदेश में कई स्थानों पर हुई। एक अनुमान है कि 10 हजार मकानों से लेकर 50 हजार कच्चे झोंपड़ों से लेकर, मवेशियों से लेकर और तालाब में डूबने से जनहानि हुई है। अशोक गहलोत ने जो बयान दिये उसमें कहीं लगा ही नहीं कि उनको कोई संवेदना है और ना ही राज्य सरकार ने तत्परता से कोई काम किया। हेलिकॉप्टर का दौरा तो सामान्य रूप से कोई भी कर सकता है, लेकिन क्या उस अंतिम व्यक्ति तक रिलीफ पहुंची है क्या?

उन्होंने कहा कि कई जगह से यह जानकारी मिल रही है कि कई-कई दिनों तक पानी है, जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा है, कई लोगों तक भोजन और रसद की डिलीवर नहीं पहुंची है। जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गये, उनका आकलन होकर रिलीफ नहीं पहुंची है, इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री ने सिर्फ हवाई दौरा किया है, मैंने उनके ट्वीट पर लिखा कि मकान भी डूब गये और अवाम की उम्मीदें भी डूब गईं। मुझे जो जानकारी मिली है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चौहटन, सांचोर, पाली और उसके आस-पास के क्षेत्रों में प्रयास करके लोगों को रिलीफ देने की कोशिश की है। जो इस पूरे दौरे के दौरान जो चीजें मेरे ध्यान में आएंगी, उस आधार मैं राज्य सरकार को भी कुछ सुझाव दूंगा, लेकिन प्राथमिक तौर पर सुझाव है कि आपदा प्रबंधन को अब जीवन और पाठयक्रम का हिस्सा बनाया जाये, कामकाज और प्रशासन एवं सरकार का हिस्सा बनाया जाये, ताकि भविष्य में जब किसी तरीके की कोई आपदा आती है तो उसके लिये बहुत पहले से हम तैयार हो जाये।

पूनिया ने मुख्यमंत्री से मांग कि की अच्छा है कि उन्होंने हवाई सर्वे किया है, लेकिन थोड़ा जमीनी सर्वे भी कर लें, सरकारी मशीनरी को ठीक से लगायें और केवल इतना ही नहीं, अभी भी जिन क्षेत्रों में पानी भरा है, जहां से बीमारियों के फैलने का अंदेशा है, जिनके आशियाने उजड़ गये, जिनको भोजन और राशन की आवश्यकता है, तत्काल उपाय करें। क्योंकि मेरी जानकारी में चौहटन से लेकर सांचोर तक अभी तक मुख्यमंत्री की हवाई सर्वेक्षण के अलावा कोई तत्परता मुझे दिखी नहीं है।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, रानीवाडा विधायक नारायणसिंह देवल, पूर्व जिला प्रमुख वन्नेसिंह गोहिल भाजपा नेता दानाराम चौधरी, सांवलाराम देवासी, महेन्द्र चौधरी, चौथाराम कोली, प्रवीण माली, हनुमान प्रसाद भादू, नरिंगाराम पटेल निम्बावास, मोतीराम चौधरी भारताराम चौधरी, मफाराम माली, अर्जुन माली, तेजपालसिंह चारण, मुकेश सिंह चारण, हंजारीमल ऐचरा सहित कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मौजूद रहे।

# 31 लाख की लूट की घटना का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

## घटना का मुख्य आरोपी उधार देने वाले व्यापारी का नौकर ही निकला



कोटा पुलिस ने 31 लाख रुपये की लूट करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**कोटा,** (निसं)। शहर में बुधवार को हुई 31 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे पहले ही मामले का खुलासा कर दिया है। साथ ही इस वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्होंने इस लूट की वारदात को अंजाम दिया था। साथ ही अन्य आरोपियों के संबंध में पड़ताल आरोपियों से की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में घटना का मुख्य आरोपी उधार देने वाले व्यापारी का नौकर ही निकला है पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करेगी जहां से उनकी रिमांड मांगेगी रिमांड मिलने पर उससे अन्य आरोपियों के संबंध में भी पड़ताल करेगी। कोटा शहर के एसपी शरद चौधरी ने बताया कि बैग में रुपए लेकर जितेंद्र मेहता सिंधी कॉलोनी रावतभाटा रोड स्थित जिंदल सेल्स से निकला था। जिसे दुकान से चंद मिनट की दूरी पर ही कुछ लोगों ने पीछे से आकर चाकुओं से हमलाकर बैग छीनकर फरार हो गए थे।

इस मामले में कोटा शहर पुलिस पूरी मुस्तैदी से जांच में जुट गई थी। घटना के तथ्यों के अनुसार पुलिस अधिकारियों और साइबर सेल की टीम ने तकनीकी अनुसंधान के बाद दो आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तार किया है। इनमें कंसुआ शिव मंदिर के नजदीक रहने वाला विष्णु प्रजापत और उड़िया बस्ती संजय नगर निवासी इनायत हुसैन शामिल था। पुलिस ने इनायत हुसैन से 2.15 लाख रुपए भी बरामद कर लिए हैं। जबकि अन्य राशि के बारे में पड़ताल की जा रही है। एसपी चौधरी ने बताया कि मुख्य आरोपी विष्णु प्रजापत, जिंदल सेल्स की दुकान पर ही काम करता है जिसे यह भी जानकारी थी कि उसके मालिक नितेश जिंदल से लोग राशि उधार लेकर जाते हैं। साथ ही इस राशि को एक-दो दिन में वापस लौटाकर भी जाते हैं।

इसी संबंध में सेठ नितेश जिंदल दिल्ली गए हुए थे और बुधवार को ही राशि कोई व्यक्ति को देनी थी। ऐसे में उसने पहले से ही इस राशि की लूट की योजना इरफान नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर बना ली थी। साथ ही इस मामले में जितेंद्र के दुकान पर आने के समय इरफान को उसने सूचना भी दे दी थी। इस वारदात को अंजाम देने के लिए इरफान ने पूरी गैंग बना ली थी। जिसमें 5 से आदमी शामिल थे। जितेंद्र के दुकान से बाहर निकलने पर ही चाकू और बंदूक की नोक पर पैसा छीन लिया गया। इसमें जितेंद्र को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया गया था। इनमें इरफान और अन्य लोग शामिल हैं। जिनके संबंध में पड़ताल की जा रही है। साथ ही लूट की शेष राशि वारदात में प्रयुक्त वाहन और हथियार बरामदगी के प्रयास पुलिस कर रही है।

# बेरोजगार युवाओं के साथ सरकार कर रही छलावा : देवनानी

## 'कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सरकारी खर्च पर बनाया जायेगा प्रेरक'

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने राज्य सरकार की और से 50 हजार महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की नियुक्ति पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि चुनावी साल में इन नियुक्तियों के जरिए सरकार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को सरकारी खर्च पर अपना प्रचार- प्रसार करवाने का जिम्मा सौंपने जा रही है।

देवनानी ने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं के साथ छलावा कर रही है। देवनानी ने महात्मा गांधी सेवा प्रेरको की नियुक्ति और उनके कार्यकाल अवधि पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि सरकार को अगर वाकई में बेरोजगारों की चिंता होती तो इन प्रेरकों का कार्यकाल महज एक वर्ष का ही क्यों रखा गया। साथ ही महज 4500 रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की मंशा बेरोजगारों को राहत देने की जगह अपने कार्यकर्ताओं को चुनावी साल में सरकारी खर्च पर उपकृत करना है। देवनानी ने आरोप लगाया कि चयनित प्रेरकों को गांधी दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जायेगा जहां खुद कांग्रेसी कार्यकर्ता पहले से बैठे हुए है।

देवनानी ने कहा कि बीते साढ़े चार साल में 18 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। आरपीएससी और अधिनस्थ बोर्ड की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। पेपर लीक कांड में आरपीएससी का सदस्य को गिरफ्तार होना चिंताजनक विषय है। सदस्य द्वारा करोड़ों रुपए लेकर, पेपर लीक सरगनाओं को पेपर बेचा गया। जांच के नाम पर कांग्रेस सरकार के द्वारा लीपापोती होती है। सरकार बेरोजगारों के मुद्दे पर कतई संवदेनशील नहीं है। भर्ती परीक्षाएं समय पर पूरी नहीं हो रही जिसके चलते कई युवा ओवरएज हो रहे है। भर्ती परीक्षाओं को पूरा होने में औसतन दो से तीन साल लग रहे हैं। पेपर लीक से लेकर प्रश्नों पर विवाद और कोर्ट में लंबित मामलों के चलते प्रदेश का युवा बेरोजगार वर्ग हताशा और निराशा में डूबता जा रहा है।

# नशा तस्कर को भेजा जेल

**हनुमानगढ़,** (निसं)। 10 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में गिरफ्तार युवक को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। जंक्शन पुलिस की ओर से 10 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किए गए शाकिर हुसैन (34) पुत्र मोहम्मद अब्बास जोइया निवासी वार्ड 11, जंडावाली पीएस सदर को टाउन पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेश कर एक दिन का पीसी रिमांड मंजूर करवाई थी। जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी नरेश गेरा के नेतृत्व में पुलिस टीम रात को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम रीको इंडस्ट्रीयल एरिया फेज 2 में पहुंची तो एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगी। शक होने पर पुलिस ने तलाशी ली तो युवक के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन मिली थी। पुलिस ने हेरोइन बरामद कर मौके से शाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच टाउन पुलिस को सौंपी है।

# प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के हस्तक्षेप के बाद महापौर-पार्षदों का धरना 10 दिन स्थगित

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रंधावा ने महापौर मुनेश गुर्जर, उपमहापौर असलम फारूकी और पार्षदों से पीसीसी वॉर रूम में करीब 2 घंटे तक बातचीत कर प्रकरण की जानकारी ली

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। महापौर मुनेश गुर्जर और उनके समर्थक 50 पार्षदों के साथ हैरिटेज निगम के अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा का विवाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तक पहुंच गया है। हालांकि रंधावा ने मंत्री-विधायकों और मेयर-पार्षदों से पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद 10 दिन में यह मुद्दा सुझलाने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद हैरिटेज निगम में पिछले 7 दिन से चल रहा मेयर-पार्षदों का धरना भी स्थगित हो गया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने गुरूवार सुबह पहले तो मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास व महेश जोशी तथा विधायक रफीक खान व अमीन कागजी को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय बुलाकर चर्चा की। इसके बाद महापौर मुनेश गुर्जर और पार्षदों से भी करीब 2 घंटे तक बातचीत कर पूरा प्रकरण समझा।

महापौर मुनेश गुर्जर और डिप्टी मेयर असलम फारुकी समेत पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल दोपहर करीब 12 बजे पीसीसी वॉर रूम पहुंचा था। प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने हैरिटेज नगर निगम विवाद को लेकर पूरा पक्ष जाना। चर्चा के बाद बाहर निकली मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि हमने अपनी बात प्रभारी तक रख दी है, इस मामले में अब प्रदेश प्रभारी ही निर्णय करेंगे। उन्होंने हमारी बात को गंभीरता पूर्वक सुना है। मेयर ने कहा, अभी धरना समाप्त करने को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है।



हैरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर और उपमहापौर असलम फारूकी ने गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से वार्ता की।

- इससे पहले रंधावा ने मंत्री महेश जोशी व प्रताप सिंह तथा विधायक रफीक खान और अमीन कागजी से भी पूरे प्रकरण की रिपोर्ट ली
- अतिरिक्त आयुक्त के निलंबन की मांग को लेकर पिछले 7 दिन से हैरिटेज निगम में धरना दे रहे थे मेयर मुनेश गुर्जर और उनके समर्थक पार्षद

डिप्टी मेयर असलम फारूकी ने बताया कि अतिरिक्त आयुक्त राजेन्द्र वर्मा द्वारा अभद्रता करने तथा पार्षदों को दिए जाने वाले 5-5 बीट कर्मचारियों के वर्कऑर्डर की फाइल बेवजह अटकाने की शिकायत और कागजात भी हमने प्रभारी रंधावा को सौंपे है। उन्होंने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की बात कही है।

मंत्री खाचरिवास ने वार रूम के बाहर आकर मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में कई कांग्रेस के मेयर और पार्षद है, कांग्रेस ने उन्हें अपना सिंबल दिया, तब वे जीत कर के आए हैं। पार्टी इस मामले को देख रही है, सभी मिलकर बैठे थे, बातचीत से समाधान निकल सकेगा।

खाचरियावास ने कहा कि नगर निगम की समस्या को दूर करने को लेकर बात हुई है। जो वीडियो सामने आए है, उनमें अधिकारी के खिलाफ एक भी वीडियो नहीं है। अनुसूचित जाति-जनजाति हमारी ताकत है। उनकी परिषद् ने जो सवाल किए है, जो भी समाधान होगा, जल्दी सामने आ जाएगा। धरने के लिए मेरे से जिलाध्यक्ष के तौर पर कोई इजाजत नहीं ली गई। सिविल लाइन के पार्षदों ने मुझसे बातचीत की थी, इसलिए वे धरने पर नहीं गए। चारों मिल बैठकर बात करके इस धरने का जल्द समाधान निकालेंगे।

# 'मुफ्त बिजली 100 यूनिट हुई तो घटी सरकारी सब्सिडी'

**जयपुर**। राजस्थान की गहलोत सरकार इन दिनों प्रदेश के प्रत्येक परिवार को 50 यूनिट के बजाय 100 मुफ्त बिजली मुफ्त देने के नाम पर खुद की वाहवाही करते नहीं थक रही है। लेकिन मजेदार बात यह है कि राजधानी जयपुर में जहां सरकार बैठती हैं, वहीं पर बिजली बिलों में दी जाने वाली सब्सिडी में गफलत सामने आयी है।

जयपुर निवासी पैथोलॉजिस्ट डॉ. रोहित जैन ने सोशल मीडिया पर जयपुर डिस्कॉम द्वारा जारी अपने अप्रैल व मई माह के बिजली बिल को शेयर करते हुए सब्सिडी देने में गफलत की पोल खोली है। उनका कहना है कि अप्रैल माह में जब सरकार 50 यूनिट मुफ्त बिजली देती थी, तब 750 रुपये सब्सिडी की राशि बिजली के बिल में से कम हुई थी, लेकिन जब मई माह में 100 यूनिट मुफ्त बिजली का बिल आया तो उसमें यह राशि घटकर 562.50 रुपये ही कर दी गई। इससे साफ जाहिर होता है कि राजस्थान सरकार आखिर किस तरह से आमजन को मूर्ख बनाने का काम कर रही है।

# 606 नवीन पदों का होगा सृजन

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नवसृजित 15 जिला में प्रशासनिक कार्य सम्पादन की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालयों हेतु 606 नवीन पदों के सृजन की मंजूरी दी है। उन्होंने नवसृजित कार्यालयों को विभागीय भवन उपलब्ध होने तक किराये के भवन में संचालित किये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की है।

# 5 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के ब्रह्मपुरी थाना इलाके में 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में बच्ची के परिचित ममेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद कल रात से फरार चल रहा था। पीड़ित परिवार बच्ची को लेकर रात को ब्रह्मपुरी थाने पहुंचा था। बच्ची के ब्लीडिंग हो रही थी, जिस पर पुलिस बच्ची के परिजनों को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां पर बच्ची का उपचार शुरू कराया गया। बच्ची के परिजनों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने रात को ही आरोपी को पकड़ने के लिए संभावित इलाकों में दबिश देना शुरू कर दिया। जिस पर आज आरोपी की गिरफ्तार की गई।

पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस एक्टिव हो गई। बच्ची की बुआ और उसके पिता उसे थाने लेकर आए थे। बच्ची की हालत देख कर थाना पुलिस ने सीनियर ऑफिसर को घटना की जानकारी दी। जिस पर बच्ची का पहले मेडिकल करवाया गया जिसके बाद उसका उपचार शुरू हुआ।

परिजनों ने रिश्ते के भाई पर आरोप लगाया जिस पर आरोपी की तलाश शुरू की लेकिन आरोपी ना घर पहुंचा ना ही उसका मोबाइल नंबर लग रहा था। जिस पर आरोपी के संभावित ठिकानों पर होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने देर रात दबिश देना शुरू किया। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कल कोर्ट में पेश किया जाएगा। आगे की पूछताछ लिए आरोपी को रिमांड पर लिया जाएगा।

# भाविनी भार्गव को ऑस्ट्रेलिया में मिली 70 लाख की स्कॉलरशिप

**जयपुर** (कासं)। जयपुर की बहुमुखी युवा प्रतिभा भाविनी भार्गव ने अपनी उपलब्धियों से न सिर्फ राजस्थान का, बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया की विश्व प्रसिद्ध डीकिन यूनिवर्सिटी की ओर से 70 लाख रुपए की डीकिन राजस्थान रॉयल्स 100 प्रतिशत वाइस चांसलर्स स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। इसके जरिए वर्तमान में वे वहां बैचलर इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट का कोर्स कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि कई चरणों की परख के बाद इस स्कॉलरशिप के लिए दुनियाभर के कुछ युवाओं का चयन किया जाता है। इसमें इस सैशन में भारत से जयपुर की भाविनी भार्गव सहित सिर्फ दो स्टूडेंट्स का चयन किया गया है। राजस्थान के एनजीओ वसुधा जन विकास संस्थान के साथ इंटर्नशिप के तहत गांवों की लड़कियों को खेलों के बारे में जागरूक करने तथा स्पोर्ट्स व एकेडमिक अचीवमेंट्स के आधार पर इस स्कॉलरशिप के लिए भाविनी का चयन किया गया। वे जयपुर के प्रसिद्ध डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. पुनीत भार्गव व डॉ. सीमा भार्गव की बेटी हैं।



ऑस्ट्रेलिया में भारतीय स्टूडेंट्स को अपने काम से मोटिवेट करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाविनी भार्गव को भारत और ऑस्ट्रेलिया में एजुकेशन कोलोब्रेशन का मोटिवेशन फेस चुन चुके हैं। भाविनी इस सम्मान को एक बड़ी जिम्मेदारी मानती हैं और उम्मीद करती हैं कि स्टडी के लिए विदेश जाने वाले भारतीय स्टूडेंट्स दुनियाभर में अपनी उपलब्धियों से देश का नाम रोशन करें। भाविनी ने इंग्लिश पोएम बुक अनहियर्ड लिखी है, जो आज अमेजन की बेस्ट सेलिंग बुक है और इससे भाविनी अमेजन की बेस्ट सेलिंग बुक राइटर बन चुकी हैं। इस बुक में इस युवा लेखिका ने अपनी रचनाओं के जरिए बताया है कि जीवन में उतार-चढ़ावों से कैसे पार पाया जा सकता है।

# आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**जयपुर** (कासं)। द एशिया एचआरडी कांग्रेस ने राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त पवन अरोड़ा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ हाऊसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित कोचिंग हब, ए.आई.एस. रेजिडेंसी, जयपुर चौपाटी और मुख्यमंत्री जन आवास योजना के लिए 4 पुरस्कारों से सम्मानित किया।

जयपुर के एक 5 सितारा होटल में आयोजित भव्य समारोह में अरोड़ा को व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रेणी में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर मुख्य अभियंता प्रथम के.सी. मीणा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। द एशिया एचआरडी कांग्रेस ने कोचिंग हब को इन्नोवेटिव प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर, एआईएस रेजिडेंसी को बेस्ट इनोवेशन इन प्रोडक्ट डिजाइन, मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बन रहे फ्लैट्स को डवलपर ऑफ द ईयर (एफोर्डिंग हाउसिंग) और जयपुर चौपाटी को डवलपर ऑफ द ईयर (रिटेल) की श्रेणी में सम्मानित किया गया है।



आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि बेहतर लीडरशिप के साथ टीम का मजबूत होना भी बेहद जरूरी है। मंडल के अधिकारियों और कार्मिकों की टीम ने विगत 4 वर्षों में वह कर दिखाया जो पिछले कई दशकों में संभव नहीं हो पाया। मंडल के खाते में लगातार सम्मान और पुरस्कारों का आना मंडल की आमजन के प्रति प्रतिबद्धता व मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुरस्कारों का सिलसिला लगातार चलता रहेगा।

# पालतू डॉग को बेहरमी से पीटा

**जयपुर**। राजधानी के चित्रकूट इलाके में पालतू डॉग को बेहरमी से पीटने का मामला सामने आया है। डंडे से ताबड़तोड़ वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। बेहोश होकर जमीन पर गिरने के बाद उसको पीटने से छोड़ा गया। घायल डॉग का निर्माण नगर स्थित एक डॉग क्लिनिक में इलाज चल रहा है। चित्रकूट थाने में पशु प्रेमी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी पशु प्रेमी लाज जैन (51) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। गांधी पथ वैशाली नगर स्थित एक मकान में जयपुर माल के कर्मचारी रहते है। करीब 10 दिनों से एक पालतू डॉग वहां आया हुआ है। गत 18 जून की रात बारिश हो रही थी। रात करीब 8 बजे पालतू डॉग बारिश से बचने के लिए घर में जाने लगा। घर में मौजूद कर्मचारी अजय शेखावत ने कुत्ते को आते देखकर डंडे से हमला कर दिया। डंडे से ताबड़तोड़ वार कर पालतू डॉग को लहूलुहान कर दिया। यह देखकर सामने कैफे में आए सिविल लाइंस निवासी पुर्जित शर्मा ने पालतू डॉग को हेल्प इन सफ्रिंग में भर्ती करवाया।

# महात्मा गांधी अस्पताल ने एक दिन में 6 स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट किए

**जयपुर** (कासं)। सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के किडनी प्रत्यारोपण विशेषज्ञों ने हाल ही में एक दिन में 6 रोगियों में स्वैप किडनी प्रत्यारोपण कर राज्य में इतिहास रचा है। खास बात यह है कि इन सभी रोगियों को उसी ब्लड ग्रुप का मैचिंग डोनर नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में किडनी प्रत्यारोपण नहीं हो पा रहा था। एक अस्पताल में एक दिन में एक साथ छह स्वैप किडनी प्रत्यारोपण करने का देश के चिकित्सा इतिहास में बहुत ही कम उल्लेख मिला है।

- 'इस अस्पताल में अब तक 1600 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके'



किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के निदेशक तथा विख्यात यूरोलोजिस्ट प्रो. डॉ. टी सी सदासुखी तथा राजस्थान के जाने-माने गुर्दा रोग विशेषज्ञ व महात्मा गांधी अस्पताल में नेफ्रेलोजी हैड प्रो. डॉ. सूरज गोदारा ने बताया कि डोनर किडनी देने को तैयार हो और ब्लड ग्रुप मैच नहीं हो तो यह बड़ी निराशाजनक स्थिति होती है। स्वैप किडनी डोनेशन के जरिये रोगियों को उपचारित किया जा रहा है। स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट उसी स्थिति में हो सकता है जबकि कई रोगी तथा डोनर्स वेटिंग में हों। महात्मा गांधी अस्पताल में राज्य के सर्वाधिक किडनी प्रत्यारोपण किये गये है। अब यह संख्या 1600 से अधिक हो गई है। हाल ही में किए गए सभी ऑपरेशन विगत 8 मई,2023 को हुए। इसमें 4 सर्जन्स ने 4 ऑपरेशन थियेटर्स में, सुबह 8 बजे ऑपरेशन शुरू किये थे जो करीब 12 घण्टे चले तथा रात 8 बजे तक पूरे हो सके थे। गहन चिकित्सा इकाई में उन्हें संक्रमणमुक्त वातावरण में रखा गया तथा 10 दिन की रिकवरी के बाद छुट्टी दे दी गई। अभी किये गये फॉलो-अप में सभी रोगी जिनमें किडनी प्रत्यारोपित की गई तथा सभी डोनर्स पूरी तरह ठीक हैं तथा शीघ्र ही वे सामान्य दिनचर्या में लौट आये हैं। डॉ. सूरज गोदारा ने बताया कि यहाँ कैडेवर, लिविंग डोनर, एबीओ इंकॉम्पिटिबल तथा स्वैप तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं।

# प्रेसिडेन्ट नाइट का आयोजन



**जयपुर**। रोटरी क्लब जयपुर एमरल्ड की जी.ओ.वी. एवं प्रेसिडेन्ट नाइट का आयोजन आरएएस क्लब में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सचिव दुष्यन्त मेहता, कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने क्लब के सदस्यों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ में सदस्यों को पिछले वर्ष 2022-23 में किये गए कार्यो का पूरा विवरण दिया एवं सदस्यो को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 के गवर्नर डॉ. बलवंत सिंह चिराना एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सेक्ट्री 3054 नीरज अगरवाल उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम के पश्चात् म्यूजिकल नाइट का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी सदस्यो ने सपरिवार बढ-चढकर हिस्सा लिया। मनीष गुप्ता ने रोटरी क्लब जयपुर एमराल्ड की टीम को धन्यवाद दिया।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

**जयपुर**। मालपुरा गेट इलाके में गुरुवार सुबह एक युवक का लहूलुहान शव झाड़ियों में पड़ा मिला। पत्थर से सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। दो दिन से लापता होने पर परिजन उसे ढूंढ रहे थे।

पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे जैन नसिया रोड पर झाड़ियों में एक युवक की लाश मिली। लहूलुहान हालत में शव मिलने का पता चलने पर लोगों में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान करण खटीक (28) पुत्र राजेन्द्र निवासी वाटिका रोड सांगानेर के रूप में हुई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पत्थर से सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया।

# झोटवाड़ा एलिवेटेड बनाने में देरी पर जे.डी.सी. नाराज

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में चुनावी साल शुरू होने के साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण एक्टिव मोड में आ गया है। गुरुवार को जेडीसी जोगाराम ने जयपुर शहर के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने झोटवाड़ा ओवर ब्रिज के निर्माण में हो रही देरी पर अधिकारियों को लताड़ लगाई। साथ ही बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था तुरंत सुधारने को कहा।

जेडीसी ने बताया कि झोटवाड़ा ओवर ब्रिज के सभी पात्र हितधारियों की भूखण्डों की लॉटरी निकाली जा चुकी है। लगभग सभी आवंटन पत्र जारी किये जा चुके हैं। फिलहाल मौके पर स्ट्रक्चर को हटाये जाने और भूमि का भौतिक कब्जा लिये जाने का काम जारी है। जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल लगभग 610 स्ट्रक्चर को हटाया गया है। जहां से भूमि का भौतिक कब्जा लिया जा चुका है। वहीं शेष रहे स्ट्रक्चर को हटाये जाने की कार्यवाही लगातार जारी है। बता दें कि वर्तमान में लगभग 400 मीटर लम्बाई आरओबी का काम निवारू लेन से लता सर्किल और खातीपुरा की तरफ पूरा किया जा रहा है। ज्ञात रहे कि जेडीसी जोगाराम गुरुवार को निर्माणाधीन झोटवाडा आरओबी का दौरा करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट में आ रही देरी के कारण को समझअधिकारियों को ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिये। इस दौरान जेडीसी के साथ ही निदेशक अभियांत्रिकी देवेंद्र गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता मौजूद थे।

# लालकोठी में 1200 वर्गगज जमीन से हटाया अतिक्रमण

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरूवार अलसुबह लालकोठी क्षेत्र में अवैध निर्माण व अतिक्रमणों को ध्वस्त कर करीब 1200 वर्गगज सरकारी जमीन पर कब्जा लिया। इसके अलावा बस्सी क्षेत्र में 20 बीघा जमीन पर बसाई जा रही 6 अवैध कॉलोनियों को भी खुर्द-बुर्द करना शुरू किया।


जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जेडीए प्रवर्तन दस्ते ने जोन-3 स्थित लालकोठी में जेडीए स्वामित्व की बेशक़ीमती करीब 1200 वर्गगज सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। यहां भूखंड संख्या 127, 128 व ई-243 से ई-246 पर दीवार से टीनशेड, छप्पर, लेटबाथ, गेट बनाकर अवैध अतिक्रमण कर रखा था। जोन उपायुक्त व प्रतर्वन टीम की निशानदेही पर गुरूवार को यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि इस जमीन की अनुमानित क़ीमत 25 करोड़ रुपए है।

# आवंटित डेयरी बूथ किराए पर देने वालों की खैर नहीं!

## ग्रेटर नगर निगम प्रशासन शहर के तमाम डेयरी बूथों का वैरिफिकेशन करवाएगा, अगर कहीं पर आवंटी की जगह अन्य व्यक्ति मिला तो बूथ का आवंटन निरस्त करेंगे : रमेश चंद्र सैनी

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम से आवंटित डेयरी बूथ को किराए पर देकर अपनी जेबें भरने वाले लोगों की अब खैर नहीं है। ग्रेटर निगम प्रशासन शहर के तमाम डेयरी बूथों का वैरिफिकेशन करवाएगा, अगर किसी जगह पर मूल आवंटी की जगह दूसरा व्यक्ति बूथ संचालित करता पाया गया तो उस पर सख्ती करते हुए आवंटन निरस्त किया जायेगा। यह फैसला गुरूवार को लाइसेंस समिति चेयरमैन रमेश चंद्र सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया।

रमेश सैनी ने बताया कि ग्रेटर निगम क्षेत्राधिकार में 100 मैरिज गार्डनों और 350 से ज्यादा डेयरी बूथों का शुल्क बकाया है, उसे वसूलने के लिए भी नगर निगम प्रशासन काम करेगा। डेयरी बूथों पर सर्वे के जरिए मूल आवंटी का सत्यापन, अवैध डेयरी बूथ, बिना अनुमति आवंटित स्थान परिवर्तन करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। रमेश सैनी ने बताया कि वर्तमान में केवल होटल बुक कराकर होटल के खुले गार्डन में होने वाले विवाह व अन्य समारोह करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता, इसके लिए निगम ऐसे नियम बनाएगा, जिससे होटल के गार्डन एरिया का भी पंजीकरण करवाना होगा। इसके अलावा शहर में चल रहे स्विमिंग पूल को लाइसेंस के दायरे में लाने जाने के लिए नियम बनाए जाएंगे, जिससे कि ग्रेटर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हो।



ग्रेटर निगम की लाइसेंस समिति के चेयरमैन रमेश चंद्र सैनी ने गुरूवार को डेयरी बूथों के आवंटन और राजस्व वृद्धि के मुद्दे को लेकर बैठक की।

- नये डेयरी बूथों को नीले रंग के बजाय गुलाबी रंग से रंगा जाए : कविराज सेठी
- 350 डेयरी बूथों और 100 मैरिज गार्डनों से बकाया शुल्क वसूलने के निर्देश

बैठक में सदस्य कविराज सेठी ने प्रस्तावित किया कि जयपुर शहर, गुलाबी नगरी के नाम से प्रसिद्ध है, इसलिए हैरिटेज महत्व को ध्यान में रखते हुए डेयरी बूथों का नीले रंग हटाकर इसे गुलाबी किया जाए। जयपुर ग्रेटर नगर निगम का लोगो भी डेयरी बूथ पर लगाया जाए। सेठी ने वर्तमान में चल रही डेयरी बूथ आवंटन प्रकिया में समिति को शामिल ना किये जाने तथा आवंटन प्रक्रिया में सामने आ रहे भ्रष्टाचार पर गहरी नाराजगी जताई। कविराज ने बूथ आवंटन में कांग्रेसीकरण कर पक्षपात करने के आरोप लगाए और साधारण सभा में इस सम्बंध में चर्चा कराने का प्रस्ताव रखा। बैठक में चैयरमेन पारस जैन, पार्षद प्रियंका अग्रवाल, सदस्य कविराज सेठी, राधेश्याम रैगर, कैलाश नारायण शर्मा, राजेन्द्र खरवास, राजस्व अधिकारी पारुल सोनी, विद्या सैन, गीता कारनानी और देवानंद शर्मा मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मिसेज़ यूनिवर्स की क्राउन अनविलिंग

**जयपुर**। विवाहित और प्लस साइज महिलाओं को फैशन और ग्लैमर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता रहा मिसेज़ यूनिवर्स ऑर्गेनाइज़ेशन अपने नए अध्याय के साथ लौट रहा है। इसी से जुडी जानकारी देने के उद्देश्य से गुरुवार को सी स्कीम स्थित पार्क प्राइम में क्राउन अनविलिंग का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मिसेज़ यूनिवर्स ऑर्गेनाइसजें के सीईओ नरेश मदान, फोर्टी राजस्थान क प्रेजिडेंट सुरेश अठावाल, फोर्टी लेडीज विंग महासचिव ललिता कुछल, अलका गौड़, गौरव प्रताप सिंह, केरला से एंटरप्रिन्योर डॉ शमला, पूनम मदान, पवन गोयल और जेडी माहेश्वरी ने शो से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान नरेश मदान ने बताया कि मिसेज़ यूनिवर्स ऑर्गेनाइज़ेशन की ओर से आयोजित होते रहे सभी 8 ब्यूटी पेजेंट्स, दीवालिशियस मिसेज़ इंडिया यूनिवर्स और एलीट मिसेज़ वर्ल्ड, दीवालिशियस मिसेज़ इंडिया यूनिवर्स, दीवालिशियस मिसेज़ इंडिया वर्ल्ड, एलीट मिसेज़ इंडिया, दीवालिशियस सुपर मॉडल ऑफ़ द ईयर और दीवालिशियस मिस्टर मिस टीन इंडिया की ब्रांड एम्बेस्डर्स की तलाश शुरू हो चुकी है। इसकी शुरुआत करते हुए क्राउन अनविलिंग और लॉन्च का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### जेल कार्मिकों का मेस बहिष्कार जारी

**जयपुर**। वेतन विसंगति दूर करने, राज्य सरकार द्वारा पूर्व में 2017 में व 18 जनवरी 2023 में किये गए समझौते की पालना नहीं होने के कारण जेलकर्मी भूख हड़ताल पर रहते हुए अनिश्चितकालीन मेस बहिष्कार कर बाजू पर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी कर रहे हैं। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि जेल कर्मियों का आंदोलन गुरूवार को भी जारी रहा। जेल कार्मिकों द्वारा प्रदेश की समस्त केंद्रीय कारागार परिसरों, जिला कारागार परिसरों व उप कारागार परिसरों सहित जयपुर जेल कर्मियों द्वारा टेंट लगाकर विरोध जताया जा रहा है। अपनी मांग के समर्थन में शुक्रवार शाम को प्रदेश की समस्त जेलों पर कैंडल मार्च किया जाना प्रस्तावित है। जयपुर शहर में केंद्रीय कारागार जयपुर के मुख्य द्वार से सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर तक कैंडल मार्च किया जाएगा।

### धनखड़ करेंगे शिक्षकों-छात्रों से संवाद

**जयपुर**। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 23 जून को एमएनआईटी जयपुर में शिक्षाविद संवाद बैठक: एनईपी 2020 में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अपनी एक दिवसीय जयपुर यात्रा के दौरान धनखड़ पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और एमएनआईटी जयपुर परिसर में पौधारोपण करेंगे। तत्पश्चात वे शिक्षा, खेल और उद्यिमता के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों से बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित करेंगें। धनखड़ और एमएनआईटी के शिक्षकों और आसपास के शैक्षिणक संस्थानों के कुलपतियों, निदेशकों, प्रधानाचार्यों और विभागों के प्रमुखों के बीच भी शिक्षा से जुड़े विभिन्न सामयिक मुद्दों पर चर्चा होगी। इस दौरान एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के बारे में भी सभी अपने विचार साझा करेंगे।

### महिला बंदियों ने किया योगाभ्यास

**जयपुर**। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार जयपुर द्वारा सेंट्रल महिला जेल एवं ज़िला जेल जयपुर में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्राणायाम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत बंदियों को योग, प्राणायाम, एवं ध्यान कराया गया जिस्मे बंदियों द्वारा उक्त कार्यक्रम में शामिल हो कर जीवन में ध्यान साधना का संकल्प लिया गया। जेल अधीक्षक शिवेंद्र शर्मा एवम जेल स्टाफ द्वारा भी कार्यक्रम में भाग लिया गया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम कराने का विश्वास दिलाया। यह कार्यक्रम योग दिवस पर राजस्थान की सभी जेलो में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा कराए गए है जिनसे लाभान्वित होकर कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिणाम मिले है। कार्यक्रम का संचालन महिला केंद्रीय कारागार में आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ टीचर अपर्णा शर्मा एवं जिला जेल में विजय दत्त शर्मा ने संपादित किया।

### विवाहिता से गैंगरेप का मामला दर्ज

**जयपुर**। खोह-नागोरियान क्षेत्र में एक विवाहिता से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने खोह नागोरियान थाने में चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता (25) ने भूपेंद्र सिंह सहित अन्य 3 लोगों के खिलाफ गैंग रेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी गैंगरेप के बाद से ही उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ARBIT it happens here...



## Public Service Day

No nation runs without the constant and determined work of the people who live there and strive every day with a sense of service to the public. While not everyone serves this purpose, those who do are notable for their dedication. Public Service Day reminds us of the importance of public service, and the people who dedicate themselves every day to the success of their nation.Give a big thanks to the public servants who keep our communities running, from restoring power during a storm to checking for gas leaks and more.

राष्ट्रदूत
FRIDAY
23 June 2023
A-B

*We have introduced a new format that showcases the works of many Jaipur artists and professionals we think should be brought to the attention of our readers. We start with the works of Nihal Mathur and his unique stamp presentations. He tells the Story of Flight by arranging his stamps in historically sequential order to tell the tale. There are in all 38 presentations that takes the reader from the beginning made by the early pioneers and ends with modern aircrafts today.*

*-Editor*




Concept and Design by Nihal Mathur
Computer Graphics by Bharat Kumawat



**Nihal Mathur,** *Filmmaker, Writer*

Nihal's fascination for aircrafts was built into his DNA. Ever since he was child of four he would run out of his home in Alwar upon hearing the drone of a passing airplane - a Dakota or perhaps a Fairchild Packet from the nearby air force base at Agra where his chacha, an IAF pilot, was posted. He would chase the plane as long as he could see or hear it while waving his hand in goodbye shouting "Shaym Chacha Tata". He recalls being punished by the teachers in school when he would rush out of a class in progress to chase the passing airplane. Moving to Jaipur, he found a treasure trove of books on aircrafts in the library of his St Xavier's school which were donated by American catholic organizations. This embedded the images of aircrafts from World War I and World War II. His conditioning was further reinforced by Commando comics that brought vivid images of the aircrafts in action. Time was when he would trace and draw these images of the airplanes on a poster size paper (much like his stamp presentations today). In the Sixties, air war in Vietnam was splashed in the pages of Time and Life magazines, subscribed by his father. The focus of his attention shifted from old propeller planes to modern warfare jets. Why he never learnt flying is a mystery he cannot explain. But his passion continued through college, when he bought each year's edition of The Observer's Book of Aircrafts. Jane's All the World's Aircrafts, considered as the last word on this subject, was far too expensive for him to acquire. He read famous books like Reach for the Sky and collected works of Antonio de Saint Exupery. Then there were classic Hollywood movies like Flight of the Phoenix, The Bridges at Toko-Ri etc. that inflamed his imagination. In his professional life, whichever city he visited he tried to find out if there was an air force base there and if there was one, he would try and get in with some influence to see the planes up-close. Then the years went by with other professional concerns till retirement re-opened the subject with The Story of Flight which he narrated through stamps.

# Between the Wars

## (1918-1939)

## Part I: Passenger Planes




Between the Wars Part II describes the development of Passenger planes into Airliners

# The Rise Of International Travel

World War I truly unleashed the power of the airplane by demonstrating the potential of this new invention. In this period between the two world wars, there was extraordinary development and advancement in aircraft technology by inventors and innovators in Europe and the Americas. Aircraft manufacturing companies spawned across the western world and airplanes evolved from low-powered biplanes made of wood and fabric to high powered monoplanes made of metal. There was not only a creative vibrancy in the design and production of the airplanes but a deeper understanding emerged on how an aircraft could be put to use in civilian lives: transportation, exploration, agriculture, sport, as a trainer etc. Perhaps the primary use of the aircraft was seen in carrying mail. Almost all civilian aircrafts regularly carried mail. This was the time when all kinds of enthusiastic aviators were breaking all kinds of records - in speed, endurance, service ceiling, manufacturing and flying skills etc. With the return to peace, the demand for civilian use of aircrafts boomed because flying became a preferred mode of travel. From customary 2, the planes now began to carry many more passengers. But the numbers were still small. Seaplanes made their splash connecting people across the seas. The first circumnavigation of the globe by an aircraft was achieved in 1924 by a team of US Army pilots and mechanics that did the journey in 175 days, making 74 stops and covering a distance of 27,500 miles in a Douglas World Cruiser aircraft. Then in 1926, Ford's Tri-motor arrived as the largest civil aircraft with a carrying capacity of 12 passengers and played a major role in convincing public that air travel was not only safe but practical. Almost all aircraft manufacturing companies came up with their own passenger planes. So it was just a matter of time before passenger planes transformed into larger capacity Airliners, seating more than a hundred passengers. The age of international travel was beginning.

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

## युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में शव लेने से इनकार कर दिया

**करौली** (नि.स.)। करौली-सरमथुरा नेशनल हाईवे 23 पर दीपपुरा गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक युवक की मृत्यु हो गई जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दो घायलों को गंभीर हालत में करौली अस्पताल से उपचार के लिए जयपुर रैफर किया गया है। हादसे में युवक की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में शव लेने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंचे करौली विधायक लाखन सिंह मीणा और नगर परिषद के सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान ने परिजनों से समझाईश की। विधायक ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना से आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया इसके बाद परिजन शव लेने पर सहमत हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार जनों को सौंप दिया।



अस्पताल में युवक की मौत के बाद परिजनों से विधायक लाखन सिंह मीणा ने समझाईश की।

करौली सामान्य चिकित्सालय पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई महेश शर्मा ने बताया कि करौली की मुस्लिम बस्ती ढोलीखार मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद के पास निवासी फरदीन पुत्र यकीनुउद्दीन मोटरसाइकिल से अन्य युवकों के साथ बुधवार की देर रात करौली लौट रहे थे इस दौरान दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई मोटरसाइकिल सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को इलाज के लिए करौली अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद फरदीन को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए ट्रॉमा वार्ड में भर्ती करते हुए प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया। गुरुवार प्रात मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया और युवक का शव लेने से इनकार कर दिया। बाद में पहुंचे करौली विधायक लाखन सिंह मीणा ने समझाईस कर मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना से आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया इसके बाद परिवार जन शव लेने पर सहमत हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगरपरिषद् की बैठक में भाजपा व कांग्रेस पार्षद उलझे

## सभापति की अध्यक्षता में चूरू नगरपरिषद् की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न



बैठक में सभापति पायल सैनी के समक्ष भाजपा व कांग्रेस पार्षद आपस में उलझ पड़े।

**चूरू,** (कासं)। नगरपरिषद सभागार में सभापति पायल सैनी की अध्यक्षता में गुरूवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेस-भाजपा पार्षदों ने आपस में उलझ कर जोरदार हंगामा खड़ा कर दिया। बैठक में प्रथम एजेण्डा कुम्भाराम आर्य की मूर्ति व सुभाष चौक पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति लगाने के प्रस्ताव से ही विपक्ष के पार्षदों द्वारा हंगामा शुरू कर दिया गया। बैठक में भाजपा पार्षद कई बिंदुओं से असहमत होने के कारण विरोध प्रकट करने लगे। इसी बीच कांग्रेसी पार्षदों व भाजपा पार्षदों ने हंगामा खड़ा कर दिया। जिससे बैठक में कई बार व्यवधान पैदा हुआ।

आयुक्त जोधाराम बिश्नोई ने बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे। सदन ने बहुमत के साथ प्रस्ताव पारित कर दिये व प्रस्ताव संख्या 11 के बिन्दु संख्या छह पर अंकित प्रस्ताव नाला/नाली सफाई कार्य हेतु श्रमिक उपलब्ध करवाने के कार्य का अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि 36.74 लाख रूपये के प्रस्ताव का कार्य पिछले बोर्ड का होने के कारण सदन में उपस्थित सदस्यों ने बहुमत से प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। सभापति पायल सैनी ने बताया कि बैठक में वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों, विभिन्न वार्डों में नवीन विकास कार्यों, अम्बेडकर छात्रावास में टीनशैड निर्माण पर विचार, सफाई व्यवस्था व रोशनी व्यवस्था पर विचार-विमर्श सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

# ''उत्कर्ष क्लासेस'' समर धमाका ऑफर का आज आखिरी दिन

**जोधपुर,** (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा देश भर के विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर समर धमाका ऑफर दिए जाने की घोषणा की गई है जिसका आज आखिरी दिन है। इस ऑफर के तहत विद्यार्थियों को उत्कर्ष एप के 650 से अधिक ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध करवाई जा रही है।

उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने बताया कि विभिन्न विद्यार्थी वर्ग के लिए संस्थान द्वारा रखे गए समर धमाका ऑफर के अंतर्गत उत्कर्ष एप में उपलब्ध सभी केन्द्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं एवं स्कूली ट्यूशन के ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीएससी, एमपीपीएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा एवं बिहार के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, क्लेट, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर उपलब्ध समर धमाका ऑफर का आज आखिरी दिन है।

डॉ. गहलोत ने बताया कि समर धमाका ऑफर के अंतर्गत रखे गए विशेष ऑफर को विद्यार्थियों की बेहद मांग पर बढ़ा दिया गया है। इसके तहत उत्कर्ष एप में उपलब्ध कोई भी लाइव फ्रॉम क्लासरूम ऑनलाइन कोर्स प्राप्त करने पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्त्वपूर्ण एनसीईआरटी फाउंडेशन का ऑनलाइन कोर्स विद्यार्थियों को 23 जून तक निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा उत्कर्ष एप के ऑनलाइन कोर्सेस सीएससी, ई-मित्र अथवा आरकेसीएल के माध्यम से खरीदने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट दिया जाता है।

# युवक ने सुसाइड किया

■ एक पड़ौसी खुद को लॉरेंस का गुर्गा बताकर उसे धमका रहा था

**बीकानेर,** (निसं)। नयाशहर थाना क्षेत्र के पास रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। आरोप है कि उसी का एक पड़ौसी खुद को लॉरेंस का गुर्गा बताकर उसे धमका रहा था और सत्तर हजार रुपए के साथ एक आईफोन भी हड़प लिया था। युवक के खिलाफ पुलिस को परिवाद दिया गया है। इससे पहले भी एक एफआईआर इसी थाने में दर्ज करवाई गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बीकानेर के कल्ला पेट्रोल पंप के पास रहने वाले सुख सिंह ने आरोप लगाया है कि उसके बेटे अशोक सिंह को संजय धारणियां नामक पड़ौसी हर रोज धमका रहा था। खुद को लॉरेंस ग्रुप का सदस्य बताकर पहले पचास हजार रुपए ले लिए। बाद में 87 हजार रुपए और ले लिए। इतना ही नहीं अशोक का आईफोन भी ले लिया जो अब तक संजय धारणियां के पास ही था। बार-बार धमकाने पर अशोक सिंह ने एक एफआईआर अप्रैल महीने में नयाशहर थाने में दर्ज करवाई थी। इस एफआईआर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब अशोक सिंह ने उससे परेशान होकर अपने कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर गुरुवार सुबह नयाशहर थाना प्रभारी वेदप्रकाश मौके पर पहुंचे। युवक का शव पीबीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं कर पा रही है कि पूर्व में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी संजय धारणियां के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो पाई?

# ई-मित्र की दुकान से रुपए व सामान चोरी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। टिब्बी थाना क्षेत्र के सिलवाला खुर्द गांव में चोरों ने ई-मित्र की दुकान से रुपए और अन्य सामान पर हाथ साफ कर लिया। टिब्बी थाने में इस मामले में दुकानदार ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। टिब्बी पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

जांच अधिकारी एएसआई शम्भूदयाल स्वामी ने बताया कि कुंदन लाल (26) पुत्र प्रेम कुमार मेघवाल निवासी सिलवाला खुर्द ने थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा गांव के ही वार्ड 4 की मुख्य सड़क पर ई-मित्र और ग्राहक सेवा केन्द्र एसबीआई के नाम से दुकान है। पीड़ित कुंदल लाल ने पुलिस को बताया कि वह शाम 6 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। 18 जून को सुबह उसके किराएदार ने फोन पर सुबह 6 बजे सूचना दी कि दुकान का ताला खुला पड़ा है। उस समय परिवादी कुंदल लाल ने दुकान पर पहुंचकर देखा तो दुकान और गल्ले का ताला टूटा हुआ था। अन्य समान मोबाइल एक्सेसरीज गायब थी। दुकान के गल्ले में रखे 41 हजार 300 रुपए भी चोरी हो गए। टिब्बी पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सर्प के काटने से युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाने के गांव चैलानाबास में अपने खेत में फसल से खरपतवार हटाते समय सर्प के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसका राजगढ़ थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि राजगढ़ थाने में अन्तर सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह नायक उम्र 30 साल निवासी चैलानाबास तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 21 जून को खेत में खरपतवार करने समय सांय करीबन 6 बजे उसके पिता महेन्द्र पुत्र नत्थूराम नायक निवासी चैलानाबास को सर्प ने काट लिया। जब उन्हें पता चला तो वे अपने पिता को गाड़ी में बैठाकर घर पर ले आये तथा उस समय तबीयत ठीक लग रही थी और उसने सोचा की सुबह हॉस्पीटल ले जायेंगे, लेकिन तब तक तबीयत ज्यादा बिगड़ गई।

# पेट्रोल पंप पर लूट

**अनूपगढ़,** (निसं)। मंडी की कुपली रोड पर स्थित रीको एरिया के पास एक पेट्रोल पंप पर लूट का मामला सामने आया है। देर रात करीब 10.30 और 11 बजे के बीच सात-आठ व्यक्तियों ने पेट्रोल पंप के दो कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ की और 20 हजार और एक मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गए। कर्मचारियों के द्वारा इसकी सूचना पेट्रोल पंप के मालिक कुलदीप भार्गव को दी। सूचना मिलने पर कुलदीप भार्गव मौके पहुंचा और इसकी सूचना घड़साना पुलिस में दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए क्षेत्र में नाकाबंदी करवा दी मगर अभी तक कोई भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाया है। इस घटना में पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी को चोट भी लगी है।

पेट्रोल पंप के कर्मचारी रामकरण ने बताया कि वह अपने साथी गणेश के साथ बुधवार रात्रि पेट्रोल पंप पर कार्य कर रहा था। रात 10 बजे दोनों ने पेट्रोल पंप को बंद किया और सोने के लिए पेट्रोल पंप पर बने केबिन में चले गए। पेट्रोल पंप के केबिन मुख्य गेट जो कि कांच का था और वह गेट लॉक कर दिया। रामकरण ने बताया कि लगभग 10.30-11 बजे के बीच में चार बाइक पर लगभग 7-8 व्यक्ति सवार होकर आए। हमलावर कांच का गेट तोड़ते ही अंदर घुस आए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। रामकरण ने बताया कि उसके व उसके दोस्त गणेश के द्वारा जो शोर मचाया गया तो शोर सुनकर मौके पर काफी लोग आ गए मगर हमलावर पेट्रोल पंप से लगभग 20 हजार और एक मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गए। पेट्रोल पंप के मालिक भार्गव ने बताया कि घड़साना पुलिस थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दे दी गई है।

# युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। गोठ्या की रोही में बने होटल पर मजदूरी करने वाले एक नेपाल निवासी एक व्यक्ति की रेलवे लाईन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने के कारण मौत हो गई, जिसकी गुरूवार को राजगढ़ थाने में मर्ग दर्ज करवाई गई है। थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि अमर बहादुर पुत्र बल बहादुर घरतीमगर उम्र 63 साल निवासी रून्टी गढी गाँव पालिका रोलपा वार्ड नम्बर 2 नेपाल ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसके छोटे भाई का लड़का शंकर पुद्ध जगत घरतीमगर उम्र 23 साल निवासी रूंटी गढी गाँव पालिका रोलपा वार्ड नम्बर०2 नेपाल जो कि एनएच 52 पर होटल मस्ती माल्टा चिकन कॉर्नर पर संदीप उर्फ सोनू पुत्र धूप सिंह जाट निवासी गौठ्या छोटी के होटल पर मजदूरी का काम करता था। आज 22 जून को होटल के पीछे बनी रेलवे लाईनों को पार कर शौचालय जाने हेतु लाईन क्रोस कर रहा था।

# फर्जी पट्टा प्रकरण में कोटड़ी के पूर्व सरपंच गिरफ़्तार

■ डिडवानिया की गिरफ्तारी से भाजपाइयों में रोष

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की कोटड़ी थाना पुलिस ने एससीएसटी के एक व्यक्ति को जातिगत अपमानित कर उसके पुश्तैनी भूखंड का कथिततौर पर फर्जी पट्टा जारी करने के मामले में पूर्व सरपंच और वर्तमान सरपंच पति को गिरफ़्तार किया है। डिडवानिया की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही भाजपाइयों में रोष व्याप्त हो गया। वे, डीएसपी कार्यालय के पास जमा हो गये।

कोटड़ी डीएसपी श्यामसुंदर विश्नौई ने बताया कि धायलों का खेड़ा निवासी गोपाल पुत्र बंशी लाल ने इस मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। इसके बाद 30 मई 2023 को कोटड़ी पुलिस ने गोपाल की इस शिकायत पर अनिल नायक पुत्र रामेश्वर लाल नायक, पूर्व सरपंच जमना लाल डिडवानिया कोटड़ी, सरपंच कान्ता डिडवानिया, सचिव बाबु लाल सुवालका और 10-12 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। गोपाल ने शिकायत में बताया कि एक पुश्तैनी आवासीय भूखण्ड गांव धायलों का खेड़ा, ग्राम पचांयत कोटड़ी में स्थित है, जिसकी नपती 1402 वर्गफिट है जो भाईयों के बंटवारे से परिवादी को मिला था। गोपाल ने हक 3 हिस्से के भूखण्ड का पट्टा बनाने के लिए ग्राम पंचायत कोटड़ी में 18 मार्च 2016 को आवेदन किया। परन्तु ग्राम पंचायत कोटड़ी ने कोई पट्टा जारी नहीं किया। इसके बाद गोपाल ने पुनः उक्त भूखण्ड पर पट्टा जारी करने के लिए 27 अप्रैल 2023 को ग्राम पंचायत कोटड़ी में आवेदन किया। आवेदन के बाद भी ग्राम पंचायत कोटड़ी के सरपंच जमनालाल डिडवानिया व कान्ता देवी एवं सचिव बाबु लाल सुवालका ने आपस में आपसी मिलाभगत कर सरपंच, सचिव द्वारा पट्टा जारी नहीं किया जा रहा है।

उल्टा परिवादी को धमकाया जा रहा है। 21 मई 2023 को दिन के करीब 12 बजे आरोपित, परिवादी गोपाल के पुश्तैनी भूखण्ड पर कब्जा करने की नियत से हमसलाह होकर आये, जिनके हाथों में धारदार हथियार कुल्हाड़ियां और छूरे थे। यह लोग परिवादी के पुश्तैनी भूखण्ड पर सफाई करने पेड़-पौधे काटने लग गये। परिवादी को इसकी जानकारी होने पर उसका बेटा किशन मौके पर गया तो उसके साथ अनिल व उसके साथ आये 10-12 व्यक्तियों ने गाली गलौच कर जातिगत अपमानित किया। परिवादी गोपाल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो लात-घूसों से मारपीट की। जान से खत्म करने की धमकी दी। इसके बाद परिवादी ने ग्राम पंचायत में जाकर जानकारी ली तो सरपंच पति जमना लाल डिडवानिया व सचिव ने जातिगत अपमानित करते हुये धमकी दी कि यहां से भाग जा। तेरे भूखण्ड का पट्टा अनिल के बना दिया है, अब तेरे से हो जो कर लेना।

इस प्रकार सरपंच, सचिव व अनिल नायक ने आपसी मिलाभगत कर यह जानते हुए कि उक्त भूखण्ड परिवादी का पुश्तैनी है, इसके बावजूद भी फर्जी तरीके से अनिल नायक का कोई कब्जा आधिपत्य नहीं होते हुए भी फर्जी पट्टा जारी कर दिया। गोपाल का आरोप था कि सरपंच, सचिव व अनिल नायक उसे लागातार धमकी दे रहे है कि अगर कोई शिकायत की तो तुझे जान से खत्म कर देंगे और तेरे हाथ पैर काट देंगे। पूर्व में अनिल नायक, सरपंच जमना लाल अपने साथ 10-12 व्यक्तियों को साथ में लेकर हाथो में धारदार हथियार कुल्हाड़ी, तलवारे लेकर अनाधिकृत रूप से गोपाल के घर में घुसकर गाली गलौच कर मारपीट करने लगे और जातिगत अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी।

# भूंगरा गैस त्रासदी, मुआवजे की मांग

**हनुमानगढ़,** (निसं)। श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स और राष्ट्रीय मानवाधिकार और भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो के सदस्यों ने भूंगरा गैस त्रासदी के पीड़ितों की 18 लाख रुपए की राशि का भुगतान करवाने की मांग की है। इस मामले में दोनों संगठनों के सदस्यों की ओर से गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स के रविन्द्र सिंह ने बताया कि जोधपुर जिले के भूंगरा गांव में 8 दिसम्बर 2022 को गैस कांड हुआ था। इसमें 35 लोगों की जान चली गई थी। पीड़ितों को मुआवजा राशि मिलनी शुरू हो गई, लेकिन एक परिवार की मृतक 2 मासूम बच्चियों के नाम से जारी 18 लाख रुपए की सरकारी मुआवजा राशि जनाधार से गलत खाता लिंक होने के कारण किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में जमा हो गई। यह व्यक्ति हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी तहसील के खाराखेड़ा गांव का निवासी है। उस व्यक्ति ने यह राशि निकलवाकर खर्च कर दी। इस राशि का भुगतान अभी तक पीड़ित परिवार को नहीं हुआ। अब मासूम मृतक बच्चियों की मां कैलाश कंवर सरकारी सहायता के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। पीड़ित परिवार के समर्थन में जोधपुर में श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स के सदस्यों की ओर से आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी राशि की वसूली में समय लग जाएगा।

# ताश पर जुआ खेलते 10 को दबोचा

■ पुलिस ने 1.29 लाख रूपये जप्त किये


**रींगस,** (निसं)। जयपुर-सीकर हाईवे पर जयपुर रोड पर एक होटल के कोने में बैठकर ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 10 जनों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने दाव पर लगाये गये एक लाख से अधिक की नगदी भी जप्त की है।

थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि सीकर पुलिस अधीक्षक करण शर्मा के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश के लिए पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा नीमकाथाना के निर्देशन तथा रींगस पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह के निर्देशन में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि सूचनाएं इकट्ठी कर पुलिस थाना टीम, डीएसटी टीम, कोबरा टीम सीकर की ओर से होटल पर कार्यवाही करते हुए 10 जनों को दबोचा है। उनके पास से पुलिस ने 1 लाख 29 हजार 900 रूपये भी जप्त किये है। पकड़े गये सभी लोग ताश पर जुआ खेल रहे थे। इनमें लालचन्द यादव, झाबर सिंह जाट, दिनेश शर्मा, मूलचन्द, शेर सिंह, कालूराम, गोपाल, बनवारी लाल नवल सोनी, सूरजा राम को पुलिस ने पकड़ लिया।

# जेल प्रहरियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया

**अजमेर,** (कासं)।समान वेतन की मांग को लेकर लम्बें समय से संघर्ष कर रहे जेल प्रहरी से लेकर कार्यपाल तक के अधिकारी व कर्मचारियों ने अन्न त्याग कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बुधवार को राजस्थान एकीकृत कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कांग्रेस सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सीएम अशोक गहलोत व जेल डीजी के नाम जिलाधीष भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपा।



जेल प्रहरियों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष कांति लाल शर्मा ने बताया कि समान वेतन की मांग को लेकर लम्बें समय से संघर्ष कर रहे जेल प्रहरी से लेकर कार्यपाल तक के अधिकारी व कर्मचारियों ने अन्न त्याग कर अपने कृर्तव्य का निर्वहन करते हुये बुधवार को राजस्थान एकीकृत कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कांग्रेस सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत व जेल डीजी के नाम जिलाधीष भारती दीक्षित को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी अब भूख हड़ताल पर आने को मजबूर हो गए हैं, क्योंकि सात दिन तक काली पट्टी बांधकर विरोध करने के बाद भी जब सरकार के कानों तक जेल प्रहरियों की आवाज नही पहुंची तो मंगलवार से जेल प्रहरियों ने अन्न का त्याग कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया। गौरतलब है कि जनवरी 2023 में बड़े आंदोलन के बाद राजस्थान सरकार ने समान वेतन करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज करीब चार महीने बाद भी हालात ज्यों के त्यों बने हुये है। सभी कर्मचारी और अधिकारी पूरी निष्ठा से सेवाएं तो देंगे, लेकिन अन्न का सेवन नहीं करेंगे।

# विश्व उष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में कैमल सफारी का आयोजन

## मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट एवं सीमा सुरक्षा बल के कैमल कंटिंजेंट के तत्वावधान में कार्यक्रम

**जोधपुर,** (कासं)। विश्व उष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट एवं सीमा सुरक्षा बल के कैमल कंटिंजेंट के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार सुबह आठ बजे कैमल सफारी का आयोजन किया गया। यह सफारी सी सु बल के द्वार क्रमांक 1 से शुरू होकर, राव जोधा मार्ग होते हुए मेहरानगढ दुर्ग तक पहुंची। इसमें करीब 45 ऊंटों ने भाग लिया। आईजी पुनीत रस्तोगी, एस टी सी सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर के नेतृत्व में कैमल परेड का आयोजन किया गया। समारोह में डीआईजी योगेंद्र सिंह राठौड़, धीरेन्द्र सिंह राठौड़, 2 आई सी, तथा सीसु बल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



विश्व उष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में कैमल सफारी का आयोजन किया।

■ कैमल सफारी में करीब 45 ऊंटों ने भाग लिया

इस परेड समूह के मेहरानगढ पहुंचने पर मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट, कैमल करिज्मा, टैको, इंटैक जोधपुर, कैमल कंजर्वेशन ट्रस्ट, श्री महावीर युवा संघ के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि हिज हाइनेस महाराजा हनवंत सिंहजी का चुनाव चिन्ह ऊंट था तथा सम्पूर्ण मारवाड में राजस्थान के राष्ट्र पशु उष्ट्र चिन्ह के चर्चे थे।

रेगिस्तान के जहाज कहलाये जाने वाले ऊंट की संख्या दिन ब दिन कम होती जा रही है। इस सफारी के माध्यम से विश्व उष्ट्र दिवस तथा हिज हाइनेस महाराजा हनवंत सिंहजी के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में ऊंट संरक्षण का सन्देश लोगों तक पहुँचाया गया। इस समारोह में विभिन्न ऊंट पालनहार एवं संरक्षक, पशु पालन एवं पशु चिकित्सा से जुडे विभिन्न कार्यकर्त्ता, तथा किडजी विद्यालय के बच्चे व अध्यापिकाएं भी सम्मिलित हुए।

## संक्षिप्त

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने धारदार हथियार के साथ एक जने को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी छोटेलाल ने बताया कि बुधवार की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि शहर के भरकुंआ तालाब क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक धारदार हथियार बरामद किया। इसके बाद आरोपी महेंद्र गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।

### डकैती के आरोपियों को जेल भेजा

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल थाना पुलिस द्वारा पकड़े गए डकैती, मारपीट व लूटपाट करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के सात आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाधिकारी अंकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों के अनुसार उनके साथियों की तलाश की जा रही है। पीड़ितों की शिनाख्त परेड कराई जाने के बाद जरुरत होने पर न्यायालय में आरोपियों को पीसी रिमांड पर लिया जा सकता है।

# बी.जे.पी. की सरकार आते ही 6 माह में सांभर-फुलेरा जिला बनेगा: कुमावत



सांभर में विधायक निर्मल कुमावत ( बीच में ) ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

**■ 'बीजेपी की सरकार में किसी ने भी जिला बनाने का कोई मुद्दा नहीं उठाया'**

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर फुलेरा जिला बनाओ के संदर्भ में आज जिला संघर्ष समिति की ओर से जारी लेटर के बाद विधायक निर्मल कुमावत ने गट्टानी मार्केट स्थित भाजपा पार्षद अनिल गट्टानी के कार्यालय पर स्थानीय बीजेपी पदाधिकारियों व जिला संघर्ष समिति के सदस्यों की मौजूदगी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपने विचार रखे।

विधायक कुमावत ने कहा कि मैं 15 साल से विधायक रहा हूं लेकिन बीजेपी की सिर्फ एक दफा सरकार रही है। सांभर फुलेरा को जिला बनाने के लिए बीजेपी की सरकार में किसी ने भी जिला बनाने का कोई मुद्दा नहीं उठाया, विधानसभा में सांभर को जिला बनाने के लिए मैंने ही आवाज उठा कर इतिहास रचा है।

किसी भी पार्टी पदाधिकारी ने जिसने विधानसभा का चुनाव लड़ा हो कभी इस बारे में कोई आवाज नहीं उठाई। हमारी सरकार के समय कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ और ना ही हमने कभी नए जिले बनाने को एजेंडे में शामिल किया और सांभर जिला बनेगा ऐसा हमने कोई वादा नहीं किया, लेकिन जन भावनाओं के अनुरूप मैं और मेरी पार्टी के लोगों ने खड़ा रहने का संकल्प लिया है।

बीजेपी के सरकार आते ही 6 माह में सांभर-फुलेरा जिला बनेगा मेरी पार्टी पदाधिकारियों से भी बात हुई है, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने ग्राम पंचायत दूदू को जिला बना कर फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। अभी कांग्रेस सरकार है, मैं कांग्रेस के लोगों से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अपने सरकार के समय कभी मुख्यमंत्री से मुलाकात की हो तो बताएं, कभी कोई ज्ञापन नहीं दिया।

कांग्रेस पार्टी ने कभी अपने स्तर पर मुहिम नहीं चलाई कांग्रेस का काम तो जिला संघर्ष समिति कर रही है तो फिर कांग्रेसी लोग क्या कर रहे हैं। हम तो विपक्ष में बैठे हैं हमारे कहने से ना तो कोई सरकार जिला बनाती है ना ही कोई घोषणा करती है।

जिला बनाओ संघर्ष समिति का पुरजोर पक्ष लेते हुए उन्होंने कहा कि समिति ने आंदोलन कर इस मुहिम को चलाया है जिसमें मैं भी शामिल हुआ और सभी लोग जुड़े। समिति बढ़िया काम कर रही है मैं और भारतीय जनता पार्टी के पूरे लोग समिति के साथ है। समिति कहेगी तो हम मोखमपुरा ही नहीं बल्कि दूदू भी जाकर आंदोलन करने की हिम्मत रखते हैं।

बता दें कि अभी 2 दिन पहले ही समिति के पदाधिकारियों ने एक धार्मिक स्थल पर सभा का आयोजन कर मोखमपुरा महापड़ाव के आंदोलन चला रहे लोगों को भी बुला कर कहा कि हमारी सरकार से बात हुई है, आप आंदोलन नहीं करें 30 जून तक इंतजार करें।

**इधर आंदोलनकारियों ने भी भरी हूंकार :** सांभर फुलेरा जिला बनाओ के मामले को लेकर 25 जून को मोखमपुरा महापड़ाव की घोषणा के मामले में दीनदयाल कुमावत ने जिला संघर्ष समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञिप्त के बाद फिर से अपनी बात को दोहराया और कहा कि हमारा आंदोलन होकर रहेगा, मुख्यमंत्री यदि 25 तारीख से पहले कोई घोषणा नहीं करते हैं तो मोखमपुरा महापड़ाव में हजारों लोग पहुंचेंगे इसे कोई नहीं रोक सकता।

## शहीद की मूर्ति का अनावरण

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने गुरूवार को निकटवर्ती ग्राम बामनवास स्थित श्री जीण माता मंदिर के निकट अमर शहीद अजीत कुमार चतुर्वेदी की मूर्ति का अनावरण किया।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने शहीद अजीत कुमार के पिता मोहर सिंह, माता सरोज देवी व वीरांगना मीना देवी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि शहीद एक परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज व राष्ट्र के लिए अनमोल धरोहर होते है। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये, क्योंकि जिस क्षेत्र व समाज का युवा जागरूक होकर आगे बढ़ता है वहाँ सदैव प्रगति होती है। अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पीसीसी मेम्बर नरसी गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, पंसस प्रतिनिधि कमल मीणा, सरपंच पूजा आर्य, सरपंच सुबेदार जयसिंह रावत, तहसीलदार अभिषेक सिंह, सुबेदार रामसिंह चंदेला, विनोद मिश्रा, कैप्टन ओमप्रकाश सराधना, महिपाल यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किये। अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिल्पा तिवाड़ी एण्ड पार्टी एवं मनोज कराणा एण्ड पार्टी ने भजन प्रस्तुत किये। इस दौरान भास्कर शर्मा, प्रदीप शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, हनुमान शर्मा, कैलाश शर्मा, अशोक, घनश्याम, राजवीर, दिनेश, हरिपाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### कांस्टेबल राधाकिशन यादव सम्मानित



**निवाई, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज वर्मा ने निवाई थाना क्षेत्र में कार्यरत कांस्टेबल राधा किशन यादव को थाना क्षेत्र एवं बीट क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर प्रथम स्थान दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कॉन्स्टेबल को प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया। सम्मानित करने पर पुलिस उप अधीक्षक संदीप सारस्वत ने बधाई दी।

### चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**देवली, (निसं)।** शहर के अलग-अलग स्थानों के शिव पंचायत में लगी नागमूर्ति चुराने के आरोप में थाना पुलिस ने गुरुवार को शहर के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 9 तांबे के शिव नाग मूर्ति भी पुलिस ने बरामद की है। थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद के अनुसार शहर के निवासी आरोपी महेंद्र पुत्र आत्माराम ब्राह्मण निवासी घोसी मोहल्ला देवली व कन्हैया लाल सोनी उर्फ बबलू सोनी पुत्र गिर्राज सोनी निवासी निवासी पटवा बाजार वार्ड नं 9 देवली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपियों ने शहर के नौ अलग-अलग मंदिरों के शिव पंचायत में लगे शिव नाग को चुराया था। यह सभी तांबे के नाग मूर्तियां थी जिन्हें पुलिस ने आरोग्य से बरामद कर लिए गए। यहां पुलिस का मानना है कि दोनों आरोपी इन तांबे के नाग देवता की मूर्तियों को कबाड़ी को बेचने की फिराक में लगे हुए थे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अपनी सूज भुज दिखाते हुए और आरोपियों के ठिकाने पर पहुंचकर डिटेन कर लिया। पुलिस के अनुसंधान किए जाने पर इनके पास से तांबे के शिव नाग देवता की मूर्तियां बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरियों मामले में भी पूछताछ कर जांच पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि है मंदिरों से नाग देवता की तांबे की मूर्तियों के चोरी हो जाने की वारदात मंगलवार रात हुई थी इसमें से एक नाग देवता की मूर्ति पुलिस साले के मंदिर में से भी चोरी। पुलिस ने अपने थाने के मंदिर से हुई ना ज्योति की मूर्ति चोरी होने के बाद 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार करके चोरी के मामले का खुलासा कर लिया है।

### नेकी की दुकान का शुभारंभ

**राजगढ़, (निसं)।** लायंस क्लब की ओर से गुरुवार प्रातः जगन्नाथ महाराज मेला परिसर में नेकी की दुकान का शुभारंभ किया गया। जिसमें सभी प्रकार के नए पुराने कपड़े पैंट शर्ट साड़ियां सूट व सभी प्रकार के कपड़ों की दुकान लगाई गई। यह कपड़े सभी जरूरतमंदों को निशुल्क वितरित किए जा रहे हैं इस के शुभारंभ के बाद ही जरूरतमंद लोगों की काफी भीड़ रही वह अपनी जरूरत के हिसाब से कपड़े लेकर गए। नेकी की दुकान लगातार मेले के अंतिम दिन तक चलती रहेगी। आमजन से अपील है कि वह अपने कपड़े यह भेजने का कष्ट करें ताकि जरूरतमंदों को कपड़े निरंतर मिलते रहे इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय यादव सचिव विरेंद्र दाधीच कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य मदनलाल शर्मा, संजय राजस्थानी ,दुष्यंत आर्य, रूप नारायण शर्मा जी, रामनिवास मीणा, लोकेश रावत ,शारदा दाधीच उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

### ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का गुरूवार को तहसीलदार अभिषेक सिंह ने ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मन से की गई गतिविधि से प्रसन्नता मिलती है। चेहरे पर खुशी होने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रशासनिक सेवाओं में भौतिक रूप से सीखी गई अभिरुचि का लाभ मिलता है। गूगल, मोबाइल आदि से सीखने और इस तरह के शिविरों में सीखने में बहुत अंतर है। व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे शिविर संचालित होते रहने चाहिये। सचिव हँसराज यादव ने बताया कि शिविर में 175 बालिकाएं व 73 बालक पंजीकृत हैं।11 अभिरुचियों के साथ-साथ बालक बालिकाओं द्वारा एडवेंचर गतिविधियों का आनंद लिया जा रहा है। इससे पूर्व संदीप जांगिड़ द्वारा तहसीलदार अभिषेक सिंह का एवं पप्पू यादव द्वारा विष्णु मीना का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान महेश चंद यादव, हरचंद मीना, रामबीर यादव, अतुल आर्य, सीताराम गुप्ता, कमलेश यादव, संध्या, कुलदीप, नितिन मीना, रीमा रेवाला, हरप्रसाद, रोशनलाल समेत दक्ष प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### बीजोपचार का महत्व समझाया

**निवाई, (निसं)।** किसान सेवा केंद्र निवाई में कृषि विभाग के तत्वावधान में बीज उपचार अभियान की शुरुआत की गई । सहायक कृषि अधिकारी ओमप्रकाश जैन ने बीज उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बीजों को फफूंदनाशी, कीटनाशी एवं राइजोबियम से उपचारित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि बीजोपचार करने से पौधों में किसी प्रकार के रोग एवं कीट का प्रकोप नहीं होता है तथा फसल के उत्पादन में वृद्धि होने से जीवन स्तर में सुधार होता है। संयुक्त निदेशक के.के. मंगल के निर्देशन में सभी कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बीज उपचार अभियान की शुरुआत की गई। उपखण्ड क्षेत्र में ग्राम पंचायत स्तर पर बीजोपचार अभियान का शुभारंभ किया गया जो फसलों की बुवाई होने तक चलेगा। इस अवसर पर कृषि पर्यवेक्षक सपना कुमावत, मोहनलाल जांगिड, विष्णु धाकड, सनी बानो, प्रेम देवी व भूरी जाट सहित अनेक कृषक मौजूद थे।

# जिला स्तरीय उद्योग प्रोत्साहन शिविर शुरू

**अलवर, (निसं)।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने अलवर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के समागर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित एवं आदिवासी प्रोत्साहन योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय उद्योग प्रोत्साहन शिविर का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने कहा कि उद्योगों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा फ्लेगशीप योजना 'डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना' वर्ष 2022 में प्रारम्भ की गई है। सम्पूर्ण राजस्थान में गुरूवार को योजना के प्रचार-प्रसार तथा मौके पर ही उद्यमियों को लाभान्वित करने बाबत् शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बैंक भी शिरकत कर मौके पर ही योजना के आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा है।

साथ ही बैंकों द्वारा पात्रा आवेदकों को ऋण स्वीकृति भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों एवं योजनाओं से राज्य में उद्योगिक निवेश एवं स्टार्टअप का एक बेहतरीन माहौल बना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से बडे उद्योगों के साथ लघु एवं कुटीर उद्योग भी राज्य में फल-फूल रहे हैं।

जिला कलक्टर पुखराज सेन ने कहा कि राज्य सरकार की उद्यम प्रोत्साहन योजना नीतियों, निर्णयों एवं निर्देशों की अनुपालना जिले में प्रभावी रूप में कराई जा रही है जिसकी नियमित रूप से संबंधित विभागों की मॉनिटरिंग कर योजनाओं को धरातल पर उतारने में जिला प्रशासन पूर्ण सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं एवं बडे स्तर पर उद्योग स्थापित है ऐसी स्थिति में नए उद्योगों को अपना उद्यम अलवर जिले में स्थापित करने में बहुत सहूलियत रहती है जिसमें जिला प्रशासन नियमानुसार सहयोग प्रदान करता है।

उन्होंने उद्यम लगाने के इच्छुक युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एंतरपेन्योर बनकर रोजगार प्रदाता बनकर जिले के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**अलवर, (निसं)।** अम्बेडकर नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय में नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल बेमिशाल, के तहत भाजपा अलवर शहर के कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें जनसंघ के समय के वरिष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता जोगेंद्र गुप्ता, रामकुमार कोली, दयाराम गुप्ता, सरदार केसरीसिंह, परमहंस पाल, दिगम्बर सैनी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। बैठक के दौरान पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नए कार्यकर्ताओं के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। इस बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ता अपने अपने घर से खाने का टिफिन भी लेकर आये और साथ मे ही सभी ने खाना खाया।इस अवसर पर बैठक में उपस्थित शहर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बनती है व कार्यकर्ताओं में एक दूसरे के प्रति प्रेम व विश्वास बढता है। इस टिफिन बैठक में सभापति घनश्याम गुर्जर, पूर्व विधायक बनवारी सिंघल,दिनेश भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय नरूका, जिला महामंत्री पवन जैन, जिला मंत्री जितेंद्र राठौड आदि मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन अभिरुचि व कौशल विकास शिविर संपन्न



अतिथियों ने दक्ष प्रशिक्षकों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कला कौशल विकास शिविर का समापन समारोह झाबर सिंह खर्रा पूर्व विधायक के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

हिंदुस्तान स्काउट गाइड राज्य राजस्थान जिला सीकर के तत्वावधान में राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल श्रीमाधोपुर में 17 मई से चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कला कौशल विकास शिविर का समापन समारोह झाबर सिंह खर्रा पूर्व विधायक के मुख्य अतिथि एवं प्यारे लाल जांगिड़ जिला सचिव हिंदुस्तान स्काउट गाइड सीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर संचालक गोकुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा ने संभागीयों से आव्हान किया कि इस प्रकार के शिविर में गतिविधियां सीख कर इनको जीवन में सवारने से व्यक्ति में संस्कार की भावना एवं भविष्य में जीविकोपार्जन के लिए कला कौशल लघु उद्योग प्रशिक्षण से प्राप्त व्यवहारिक ज्ञान से अपने जीवन में उतार सकते हैं वही गतिविधियों के माध्यम से अपना निजी लघु उद्योग स्थापित कर सकते हैं। जिला कमिश्नर मुकेश कुमार सैनी ने हिंदुस्तान स्काउट गाइड की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक जिला सचिव देवेंद्र खींचड़ ने भी विचार व्यक्त किए। सभी अतिथियों द्वारा दक्ष प्रशिक्षक ममता शर्मा ब्यूटीशियन, सरोज मेहंदी, सोनिया शर्मा डांस , सतवीर सिंह योगा ,प्रकाश पाराशर स्पोकन इंग्लिश ,जितेंद्र कुमावत कंप्यूटर साइंस को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 65 शौर्य वीरों का सम्मान किया

**■ ग्राम पंचायत टोरड़ा गुजरान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**कोटपूतली, (निसं)।** समर्थ सशक्त कोटपूतली टीम द्वारा क्षेत्र के गौरव सैनिकों व विभिन्न सुरक्षा बलों से जुड़े सभी वीर जवानों के सम्मानार्थ एक सम्मान समारोह शौर्य को नमन कार्यक्रम ग्राम पंचायत टोरड़ा गुजरान में आयोजित हुआ।

जिसमें ग्राम टोरडा गुजरान, चाँदोली व दूदावास के 65 शौर्य वीरों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। अभियान संयोजक एवं भाजपा नेता मुकेश गोयल ने भारत माता व महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया।

गोयल ने कहा कि शौर्य वीरों के साहस, त्याग, समर्पण व राष्ट्र सेवा से आगे आने वाली पीढियां प्रेरणा ले सके इसी उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार आने के बाद से ही सैनिकों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वक्तव्य है कि चाहे स्थिति कुछ भी हो, परिस्थिति कुछ भी हो, भारत पूरी दृढ़ता से देश की एक एक इंच जमीन की देश के स्वाभिमान की रक्षा करेगा।

प्रधानमंत्री के इसी दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि भारत की वीर सेना मातृभूमि की रक्षा करने में अब अन्य देशों से आगे निकल रही है। ऐसे जांबाज सैनिकों व उनके परिजनों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामकुमार गुर्जर, रोहिताश गुरूजी, लीलाराम पीटीआई, जगदीश आर्य, कमल शर्मा, मदन लाल आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में भारतीय सेना में सेवारत व सेवानिवृत जवानों तथा विभिन्न सुरक्षा बलों के 65 शौर्य वीरों का सम्मान किया गया।

संचालन राजेश सराधना ने किया। इस दौरान खैराती लाल गुर्जर, विजय आर्य, सिद्धार्थ टोरडा, फूलाराम भोपा, रामकरण गुर्जर, महेन्द्र गुरूजी, छीतर पंच, बीरबल पटवारी, बनवारी लाल ठेकेदार, ख्यालीराम गुर्जर, रामकरण टोरड़ा, मूलचन्द हवलदार, रामकुमार आर्य, मनीष आर्य, नवल किशोर गुर्जर, मक्खनलाल योगी, शंकर लाल नेताजी, रामनिवास डीलर, तुलसीराम चेयरमैन, इन्द्राज गुर्जर, रामू पंच, मनीष भार्गव, गिरिराज भार्गव, ख्याली राम, पप्पुराम, भग्गाराम, खैराती लाल, राहुल शर्मा, ख्यालीराम ठेकेदार, मुकेश गुर्जर, छोटूराम गुर्जर, रामचन्द्र पंच, तेजपाल गुर्जर, अंजली शर्मा, बाबूलाल ठेकेदार, रमेश मीणा, मालीराम कुमावत, रतन नारवाल, श्योपाल योगी, रोशनलाल हवलदार, मूलाराम गुर्जर, खेताराम हवलदार, प्रहलाद भगतजी, लीलाराम गुर्जर, मूलाराम पंच, बोदूराम गुर्जर, दिनेश गुप्ता, बहादुरमल गुर्जर, देशराज गुर्जर, चिरंजीलाल गुर्जर, रतिराम पटेल, जयराम हूसड़ा, लक्ष्मीनारायण पटेल, प्रकाश गुर्जर, यादराम गुर्जर, मुकेश मीणा समेत बड़ी संख्या में सैनिक, अर्द्धसैनिक व विभिन्न सुरक्षा बलों व पुलिस बलों के जवान एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

# ए.सी.एस. शुभ्रा सिंह ने लैब का निरीक्षण किया

**जयपुर, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने गुरूवार को कोटपुतली जिला अस्तपाल में नवनिर्मित इंटीग्रेटेट पब्लिक हैल्थ लैब का निरीक्षण किया।

चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य जांचें एक छत के नीचे, एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाने वाली यह देश की पहली इंट्रीगेटेट पब्लिक हैल्थ लैब है। सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेट लैब संचालित होने से मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य जांचे करवाने के लिए अस्पताल में जांच, सैम्पल जमा कराने, रिपोर्ट प्राप्त करने, इत्यादि सुविधाएं अब एक ही स्थान पर उपलब्ध होना संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रयोगशाला में माइक्रोबॉयोलॉजी, हेमाटोलॉजी, क्लिनिकल बायोकेमस्ट्री, क्लिनिकल पैथोलॉजी, साइटोलॉजी और मॉलाक्यूलर बायोलॉजी इत्यादि यूनिट एक ही स्थान पर एकीकृत रूप से कार्य करेंगी। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार की कुल 10 इंटीग्रेटेट पब्लिक हैल्थ लैब संचालित की जानी है जिनमें से राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपुतली की लैब की शुरूआत कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि जोधपुर के पीपाडसिटी, चित्तौडगढ़ में निम्बाहेड़ा, राजसमंद के नाथद्वारा, अजमेर के केकड़ी, सवाईमाधोपुर के गंगापुरसिटी, झुंझुनूं के नवलगढ़ और लालसोट अस्पतालों में लैब निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

# चोरी की वारदातों को लेकर ओ.एस.डी. को ज्ञापन सौंपा



कोटकासिम व खैरथल में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव ( बाएं से पांचवे ) व भाजपा कार्यकर्ताओं ने ओएसडी को ज्ञापन दिया।

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कोटकासिम एवं खैरथल में बढ़ती चोरी की घटनाओं व खैरथल-किशनगढ़ बास व खैरथल मातोर रोड लगे टोल नाके पर नियुक्त कर्मचारियों के रवैय को लेकर ओएसडी ओम प्रकाश बैरवा व ओएसडी सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने विशेष अधिकारी ओएसडी ओम प्रकाश बैरवा व सुरेंद्र सिंह को खैरथल कोटकासिम में लगातार हो रही चोरियों की घटनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि खैरथल में दिनदहाड़े बीच बाजार से बैग छीनकर ले जाना और कोटकासिम क्षेत्र के किसानों के ट्रांसफार्मर बिजली के तार चोरी करने जैसी घटनाएं आए दिन सामने आ रही है। इसके अलावा पूर्व विधायक यादव ने खैरथल किशनगढ़ बास व खैरथल मातोर सड़क पर स्थित टोल नाके पर लगे कर्मचारियों की आमजन के प्रति रवैया को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के राज में टोल समाप्त कर दिए गए थे। कांग्रेस राज में फिर से टोल स्थापित कर आमजन को परेशान किया जा रहा है।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हरीश रोघा पूर्व अध्यक्ष सुभाष जांगिड़ संजय जाटव प्रमिल जसोरिया प्रकाश यादव दिलीप गुप्ता मोहनलाल किशन लाल जाटव कृष्ण यादव विनोद वलेचा कमलजीत सिंह कालू पंडित मनीष शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता पार्षद मौजूद रहे।


## राजस्थान शिक्षक संघ की बैठक

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा निवाई की बैठक दोपहर 2 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित की गई। उपशाखा अध्यक्ष विमल कुमार विजय ने बताया कि बैठक में अजमेर मंडल उपाध्यक्ष कैलाश सुथार, अजमेर मंडल संयुक्त मंत्री सुरेंद्र कुमार नामा, जिला अध्यक्ष दिनेश कुर्मी उपस्थित रहे।

मंत्री हंसराज गुर्जर ने बताया कि कैलाश सुथार ने प्रत्येक अध्यापक द्वारा एक वृक्ष प्रति वर्ष लगाने, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन कार्यक्रम मनाने तथा उपशाखा की सदस्यता बढाने पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष ने उपशाखा निवाई के शिक्षकों की समस्याओं से जिला कार्यकारिणी को अवगत कराकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया।

इस दौरान कोषाध्यक्ष विमल जांगिड, देवराज सिंह राजावत, रामकिशन गुर्जर,सुवालाल मीणा, कैलाश जाट,दीपक मंगल सीताराम बैरवा, राकेश कुमार गुर्जर, विनोद कुमार जैन, दीपक विजय, विक्रम सिंह, शंकर लाल जाट सहित कई गणमान्य शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस थाना सरूण्ड में मैस भवन का उद्घाटन



विधायक राजेन्द्र सिंह यादव ( दाएं से प्रथम ) ने उद्घाटन किया।

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती सरूण्ड पुलिस थाने में भामाशाह सीताराम यादव कांसली द्वारा वीएसटी कोरबी कम्पनी के सहयोग से नवनिर्मित मैस भवन का गुरूवार को क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर व पट्टीका का अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने मैस भवन का अवलोकन कर व्यवस्थायें जानी। नवनिर्मित मैस से पुलिसकर्मियों का भोजन बनाने व परोसने में कोई दिक्कत नहीं आयेगी। इस दौरान आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए गृह राज्यमंत्री यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन का सुगमता से कार्य करना बेहद आवश्यक है। आवश्यक संसाधनों से व्यवस्थायें दुरूस्त होती है। मैस के बन जाने से पुलिसकर्र्मियों को समय पर भोजन उपलब्ध हो सकेगा। जिससे उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी। नव घोषित कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पुलिस ओएसडी आईपीएस रंजिता शर्मा ने भी भामाशाह का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत ने की। गृह राज्यमंत्री यादव ने पुलिस थाने में सहयोग देने वाले सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। एसएचओ इन्द्राज सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एएसपी विधा प्रकाश व डीएसपी मदन जेफ ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, तहसीलदार अभिषेक सिंह, युवा नेता विराट यादव, धर्मवीर डीलर, समेत ग्रामीण व स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### स्कूटी योजना की सूची जारी

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय पीजी महाविद्यालय मालपुरा में देवनारायण छात्रा स्कूटी व काली बाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना वर्ष 2022-23 के लिए स्कूटी हेतु आवेदन करने वाली छात्राओं की अन्तिम वरियता सूची महाविद्यालय प्रशासन द्वारा गुरूवार को जारी की गई। जिसका अवलोकन विभाग की वैबसाईट पर किया जा सकता है। महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि नियमित अध्ययनरत छात्राऐं जारी सूची में त्रुटी अथवा नाम परिवर्तन सहित अन्य खामियां दुरस्थ करने के लिए ई-मित्र पर सम्पर्क कर जनआधार में अपडेट करवा छात्रवृति पत्र आवेदन में प्रोफाईल को ऑनलाइन अपडेट करें तथा 27 जून तक स्कूटी प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत व सत्यनारायण चौधरी से छात्राएं सम्पर्क करें।

### नागौर सांसद के खिलाफ आक्रोश

**दूदू, (निसं)।** सर्व समाज उपखण्ड दूदू एवं मौजमाबाद के प्रतिनधि मण्डल ने उपखण्ड अधिकारी भूपेन्द्र यादव को लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मेघराज सिंह रायल भामाशाह पर बजरी एवं शराब माफिया व अशोभनीय शब्दों से सांसद हनूमान बेनीवाल द्वारा अपमानित करने पर आक्रोश जताया। प्रतिनिधी मण्डल ने अवगत कराया कि सार्वजनिक मंच से बेनीवाल ने अशोभनीय शब्दों से सम्बोधित कर अपमानित किया है। जिम्मेदार पद पर होकर इस प्रकार सम्बोधन से ख्याती को नुकशान हुआ है। ज्ञापन से पूर्व रैली निकाली गई ।

### मंदिर की भूमि से अतिक्रमण हटाया

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के वार्ड नम्बर 1 में धार्मिक स्थल की भूमि पर हुए अतिक्रमण के विरूद्ध पालिका दस्ते ने कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया। गवारिया मौहल्ला धार्मिक स्थल की भूमि पर किये गये अतिक्रमण की मिली शिकायत पर गुरूवार को पालिका जमादार जेसीबी मशीन व कार्मिकों के साथ मौके पर पहुंच अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की तो अतिक्रमी व समर्थकों ने कार्यवाही का विरोध किया तो पालिका दस्ते ने कडा रूख अपनाते हुए विरोध के बावजूद धार्मिक स्थल की भूमि से अतिक्रमण हटाये।

# पेयजल समस्या को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में पेयजल आपूर्ति चर्मराई हुई है, इसके चलते करीब 4-5 रोज से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। लोग मज़बूरी वश महंगे भावों में पानी के टैंकर डलवा रहे हैं।

उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में कस्बे के भाजपा पार्षदों सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचकर वहां मौजूद एक्सईएन भगवान दास व एईएन जगराम वर्मा को फुलेरा की बिगड़ी पेयजल स्थिति से अवगत कराते

**■ जेईएन पर अनदेखी का आरोप लगया**

हुए तुरंत समाधान करने पर जोर दिया। साथ ही मण्डल अध्यक्ष शेखावत ने कहा कि कस्बे की हरिदेव जोशी कॉलोनी, पावर हाउस रोड, दादू कॉलोनी, पुराना फुलेरा मिश्र कॉलोनी, जगदम्बा कॉलोनी, गोरधनपुरा, कुमावत कॉलोनी वार्ड नम्बर 19 सहित कस्बे के कई क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं आगे बताया कि जगह जगह पाइप लाईन लीकेज हो रखी है। कई जगह पाइप लाईन की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, सहित अन्य कई मांगों को लेकर उपस्थित वार्ड पार्षदों एवं आमजन, वार्ड वासियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित में ज्ञापन देकर स्थानीय जलदाय विभाग की जेईएन द्वारा इन समस्याओं के हल नहीं करनी की शिकायत भी की।

इस पर एक्स ई एन भगवान दास ने अधीनस्थ अधिकारी सांभर एईएन जगाराम वर्मा को जेईएन को नोटिस जारी करने तथा सभी जनप्रतिनिधियों को संतोष जाहिर करते हुए तुरन्त पेयजल समस्या का समाधान करने के साथ ही अन्य समस्याओं का भी आगामी 20 से 25 दिन में निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पार्षद ताराचन्द सैनी, पूजा भाटी, आशा सैनी, सरदार सिंह चौधरी, मदन गढ़वाल, जितेन्द्र वर्मा, यतेन्द्र जाकड़ा, पूर्व पार्षद राजेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।



फुलेरा में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने एक्स.ई.एन व ए.ई.एन. को समस्या से अवगत कराया।

## महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अलवर शहर में वार्ड नं. 57 के सामुदायिक भवन में आयोजित महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया एवं उपस्थित महिला एवं पुरुषों से बातचीत कर 10 जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की और उन्हें बताया की महंगाई राहत कैंप लोगों के जीवन में खुशियों का नया सवेरा लेकर आ रहे हैं, प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है, जरूरतमंदों को संबल देने में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बना है द्य राज्य सरकार गरीबो और अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को मदद करने के लिये प्रतिबद्ध है।

जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता को वार्ड, मोहल्ला और कच्ची बस्तियों में जाकर आमजन को जागरूक करके अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाकर, जरूरतमंद और वंचित व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया तथा कैम्प में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किये।

इस दौरान शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, प्रीतम मेहँदीरत्ता, रिपुदमन गुप्ता, अनवर साजिद खान, शैलेंद्र अवस्थी, रिंकू वर्मा, राजेश विरमानी, गोपेश शर्मा, रामप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## हनुमान चालीसा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नगर के इमली वाले बालाजी चौपड़ में 1 जुलाई शनिवार को आयोजित होने वाले विशाल सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम के लिए खंडेला रोड स्थित गणेश मंदिर में गणेश जी महाराज को निमंत्रण तथा साथ साथ चौपड़ बाजार में इमली वाले बालाजी के मंदिर व कस्बे के अनाज मंडी के पास बालाजी जिम में पोस्टर का विमोचन किया गया ।

इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार विहीप के सौजन्य से हनुमान भक्त मण्डल द्वारा पिछले 2 वर्षो से हर शनिवार को किसी न किसी मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक आयोजन किया जाता है , जिसमे हर बार नया मंदिर होता है । इसी कड़ी में मण्डल द्वारा 100 मंदिर में पाठ किये जा चुके है व 101 वां आयोजन हजारो की संख्या में चौपड़ बाजार श्रीमाधोपुर में किया जा रहा है ,जिसमे सभी संघठनो से सहयोग का आव्हान किया गया है।

# पी.सी.सी. सदस्य ने दर्जनों गांवों में नुक्कड़ सभाएं की

**मालपुरा, (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य जीएल चौधरी ने गुरूवार को मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन गांवों मे नुक्कड़ सभाएं कर क्षेत्रिय भाजपा विधायक कन्हैयालाल चौधरी पर जमकर निशाना साधा।

जीएल चौधरी ने बताया कि गुरूवार को टोरडी, अम्बापुरा, मोर, गुलगांव सहित दर्जनों गांवों में लोगों से सीधा संवाद कर क्षेत्र के विकास व आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की तो आमजन से मिले फीडबैक में भाजपा विधायक के दोनों कार्यकाल में मालपुरा क्षेत्र की 38 ग्राम पंचायतों के साथ सौतेला व्यवहार करना तथा सम्पूर्ण विधायक फण्ड सहित अन्य योजनाओं सहित का फण्ड टोडारायसिंह क्षेत्र में लगाने से मालपुरा विकास के क्षेत्र में पिछड़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने कहा कि विधायक कन्हैयालाल चौधरी द्वारा समय पर मालपुरा को जिला बनाने की पैरवी नहीं करने के चलते मालपुरा जिला मुख्यालय बनने के बजाए आज अपने अस्तित्व को बचाने को लेकर चिन्तित है। दूदू जैसी ग्राम पंचायत को जिला बनाने तथा मालपुरा को दूदू में समायोजित करने जैसे दंश झेलने की पीडा ग्रामीणों ने बयां की। पीसीसी सचिव जीएल चौधरी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में मतदाता

**■ भाजपा विधायक पर साधा निशाना**

जागरूक रहकर मालपुरा क्षेत्र के स्थानीय विधायक को अपना समर्थन दे पार्टी पर स्थानीय प्रत्याशी चयन के लिए दबाव बनाने तथा उन्हे अवसर मिलने पर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ने की बात कही। ग्रामीणों ने जीएल चौधरी को राजस्थानी पगड़ियां पहना जोरदार स्वागत किया। वहीं विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने केकड़ी में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महाजन सम्पर्क अभियान में मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजना व नितियों से अवगत करवा कार्यकर्ताओं से डोर टू डोर पहुंच मोदी सरकार की योजना का प्रचार प्रसार करने की अपील की।



पीसीसी सदस्य जीएल चौधरी ( बीच में ) ने एक दर्जन गांवों में जनसम्पर्क किया।

## सार-समाचार

### टेनिस कोर्ट का शुभारम्भ



**दौसा, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर जिले भर के खेल प्रेमियों को सरकार से बड़ी सौगात मिली है। दौसा जिले में अब लॉन टेनिस के खिलाड़ी पूरी तरह तैयार हो सकेंगे इसके लिए सिविल लाइन के बाद अब राजेश पायलट स्टेडियम में टेनिस कोर्ट का शुभारंभ हुआ है। राजेश पायलट स्टेडियम में बनकर तैयार टेनिस कोर्ट का गुरूवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस टेनिस कोर्ट का कृषि विपणन मंत्री मुरारीलाल मीणा सभापति ममता चौधरी व जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिले में अब दौसा में दो टेनिस कोर्ट हो चुके हैं, जिसमें एक सिविल लाइन में वही दूसरा राजेश पायलट स्टेडियम में, खास बात यह है कि दौसा में लॉन टेनिस के प्रति लोगों में रुचि नहीं है। ऐसे में टेनिस कोर्ट बनने से जहां लॉन टेनिस के प्रति रुचि पैदा होगी साथ ही नए खिलाडियों को सीधा जिला लेवल और स्टेट लेवल पर खेलने का मौका मिलेगा।

### मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियां पूरी

**जमवारामगढ़, (निसं)।** भानपुर कला में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रस्तावित दौरे को लेकर गुरुवार को प्रशासन देर रात तक तैयारियों को अन्तिमरूप देने में जुटा रहा। मुख्यमंत्री गहलोत कार्यक्रम के दौरान जमवारामगढ़ की करीब 254 करोड़ रुपए के 43 कार्यों का वर्चुअल रूप से क्रमोन्नत, शिलान्यास, लोकार्पण करेंगे। जानकारी के अनुसार भानपुर कला में शुक्रवार को सीएम अशोक गहलोत महंगाई राहत कैंप का जायजा लेते हुए लोगों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर गुरुवार को विधायक गोपाल मीना, जिला कलेक्टर प्रकाशराज पुरोहित, एडीएम कोटपूतली रविन्द्र कुमार, जयपुर ग्रामीण एसपी राजीव पचार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सीएम के दौरे को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दो ट्रक चालक गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** दूनी थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि एसपी राजर्षि राज वर्मा के निर्देश पर अवैध बजरी खनन समेत अपराधों की रोकथाम को लेकर गश्त को प्रभावी बना रखा है। इस दिशा में 18 जून को क्षेत्र में पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर पीछा कर दो सफेद पत्थरों से भरे दो ट्रक जब्त किए थे। हालांकि इनके चालक पुलिस को देखकर ट्रक जब्त करने से पहले ही फरार हो गए थे। पुलिस ने ट्रक जब्त करके मामला दर्ज कर चालकों की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान सुबह दोनों ट्रक चालकों को संथली से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए चालक गेंदी लाल पुत्र छोटू लाल मीणा निवासी संथली थाना दूनी व विनोद कुमार पुत्र खाना राम मीणा निवासी फतेहपुर थाना जहाजपुर जिला भीलवाडा शामिल है।

### मोदी धन्यवाद यात्रा का स्वागत




**टोंक, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण में केन्द्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मोदी द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव गांव ढाणी ढाणी तक पहुंचाने के लिए पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन द्वारा रथ यात्रा चलाई गई। जो गुरूवार को ग्राम मोटूका, बरौनी, पराणा, हथोना शुक्लपुरा चिरौंज, देवली भांची मंडावर आदि गांव में पहुंचने पर ग्राम वासियों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया और ग्राम वासियों ने मोदी की कल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए मोदी जिंदाबाद के नारे लगाएं। यात्रा संयोजक दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि मोदी धन्यवाद यात्रा के आयोजन की पहल टोंक विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन द्वारा की गई एक नई पहल है।

### सकल जैन समाज फागी की बैठक

**फागी, (निसं)।** कस्बे में आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पावन चातुर्मास 2023 को एतिहासिक रुप से सफल करने हेतु सकल जैन समाज की बैठक में अनेक कार्यक्रमों के तहत कई निर्णय लिए गए। कार्यक्रम की रुपरेखा की तैयारियां जोरों पर शुरू होने साथ ही विभिन्न निर्णय लिए गए जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि 2 जुलाई 2023 को प्रात: 8 बजे झंडारोहण से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा तथा सांयकाल 8 बजे आर्यिका संघ का 49 वां पावन चातुर्मास 2023 के मंगल कलश की स्थापना होगी।

# जेवरात चुराने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड निवासी महिला कंचन देवी जाट ने 5 जून को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 जून को वह गिरीराज महाराज उत्तर प्रदेश गई थी, जहां 5 जून को अल सुबह सवेरे वापस आई तो घर में रखी अलमारी खुली थी और जेवरात के बॉक्स खाली छत पर पड़े हुए थे।

चोर घर से जेवरात गले का हार, कानों के लटकन, सोने के हाथ के कड़े, रगड़ी, सोने की अंगूठी चांदी की अंगूठी चांदी का सिक्का पायजेब मंगलसूत्र आदि चोरी कर ले गए। जिस पर कंचन देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्त कराई थी। थाना अधिकारी ओमप्रकाश द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर मुल्जिमों की तलाश प्रारंभ की। जिस पर हाउसिंग बोर्ड में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच साक्ष्य जुटा कर मकान का निरीक्षण किया।, वह मौके पर किसी भी प्रकार का कोई ताला टूटा हुआ नहीं था, परिवादी के घर से जेवरात गायब थे। घटना की रात्रि को मकान में मौजूद सदस्यों को संदिग्ध मानते हुए अनुसंधान किया। परिवादी गिरिराज महाजरा के दर्शन करने गई थी, जिस दिन परिवादी गई उसी दिन पुत्र वधू किरण की छोटी बहन कर्मा, अपनी बड़ी बहन के घर हाउसिंग बोर्ड चौक पर आई थी, किरण के पति विकास ने और किरण और कर्मा से कुछ रुपए उधार ले रखे थे, जिनको वापस नहीं लौटा रहा था, किरण और कर्मा के भाई नहीं है और पिताजी की मृत्यु हो चुकी है तो दोनों बहनों ने मिलकर अपनी मां के रुपए नहीं देने के कारण घर के अलमारी में रखे जेवर चुरा लिए और अलमारी का सारा सामान बिखेर कर डिब्बों का खाली बॉक्स फेंक दिया। जो इस तरह से लगे ताकि किसी को उनके ऊपर शक नहीं हो और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ले जाना सामने आ जाए।

गिरफ्तार किये गये मुल्जिमो में किरण देवी पुत्री के लक्ष्मी नारायण जाति जाट उम्र 24 साल निवासी बहन थाना बरौनी, पत्नी विकास उर्फ आशाराम निवासी कुंडेर थाना बनेठा जिला टोंक हाल प्लॉट नंबर 2/202 हाउसिंग बोर्ड थाना पुरानी टोंक, कर्मा पुत्री लक्ष्मीनारायण जाति जाट उम्र 22 साल निवासी थाना बनेठा, पत्नी विशाल चौधरी निवासी कुंडेर थाना बनेठा जिला टोंक थे।

## शिव रुद्राभिषेक 26 से

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के सियाराम बाबा की बगीची स्थित हरसिद्धि हनुमान गौशाला में आगामी 26 जून से 2 जुलाई तक बालस्वरूप भगवताचार्य चन्दन कृष्ण शास्त्री के द्वारा श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव एवं रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मन्दिर के महन्त त्रिलोकीदास महाराज ने बताया कि उक्त श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ गुरु पूर्णिमा के अवसर पर किया जा रहा है। इसके चलते कथा प्रारम्भ से पूर्व 26 जून को प्रात: 10:15 बजे श्रीरामनगर स्थित लीलाधरजी की बगीची से महिला मण्डल द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 3 जुलाई गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय क्रमोन्नत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक विराटनगर में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय धानाकाबास, नाथावाला व राजकीय प्राथमिक विद्यालय भिंडोर, आमलौदा और इनके आसपास के क्षेत्रों में कई विद्यार्थी अध्यनरत हैं लेकिन अब तक उक्त विद्यालय प्राथमिक स्तर के होने से यहां कक्षा 5 तक ही छात्र-छात्राएं अपना अध्ययन कर पा रहे थे।

कक्षा 5 से आगामी कक्षाओं में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्ययन हेतु इन्हें अन्यत्र अन्य विद्यालय में जाना पड रहा था, जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा था। छात्र-छात्राओं की उपरोक्त परेशानी और इन विद्यालयों को क्रमोन्नत कराए जाने की महती आवश्यकता के दृष्टिगत विधायक इंद्राज गुर्जर के प्रयास रंग लाए है। विधायक इंद्राज गुर्जर ने शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उपरोक्त विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किए जाने के संबंध में आग्रह किया था, जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुशंसा के आधार पर शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला के निर्देशानुसार उक्त राजकीय प्राथमिक विद्यालय धानाकाबास, नाथावाला व राजकीय प्राथमिक विद्यालय भिंडोर, आमलौदा को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि उक्त ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अब उच्च प्राथमिक में कक्षा 8 तक अध्ययन हेतु अन्यत्र नहीं जाना पडेगा और उन्हें यही उच्च प्राथमिक अध्ययन का लाभ उपलब्ध होगा, जिससे विद्यार्थियों को अब तक हो रही परेशानियों का भी निदान होगा।

# चिकित्सा मंत्री ने महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने गुरुवार को होदायली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर महंगाई राहत शिविर एवं कक्षा कक्षों के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पात्र लोगों को लाभान्वित करने के साथ हर जरूरतमंद की मदद करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि वे गरीब को भगवान मानकर एवं जरूरतमंद को पहला हकदार मानकर उसकी मदद करते हैं। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत

**■ विद्यालय में कक्षा-कक्षों का उद्घाटन किया**

होदायली व श्रीरामपुरा में महंगाई राहत एवं प्रशासन गांव के संग अभियान 2023 का आयोजन किया गया । होदायली कुल 437 परिवार व श्रीरामपुरा 605 परिवारों सहित कुल 1042 परिवारो का पंजीयन किया गया। महंगाई राहत कैंप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना एवं पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा द्वारा पात्र लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरण किए। इसके साथ ही मंत्री ने ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होदायली में बीस लाख रुपए की लागत से निर्मित दो कक्षा कक्ष मय बरामदा का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधान नाथू लाल मीना उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीना तहसीलदार मदनलाल मीणा धरना तहसीलदार सीमा घुणावत सरपंच नितु देवी बैरवा विकास अधिकारी राजाराम मीना प्रगति प्रसार अधिकारी विमल जैमन प्रवर्तन अधिकारी प्रहलाद मीना, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अशोक मीना शिक्षा विभाग के सीबीओ विनोद नोनिहाल राजीव गांधी युवा मित्र बृजमोहन शर्मा नरेंद्र मीणा सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।



लालसोट उपखंड क्षेत्र की होदयली ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ( दांए से तीसरे ) ने गारंटी प्रमाण पत्र वितरित किये।

## सड़क पर तड़प रहे युवक को अस्पताल पहुंचाया

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर बीती रात एक सड़क दुर्घटना में बीच सड़क पर तड़प रहे युवक की भाजपा नेता रामविलास मीणा की संवेदनशीलता के चलते जान बच गई। देर शाम स्थानीय निवासी लाला आकड़ शर्मा को पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन द्वारा चपेट में ले लिया था। इसके बाद दुर्घटना में सड़क पार युवक तड़प रहा था।

हालांकि उस दौरान कई राहगीर वहां से गुजरे लेकिन किसी ने भी मानवीय संवेदना नहीं दिखाई एवं दुर्घटना में घायल युवक को तड़पता छोड़ कर वहां से चलते बने। इसी दौरान वहां से गुजर रहे भाजपा नेता रामविलास मीणा द्वारा सड़क पर तड़प रहे गंभीर घायल युवक को खुद की गाड़ी में डालकर जिला अस्पताल लालसोट इलाज के लिए भर्ती कराया गया और इलाज भी करवाया गया। सड़क दुर्घटना में घायल युवक के सिर में गहरी चोट होने के कारण उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई थी। चिकित्सकों का मानना था कि अगर कुछ समय ज्यादा होता तो घायल युवक की जान जा सकती थी।

# महायज्ञ में 3 लाख 50 हजार आहुतियां दी



यज्ञ आचार्य ने प्रधान यजमान पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा ( दाएं से दूसरे ) से आहुतियां दिलाई।

**बहरोड़/ बानसूर, (निसं)।** श्रीराम हनुमत के 11 कुंडीय महायज्ञ के चौथे दिन हरसोरा बानसूर के डूंगरी वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित महायज्ञ में श्रीराम की 3 लाख 50 हजार व हनुमत की 60000 हजार आहुतियां करते यज्ञ सम्राट श्याम बिहारी दास महाराज के सानिध्य में यज्ञ आचार्य विकास शास्त्री ने प्रधान यजमान भाजपा नेता पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा गोरक्षक से आहुतियां दिलाई।

श्रीराम हनुमत के 11 कुंडीय महायज्ञ के चौथे दिन हजारों की तादाद में हरसोरा के डूंगरी वाले बालाजी मंदिर में ग्रामीण महिला- पुरुष एवं बड़े बुजुर्गों ने पहुंचकर महायज्ञ की परिक्रमा की। जिसमें बच्चों सहित अटूट श्रद्धा से आयोजित महायज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य अर्जन किया गया। वहीं यज्ञस्थली पर आसपास के अन्य गांवों के गणमान्य लोग भी पहुंच रहे हैं।

यज्ञ आचार्य विकास शास्त्री ने बताया कि महायज्ञ के चौथे दिन श्री राम की साढे तीन लाख व हनुमत की 60 हजार आहुतियां गौ रक्षक प्रधान यजमान भाजपा नेता पंडित जितेंद्र कुमार शर्मा के प्रधान कुंड पर पहुंचने से दिलाई गई। और बताया कि हरसोरा के ग्रामीण श्रद्धालु आयोजित महायज्ञ में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान बड़ी तादाद में हरसोरा के ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे तथा अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



"हम अपने स्टाइल में खेले, जो गेम को आगे ले जाने के लिए है। हम जिस तरह से खेले, उसने हमारी खेल शैली को भी मान्य किया।" कई बार कुछ चीजें हमारे अनुकूल नहीं रहीं मगर यह गेम का नेचर है। - ब्रेंडन मैक्कलम

इग्लैण्ड के कोच, बैजबॉल की अलोचना पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** सुनील छेत्री



**भारत व पाकिस्तान** के बीच सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच के दौरान यहां वेस्ट ब्लॉक ब्लूज स्टैंड पर एक बड़े से बैनर पर लिखा था, 'अमर है नंबर 11'। यह सुनील छेत्री के लिये दर्शकों की ओर से सम्मान की बानगी थी जिन्होंने भारतीय कप्तान के हर मूव की हौसलाअफजाई की। उनके खेल पर मानो उम्र का कोई असर ही नहीं है। छेत्री ने आईएसएल के एक वीडियो में कहा था, 'पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जब भी हम खिलाड़ियों से मिलते तो काफी दोस्ताना बात होती है। मैं एक या दो बार पाकिस्तान गया तब भी काफी दोस्ताना माहौल था।'

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट के इतिहास में केवल चार टैस्ट सीरीज बिना हार-जीत के समाप्त हुई जिनका प्रत्येक मैच ड्रा रहा, इनमें से दो सीरीज लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच हुई।

## विंडीज ने नेपाल को 101 रन से रौंदा

हरारे, 22 जून। कप्तान शाई होप (132) और निकोलस पूरन (115) के शतकों की मदद से वेस्ट इंडीज ने विश्व कप क्वालीफायर के ग्रुप-ए मुकाबले में गुरुवार को नेपाल को 101 रन से रौंद दिया। हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गये मुकाबले में विंडीज ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 339 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में नेपाल की पूरी टीम 49.4 ओवर में 238 रन पर सिमट गयी। कैरिबियाई टीम के लिये होप ने 129 गेंद पर 10 चौकों और तीन छक्कों के साथ 132 रन की कप्तानी पारी खेली। निकोलस पूरन ने 94 गेंद पर 10 चौके और चार छक्के जड़कर 115 रन का योगदान दिया। इसके अलावा रॉवमैन पॉवेल ने 29 (14) रन जबकि ब्रैंडन किंग ने 32 (42) रन का योगदान दिया। नेपाल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट 92 रन पर ही गंवा दिये। आसिफ शेख ने हालांकि निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। आसिफ ने 93 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन की पारी खेली। दीपेंद्र सिंह ऐरी (20 गेंद, 23 रन), गुलशन झा (58 गेंद, 42 रन) और करन केसी (27 गेंद, 28 रन) ने नेपाल का सम्मान बचाने में आसिफ का बखूबी साथ दिया। मैच के आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर करन का विकेट गिरने के साथ नेपाल की पारी समाप्त हो गयी। वेस्ट इंडीज की इस बड़ी जीत में जेसन होल्डर ने तीन विकेट चटकाये, जबकि अल्ज़ारी जोसेफ़, कीमो पॉल और अकील हुसैन को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। काइल मेयर्स ने एक सफलता हासिल की। वेस्ट इंडीज दो मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप-ए तालिका में शीर्ष पर कायम है, जबकि नेपाल तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ चौथे स्थान पर है।

## एशेज में जीतने को प्राथमिकता नहीं देने पर इंग्लैंड पर भड़के बॉयकॉट

लंदन, 22 जून। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्यौफ्री बॉयकॉट ने बेन स्टोक्स एंड कंपनी को जीतने की बजाय 'बाजबॉल' को जरूरत से ज्यादा तवज्जो देने के लिये लताड़ते हुए कहा कि इससे खतरा पैदा हो गया है कि एशेज नुमाइशी श्रृंखला बनकर रह जायेगी । कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की अगुवाई में आक्रामक क्रिकेट खेल रही इंग्लैंड टीम को एजबस्टन में पहले एशेज टेस्ट में आस्ट्रेलिया ने दो विकेट से हराया । बॉयकॉट ने 'द टेलीग्राफ' के लिये अपने कॉलम में लिखा ," इंग्लैंड एशेज को नुमाइशी श्रृंखला बनाकर दम लेगा । बाजबॉल को इतनी तवज्जो देने से उनका नजरिया यह हो गया है कि जीत से ज्यादा मनोरंजन अहम है । इंग्लैंड के समर्थक हालांकि एशेज में जीत को सर्वोपरि रखते हैं ।" उन्होंने कहा ," तेजी से रन बनाना, चौके छक्के जड़ना अच्छा है । लेकिन एशेज पर से नजर नहीं हटनी चाहिये । अगर आस्ट्रेलिया एशेज जीतकर ले गई तो हमें बहुत बुरा लगेगा और तब यह बेमानी हो जायेगा कि हमने कितना मनोरंजन किया ।" उन्होंने कहा ," अगर इंग्लैंड जीतने के लिये नहीं खेल रहा तो एशेज का क्या महत्व है । यह सिर्फ नुमाइशी मैच बन जायेंगे । यहां मनोरंजन नहीं , जीत अहम है । क्रिकेट भी शतरंज की तरह है जहां कई मौकों पर रक्षण अपनाना पड़ता है । कई बार संयम की जरूरत होती है । सिर्फ आक्रमण ही अहम नहीं है ।"

## चोटिल मनदीप सिंह दलीप ट्रॉफी से बाहर, जयंत यादव करेंगे उत्तर क्षेत्र की अगुआई

नयी दिल्ली, 22 जून। क्षेत्रीय चयन समिति के संयोजक अनिरुद्ध चौधरी ने गुरुवार को कहा कि सीनियर बल्लेबाज मनदीप सिंह के चोट के कारण बाहर होने के बाद हरियाणा के ऑलराउंडर जयंत यादव दलीप ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। पंजाब के बल्लेबाज नेहल वढेरा को मुख्य टीम में शामिल किया गया था। नेहल ने हाल ही में मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में अपनी छाप छोड़ी थी और वह स्टैंडबाई खिलाड़ियों में शामिल थे। प्रेस विज्ञप्ति में चौधरी के हवाले से कहा गया, "हमें आज सुबह पंजाब क्रिकेट संघ से सूचना मिली कि मनदीप सिंह घायल हो गए हैं और दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।" उन्होंने कहा, "इसके परिणामस्वरूप आज शाम उत्तर क्षेत्र चयन समिति के सभी चयनकर्ताओं के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई और इसकी अध्यक्षता चेतन शर्मा ने की। चयनकर्ताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मनदीप सिंह की जगह नेहल वढेरा लेंगे।" चौधरी ने कहा, "चूंकि मनदीप सिंह टीम के कप्तान थे इसलिए समिति ने दलीप ट्रॉफी में उत्तर क्षेत्र टीम का नेतृत्व करने के लिए जयंत यादव को भी चुना।"

## अयिका, साथियान-मनिका की डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में आसान जीत

नयी दिल्ली, 22 जून। भारत की अयिका मुखर्जी ट्यूनिस में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जबकि दिया चितले और श्रीजा अकुला को पराजय का सामना करना पड़ा । अयिका ने चीन की शियाओतोंग वांग को 3-0 (11-8, 11-3, 11-2 ) से हराया । अब उसका सामना जर्मनी की सबाइन विंटर और जापान की मियु नगासाकी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । भारत के साथियान ज्ञानशेखर और मनिका बत्रा मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । उन्होंने अल्जीरिया के अब्दुलबासेत चेइची और मलिसा नासरी को 3-0 (11-3, 11-3,11-6) से मात दी । भारतीय जोड़ी अगले दौर में सेड्रिक मेइसनेर और युआन वान की जर्मन जोड़ी से खेलेगी । दिया को जापान की मियु किहारा ने हराया जबकि श्रीजा को चीनी ताइपै की यि हुआ हुआंग ने मात दी।

# प्रणय ताइपे ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

ताइपे, 22 जून। अनुभवी भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने गुरुवार को ताइपे ओपन 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के टॉमी सुगिआर्तो को हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 आयोजन के क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। विश्व रैंकिंग में नंबर नौ पर मौजूद प्रणय ने 36 मिनट चले मुकाबले में विश्व नंबर 95 सुगिआर्तो को 21-9, 21-17 से मात दी। तियान-मु एरिना पर खेले गये मुकाबले में तीसरी सीड प्रणय ने मज़बूत शुरुआत की और पहले गेम में तेज़ी के साथ 15-5 की बढ़त पर पहुंच गये। सुगिआर्तो ने गेम के अंतिम क्षणों में अनुशासन दिखाया लेकिन प्रणय को 21-9 की जीत हासिल करने से नहीं रोक सके।

दूसरे गेम के शुरुआती क्षणों में सुगिआर्तो के अनुशासन ने उनके हित में काम किया और इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 10-3 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद हालांकि प्रणय ने अच्छी वापसी करते हुए 16-16 पर स्कोर बराबर कर लिया। भारतीय शटलर मुकाबले में वापसी होने के बाद पूरी तरह हावी रहे और 21-17 से जीत दर्ज कर ली। क्वार्टरफाइनल में प्रणय का सामना हॉन्ग कॉन्ग के एनजी का लॉन्ग एंगस से होगा। इससे पूर्व, प्रणय के हमवतन और 2014 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन परुपल्ली कश्यप चीनी ताइपे के सु ली यांग से 21-16, 21-17 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये।

कश्यप और सु ली यांग के बीच शुरुआत में कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन चीनी ताइपे के शटलर ने लगातार सात अंक जीतकर 14-8 की बढ़त बना ली और फिर हावी होकर शुरुआती गेम जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में भी दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, हालाँकि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, कश्यप अपने प्रतिद्वंदी की रफतार का मुकाबला करने में विफल रहे और 42 मिनट तक चले मुकाबले में हार गये। इस बीच, भारत की तान्या हेमंत के प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की ताई त्ज़ु यिंग से 21-11, 21-6 से हारने के साथ महिला एकल स्पर्धा में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में चीनी ताइपे के चिउ सियांग चीह और लिन जियाओ मिन के खिलाफ 21-13, 21-18 से हार गई।

# सीईओ की नियुक्ति जल्द करे आईओए: आईओसी

लुसाने, 22 जून। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में मुख्य कार्यकारी अधिकारी/महासचिव की नियुक्ति में देरी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार देते हुए चिंता व्यक्त की और कहा कि वह इस मुद्दे पर लगातार नज़र रखे हुए है।

आईओसी ने बुधवार को कार्यकारी समिति की बैठक के बाद एक बयान जारी किया, जिसमें आईओए से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से जुड़ी समस्या का समाधान निकालने के लिये भी कहा गया है। आईओए ने एक बयान में कहा, भारत की एनओसी (राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) को कई मौकों पर एनओसी संविधान के अनुसार बिना किसी देरी के नये सीईओ/महासचिव की नियुक्ति पूरी करने का निर्देश दिया गया है, ताकि एनओसी के भीतर स्थिति को सामान्य किया जा सके।

बयान में कहा गया, दुर्भाग्य से एनओसी ने अभी तक इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है। आईओसी इस मुद्दे की निगरानी जारी रखे हुए है। आईओसी ने आईओए से डब्ल्यूएफआई को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान के लिये अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ, यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के साथ समन्वय करने के लिये भी कहा है।

उल्लेखनीय है कि ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और एशियाई खेलों की चैंपियन विनेश फोगाट सहित भारत के शीर्ष पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिछले महीने नयी दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। दिल्ली पुलिस ने 29 मई को पहलवानों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन समाप्त किया था, जिसके बाद यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भारतीय कुश्ती की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। आंदोलनरत पहलवानों का आरोप है कि बृजभूषण ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया है।

आईओसी ने कहा, भारत के एनओसी से अनुरोध किया गया है कि वह भारतीय खेल महासंघों को प्रभावित करने वाले कई मौजूदा मुद्दों को समन्वित तरीके से और संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों के नियमों और निर्देशों के अनुसार संबोधित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघों के साथ मिलकर काम करे। इसमें विशेष रूप से भारत में कुश्ती महासंघ की स्थिति शामिल है।

आईओसी ने इस साल मार्च में भी सीईओ नियुक्त करने में आईओए की ओर से देरी की ओर इशारा किया था। आईओसी द्वारा मान्यता प्राप्त नये संविधान के अनुसार, आईओए को नयी कार्यकारी परिषद का कार्यभार संभालने के एक महीने के भीतर एक सीईओ नियुक्त करना था जो पूर्व महासचिव के कार्यों को पूरा करेगा। पूर्व धाविका पीटी उषा की अध्यक्षता वाली आईओए परिषद ने 10 दिसंबर को कार्यभार संभाला था, लेकिन सात महीने से अधिक समय होने के बाद भी सीईओ की नियुक्ति नहीं की गयी है।

सुश्री उषा ने मार्च में कहा था कि आईओए ने सीईओ की नियुक्ति के लिये मानदंड तय किये थे, लेकिन केवल एक आवेदक को इस पद के लिये योग्य पाया गया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें और आवेदनों की जरूरत है और आईओए इस पद के लिये दोबारा विज्ञापन देगा। फिलहाल आईओए महासचिव कल्याण चौबे सीईओ के कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। सीईओ के पद के लिये पात्रता मानदंडों में से एक यह है कि उम्मीदवार को 'कम से कम 25 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार वाली कंपनी/इकाई के सीईओ के रूप में कम से कम 10 साल का अनुभव होना चाहिए।'

# जरुरत पड़ी तो अपनी टीम के लिये फिर लडूंगा: स्टिमाच

बेंगलुरु, 22 जून। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमाच ने सैफ चैंपियनशिप के पहले मैच में पाकिस्तान पर टीम की 4-0 की जीत के दौरान अपने बर्ताव का बचाव करते हुए गुरुवार को कहा कि अपने खिलाड़ियों को अनुचित निर्णयों से बचाने के लिये जरूरत पड़ी तो वह फिर ऐसा करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री कांतीरावा स्टेडियम में खेल में जानबूझकर बाधा डालने के लिये स्टिमाच को रेड कार्ड दिखाया गया।

स्टिमाच ने ट्वीट किया, फुटबॉल पूरी तरह से जुनून पर आधारित है, खासकर जब आप अपने देश के रंगों की खातिर लड़ते हैं। आप कल की मेरी हरकतों के लिये मुझसे नफरत या प्यार कर सकते हैं, लेकिन मैं एक योद्धा हूं और जरूरत पड़ने पर अनुचित फैसलों के खिलाफ पिच पर अपने लड़कों की रक्षा करने के लिये मैं ऐसा फिर से करूंगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का पहला हाफ बारिश के बीच समाप्ति की ओर बढ़ रहा था कि तभी स्टिमाच के अविवेक ने अचानक कार्यवाही को जीवंत बना दिया। जब पाकिस्तान के खिलाड़ी अब्दुल्ला इकबाल लाइन के बाहर आ चुकी गेंद को रेफरी के इशारे पर अंदर फेंकने के लिये तैयार थे तब अनुभवी कोच और खिलाड़ी स्टिमाच ने हस्तक्षेप किया। स्टिमाच ने खिलाड़ी से गेंद वापस खींचने की कोशिश की, जिस पर पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

रेफरी प्रज्वल छेत्री और अन्य मैच अधिकारियों को दोनों टीमों के प्रतिनिधियों को अलग करने के लिये हस्तक्षेप करना पड़ा। जैसे ही हाथापाई पर काबू पाया गया, रेफरी छेत्री ने फुटबॉल नियमों के अनुसार, जानबूझकर विपक्षी खिलाड़ी की हरकतों में बाधा डालने के लिये स्टिमाच को रेड कार्ड दिखाया। साथ ही पाकिस्तान के कोच शहज़ाद अनवर को भी येलो कार्ड दिखाया गया। स्टिमाच शेष मैच के लिये साइडलाइन पर खड़े नहीं हो सके, जबकि भारत के पूर्व डिफेंडर महेश गवली टचलाइन पर भारतीय टीम को निर्देश देते नज़र आये। इस प्रकरण में अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप करने के लिये भारत और पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों को भी येलो कार्ड दिखाया गया।

## फुटसाल एशियाई कप के ग्रुप-ई में भारत

कुआला लंपुर, 22 जून। भारतीय पुरुष फुटसाल टीम पहली बार एएफसी फुटसाल एशियाई कप 2024 क्वालीफायर में भाग लेने के लिये तैयार है, जहां उसका सामना ताजिकिस्तान, म्यांमार और फिलिस्तीन से होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने गुरुवार को यहां टूर्नामेंट का ड्रॉ आयोजित किया, जिसमें भारत को ग्रुप-ई में जगह दी गयी। ड्रॉ के लिये कुल 31 टीमों को आठ समूहों में विभाजित किया गया था। इनमें सात समूहों में चार-चार टीमें थीं, जबकि एक में तीन टीमें थीं। प्रत्येक समूह के मुकाबले एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक केंद्रीकृत स्थल पर खेले जायेंगे। ताजिकिस्तान सात से 11 अक्टूबर के बीच ग्रुप-ई की मेज़बानी करेगा। क्वालीफाइंग चरण के समापन के बाद आठ समूह विजेता और सात सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एएफसी फुटसाल एशियाई कप 2024 के लिये क्वालीफाई करेंगी।

## भारत ने एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

जयपुर, 22 जून। अलमाटी (कज़ाक़िस्तान) में 14 से 20 जून तक खेली गई छठीं एशियन महिला क्लब लीग हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीता। अंतिम लीग मैच में भारत ने मेजबान कज़ाकिस्तान को 39-25 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम में राजस्थान की चार खिलाड़ियों ख़ुशबू आचार्य, ज्योति मीणा, रेखा व एरंता मीणा का चयन हुआ था। भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने इतिहास में पहली बार एशियन महिला क्लब लीग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम की उपकप्तान मेनिका को सर्वश्रेष्ठ पीवट प्लेयर चुना गया। गुरुवार को भारतीय टीम के जयपुर पहुँचने पर ब्लु स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट के चेयरमैन अजय डाटा, अध्यक्ष अभिनव बांठिया, निदेशक विवेक लोढ़ा, हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पांडे, कोषाध्यक्ष डा. तेजराज सिंह ने स्वागत किया एवं हार्दिक बधाई दी और आगामी टूर्नामेंट्स के लिये अपनी शुभकामनाएं दी।

**भारतीय सीनियर महिला हैंडबॉल टीम:-** निधि शर्मा (कप्तान), मेनिका (उपकप्तान), मिताली शर्मा, दीक्षा कुमारी, प्रियंका ठाकुर, खुशबू आचार्य, रेखा, ज्योति मीणा, एरंता मीणा, अक्षया, अक्सा सनी, शालिनी ठाकुर, आशा रानी, भावना।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 54 सदस्यीय भारतीय टीम में तूर, श्रीशंकर व तेजस्विन को जगह

नयी दिल्ली, 22 जून। भारत ने बैंकॉक में 12 से 16 जुलाई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 54 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर, एशियाई रिकॉर्ड धारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर और नए डेकाथलन चैंपियन तेजस्विन शंकर को जगह मिली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की चयन समिति द्वारा चुनी गई टीम में 26 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। मई में रांची में फेडरेशन कप के बाद इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए शुरुआती टीम पहले ही चुन ली गई थी। भुवनेश्वर में सोमवार को समाप्त हुई राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप का उपयोग उन खिलाड़ियों की 'पुष्टि' के लिए किया गया जिन्होंने फेडरेशन कप में भाग नहीं लिया था। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता 3000 मीटर स्टीपलचेज खिलाड़ी अविनाश साबले को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि दोनों अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के लिए विदेश में प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

**पुरुष:** राजेश रमेश और मोहम्मद अजमल (400 मीटर/ चार गुणा 400 मीटर रिले/ चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), अमोज जैकब (चार गुणा 400 मीटर रिले/ चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), निहाल जोएल विलियम, मिजो चाको कुरियन और मोहम्मद अनस याहिया (चार गुणा 400 मीटर रिले), कृष्ण कुमार और मोहम्मद अफजल (800 मीटर), अजय कुमार सरोज और जिन्सन जॉनसन (1500 मीटर), गुलवीर सिंह (5000 मीटर/10000 मीटर), अभिषेक पाल (5000 मीटर/10000 मीटर), मोहम्मद नूरहसन और बाल किशन (3000 मीटर स्टीपलचेज), यशस पलाक्षा और संतोष कुमार (400 मीटर बाधा दौड़), तेजस्विन शंकर (डेकाथलन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद), जेस्विन एल्ड्रिन और मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद), प्रवीण चित्रावेल और अब्दुल्ला अबूबकर (त्रिकूद), तेजिंदरपाल सिंह तूर और करणवीर सिंह (गोला फेंक), रोहित यादव और डीपी मनु (भाला फेंक), अक्षदीप सिंह और विकास सिंह (20 किमी पैदल चाल)।

**महिला:** ज्योति याराजी (200 मीटर/100 मीटर बाधा दौड़), नित्या रामराज (100 मीटर बाधा दौड़), ऐश्वर्या मिश्रा (400 मीटर/ चार गुणा 400 मीटर रिले/ चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), चंदा और लविका शर्मा (800 मीटर), लिली दास (1500 मीटर), अंकिता (5000 मीटर), पारुल चौधरी (5000 मीटर/3000 मीटर स्टीपलचेज), संजीवनी जाधव (10000 मीटर), प्रीति (3000 मीटर स्टीपलचेज), पूजा और रूबीना यादव (ऊंची कूद), बरानिका इवागोवन (पोल वॉल्ट), शैली सिंह और एंसी सोजन (लंबी कूद), आभा खटुआ और मनप्रीत कौर (गोला फेंक), अन्नु रानी (भाला फेंक), स्वप्ना बर्मन (हेप्टाथलन), प्रियंका और भावना जाट (20 किमी पैदल चाल), रेजोआना मलिक हीना और ज्योतिका श्री दांडी (चार गुणा 400 मीटर रिले/ चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले), अंजलि देवी, जिस्ना मैथ्यू और सुभा वेंकटेशन (4 गुणा 400 मीटर रिले)।

# स्पेशल ओलंपिक: भारत ने बनाया पदकों का अर्द्धशतक

बर्लिन, 22 जून। स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल 2023 में भारतीय दल ने 50 पदक का आंकड़ा पार कर लिया है। आयोजन के चौथे दिन बुधवार को भारत के पास एथलेटिक्स, साइक्लिंग, पावरलिफ्टिंग, रोलर स्केटिंग और तैराकी में 15 स्वर्ण, 27 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 55 पदक थे। पदकों की बरसात तैराकी और साइक्लिंग से शुरू हुई। भारत ने तैराकी में जहां पांच पदक (तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य) जीते, वहीं साइक्लिंग में छह (तीन स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) पदक हासिल किये।

भारत के लिये साइक्लिंग में पहला पदक नील यादव ने 50 किमी रोड रेस में कांस्य के रूप में हासिल किया। शिवानी, नील यादव और इंदू पारिख ने एक किमी टाइम ट्रायल में स्वर्ण जीता, जबकि कल्पना जेना और जयासीला अर्बुतराज ने चांदी अपने नाम की। फ्रीस्टाइल तैराक दीक्षा जितेंद्र शिरगांवकर, पूजा गिरिधरराव गायकवाड़ा और प्रसद्धि कांबले ने स्वर्ण पदक जीतकर तैराकी में भारत के पदक लगभग दोगुने कर दिये।

इसके अलावा माधव मदान ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण जीतकर अपने खाते में एक और पदक जोड़ा, जबकि सिद्धांत मुरली कुमार ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य का तमगा प्राप्त किया। सोनीपत के खिलाड़ी साकेत कुंडु ने मिनी जैवलिन लेवल बी में रजत पदक जीता। लिटिल एंजल्स स्कूल के छात्र साकेत एक बहु-खेल एथलीट हैं। वह राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस, फिगर स्केटिंग और एथलेटिक्स में प्रतिस्पर्धा करने के बाद भाला फेंक की ओर आये और एक कठिन शिविर से गुज़रने के बाद विश्व खेलों के लिये उनका चयन किया गया। मिनी जैवलिन आयोजन पहली बार विश्व खेलों में शामिल किया गया और साकेत ने सोना जीतकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया।

# आईओसी ने आईबीए की मान्यता रद्द की लेकिन पेरिस खेलों में मुक्केबाजी बरकरार

जिनेवा, 22 जून। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सलाह और दिशानिर्देशों की अनदेखी के कारण वर्षों से चले आ रहे विवाद के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) को ओलंपिक परिवार से बाहर कर दिया। मुक्केबाजी हालांकि 2024 पेरिस खेलों में ओलंपिक खेल के रूप में अपना दर्जा बरकरार रखेगी। आईओसी ने विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में आईबीए की मान्यता रद्द करने के लिए मतदान किया। यह परिणाम तय था क्योंकि दो सप्ताह पहले आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता वाले कार्यकारी बोर्ड ने इसकी सिफारिश की थी।

मतदान में प्रस्ताव के पक्ष में 69 जबकि विरोध में एक वोट पड़ा। वोटिंग से 10 सदस्य अनुपस्थित रहे। बदलाव लाने के लिए बाध्य करने के प्रयास के तहत चार साल पहले आईओसी के आईबीए को निलंबित करने के बावजूद मुक्केबाजी पर कभी ओलंपिक से बाहर होने का खतरा नहीं था। बाक ने ऑनलाइन बैठक के दौरान आईओसी सदस्यों से कहा, "हम मुक्केबाजी के खेल को बहुत महत्व देते हैं। आईबीए के संचालन के तरीके के कारण हमें उनके साथ बेहद गंभीर समस्या है।" यह विवाद आईबीए के उज्बेकिस्तान और रूस के अध्यक्षों के तहत प्रबंधन पर केंद्रित था जिन्हें आईओसी ने अस्वीकार कर दिया था।

# सना काजला व चिराग की जोड़ी ने मिक्स डबल्स फाइनल जीता



जयपुर, 22 जून। जयपुर ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में आज 6 वर्गों में फाइनल खेले गए बालक वर्ग के सिंगल्स फाइनल में अंडर 11 में रक्षित सिंह मेहरा ने मेदांश खंडेलवाल को 21-11, 21-12 से पराजित किया वही 13 वर्ष के बालक वर्ग के एकल फाइनल में वयोम लांबा ने स सनी जांगिड़ को 21-9, 21-11 से परास्त किया अंडर 13 बालिका वर्ग युगल फाइनल मे आराध्या जोधा ,देशना जैन की जोड़ी ने अदा वर्मा व मानसी सेन को 21-7 21-14 से परास्त किया तथा लड़कियों के एकल 19 वर्षीय प्रतियोगिता में अनुष्का महेश्वरी में रिया चौधरी को 21-11 ,21-10 से पराजित किया मिक्स डबल्स फाइनल में चिराग खंडेलवाल सना काजला की जोड़ी में मानव वरदानी मनीषा चौधरी की जोड़ी को 21-10 21-12 से परास्त किया अंडर 13 बालिका वर्ग एकल में अन्वी राठौड़ ने देशना जैन को 21 - 19 ,18- 21, 21 10 से परास्त किया।

जिला सचिव मनोज दासोत के अनुसार कल से बालक बालिका वर्ग के 15 व 17 आयु वर्ग की एकल व युगल प्रतियोगिता शुरू होंगी प्रतियोगिता सचिव अतुल गुप्ता ने बताया कि वेटरन के सभी आयु वर्ग के मैच शुरू किए जाएंगे वेटरन अपनी एंट्री कल दोपहर 1:00 तक दे सकते हैं।

## लेबनान ने पूर्व चैंपियन बंगलादेश को हराया

बेंगलुरु, 22 जून। लेबनान ने सैफ चैंपियनशिप 2023 के अपने शुरुआती ग्रुप बी मैच में गुरुवार को पूर्व चैंपियन बंगलादेश को 2-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। श्री कांतीरवा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हसन मातूक (79वां मिनट) और खलील बदर (90 6वां मिनट) ने मैच के आखिरी मिनटों में गोल दागकर बंगलादेश की हार पर मुहर लगायी। बंगलादेश के लिये मैच का सबसे अच्छा मौका 59वें मिनट में आया। मिडफील्ड से आये पास ने मोहम्मद फैसल अहमद फहीम को लेबनान के गोलकीपर अली सबेह के आमने-सामने खड़ा कर दिया। फैसल के पास अली सबेह को छकाकर अपनी टीम का खाता खोलने का अवसर था लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके।

यह मुकाबला गोलरहित ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था लेकिन बंगलादेश के केंद्रीय डिफेंडर तारिक रेहान काज़ी की 79वें मिनट की गलती उनकी टीम को महंगी पड़ी। जैसे ही तारिक काज़ी ने पीछे से खेलने का प्रयास किया, बॉल करीम डारविच के पास गिरी और शानदार ड्रिबलिंग के बाद बॉल हसन मातूक को पास। हसन ने धैर्य बनाये रखा और अनीसुर रहमान को छकाकर लेबनान का पहला गोल कर दिया।

## रॉबिनसन पर बरसे ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज

नयी दिल्ली, 22 जून। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान हीली, मैथ्यू हेडेन और रिकी पॉन्टिंग ने पहले एशेज़ टेस्ट में इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ ओली रॉबिनसन के उद्दंड बर्ताव की कड़ी आलोचना की है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 16-20 जून के बीच खेले गये पहले टेस्ट में कंगारू टीम ने दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस (44 नाबाद) की नायाब पारी के दम पर दो विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच के तीसरे दिन रॉबिनसन ने शतकवीर उस्मान ख्वाजा (141) को आउट करने के बाद उन्हें पवेलियन भेजते हुए भरपूर गालियां दी थीं, जो क्रिकेट प्रेमियों और विशेषकर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गजों को अनुचित महसूस हुआ।

हेडेन ने जहां रॉबिनसन को एक 'भूलने योग्य' क्रिकेटर करार दिया, वहीं हीली ने उन्हें पहचानने से भी मना कर दिया। हेडेन ने कमिंस की बल्लेबाजी पर बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सेन रेडियो पर कहा, इसी तरह आप इंग्लैंड का मुकाबला करते हैं। जैसे ही पैट कमिंस ने जो रूट को दो छक्के लगाये (ऑस्ट्रेलिया हावी हो गया)... फिर वह दूसरा व्यक्ति (रॉबिनसन), वह एक भूलने योग्य क्रिकेटर है। एक तेज गेंदबाज जो 124 (किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है लेकिन इतना बड़बोला है। हीली ने कहा, रॉबिसनसन कौन? उसके जैसे क्रिकेटर से आप कह सकते हैं, मैं तुमसे निपट लूंगा। डेविड वॉर्नर ऐसा कर सकते हैं। रॉबिनसन ने ख्वाजा को पवेलियन भेजने के लिये इस्तेमाल किये गये शब्दों को सही ठहराते हुए संवाददाताओं से कहा था कि एशेज़ में ऐसा पहले भी होता रहा है और उन्होंने रिकी पॉन्टिंग सहित अन्य ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को ऐसा करते हुए देखा है।

पॉन्टिंग ने इसके जवाब में कहा कि अगर रॉबिनसन 15 साल पहले कही गयी उनकी बातों को याद रखेंगे तो अपनी गेंदबाजी पर ध्यान नहीं दे सकेंगे। पॉन्टिंग ने आईसीसी की रिव्यु पॉडकास्ट पर कहा, कुछ बातें जो उन्होंने कहीं, यहां तक कि मेरा नाम भी लिया, वह मेरे अनुसार थोड़ा अजीब था। अगर वह अब भी उन चीजों को लेकर परेशान हैं जो मैंने 15 साल पहले की थीं, तो मुझे कोई ताज्जुब नहीं कि उन्होंने ऐसी (खराब) गेंदबाजी की।

पॉन्टिंग ने कहा, उन्हें जल्द ही पता लग जायेगा कि अगर आप ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों से एशेज़ सीरीज में इस तरह बात करना चाहते हैं, तो आपको अपने प्रदर्शन में भी वही आक्रामकता लानी होगी।

# दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोन गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट लगायेगी

## प्र.मंत्री मोदी से मुलाकात के बाद घोषणा हुई कि, कंपनी भारत में अपने पहले प्लांट में 22,540 करोड़ रु. का निवेश करेगी

नई दिल्ली, 22 जून। अमेरिका की मेमोरी चिप बनानी वाली कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने घोषणा की है कि कंपनी भारत में अपना पहला प्लांट लगाने जा रही है।

कंपनी ने गुरुवार को कहा कि, वे गुजरात में एक नई सेमीकंडक्टर असेंबलिंग और टैस्ट प्लांट लगाएगी, जिसमें कुल 2.75 बिलियन डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपये) का निवेश होगा। बता दें कि यह देश में कंपनी की पहली फैक्ट्री होगी। माइक्रोन ने कहा कि वे दो फेज़ में प्लांट लगाने के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी।

माइक्रोन ने कहा कि केंद्र सरकार और गुजरात राज्य की सहायता से, प्लांट में कुल 2.75 बिलियन डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपये) का निवेश होगा।

- **यह निवेश केन्द्र सरकार की स्कीम के तहत तय हुआ है, इसमें माइक्रोन को केंद्र सरकार से टोटल प्रोजैक्ट कॉस्ट के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता और गुजरात राज्य से टोटल प्रोजैक्ट कॉस्ट का 20 प्रतिशत वित्तीय सहायता मिलेगी।**

माइक्रोन के प्लांट को सरकार की मॉडिफाइड असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) स्कीम के तहत मंजूरी दी गई है। स्कीम के तहत, माइक्रोन को केंद्र सरकार से टोटल प्रोजेक्ट कॉस्ट के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता और गुजरात राज्य से टोटल प्रोजेक्ट कॉस्ट का 20 प्रतिशत प्रोत्साहन वित्तीय सहायता मिलेगी।

माइक्रोन ने कहा कि गुजरात में नए प्लांट का निर्माण 2023 में शुरू होने की उम्मीद है और प्रोजेक्ट का पहला फेज़ 2024 के अंत में शुरू हो जाएगा। प्रोजेक्ट का दूसरा फेज़ दशक के दूसरे भाग में शुरू होने की उम्मीद है। माइक्रोन ने कहा कि इससे अगले कई सालों में 5,000 नई डायरेक्ट नौकरियां और 15,000 कम्युनिटी नौकरियां मिलेंगी।

कंपनी ने कहा, माइक्रोन का नया प्लांट चिप और सेमिकंडक्टर दोनों प्रोडक्ट्स के लिए असेंबलिंग और टेस्ट मैन्युफैक्चरिंग की सुविधा होगी और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मांग को पूरा करेगी।

प्रधान मंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी को आमंत्रित किया था और कहा था कि देश सेमीकंडक्टर सप्लाई चैन के विभिन्न हिस्सों में प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के विभिन्न उद्योगपतियों और कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से मिल रहे हैं।

मोदी टेस्ला और ट्विटर के सीईओ एलन मस्क समेत कई दूसरी कंपनी की सीईओ से भी मुलाकात की।

## अमेरिका की जेट इंजन निर्माता जी.ई. एयरोस्पेस की भी भारत में एन्ट्री

नयी दिल्ली/वाशिंगटन, 22 जून। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने गुरुवार को बताया कि उसने विमान विनिर्माता हिंदुस्तान एयरोनटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ मिल कर भारतीय वायु सेना के लड़ाकू जेट विमानों के लिए इंजन बनाने के करार पर हस्ताक्षर किए है। कंपनी ने कहा है कि, वह भारत में इंजन बनाने के लिए अमेरकी सरकार से रक्षा निर्यात संबंधी आवश्क लाइसेंस प्राप्त करने में लगी है। यह करार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्तमान अमेरिका यात्रा की एक बड़ी उपलधि के रूप में देखा जा रहा है।

- **जी.ई. एयरोस्पेस ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ सेना के लिए लड़ाकू जेट विमानों के लिए इंजन बनाने के करार पर हस्ताक्षर किये।**

## पटना सम्मेलन में एक प्रमुख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पवार के भतीजे अजीत पर भी मनी लॉण्डरिंग के आरोप हैं तथा उनके पास कई बेनामी सम्पत्तियां भी हैं। प्रफुल्ल पटेल, नवब मलिक और अनिल देशमुख के खिलाफ भी ई.डी. की जांच चल रही है।

आम आदमी पार्टी के और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से दिल्ली की शराब नीति व मनी लॉण्डरिंग केस में ई.डी. ने पूछताछ की थी। इसी मामले में मनीष सिसोदिया जेल में है।

आप के ही एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ तो ई.डी., सी.बी.आई. और आई.टी. तीनों की जांच चल रही है। हाल ही में उन्हें बीमारी के कारण जमानत मिली है।

तृणमूल के नेता और प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी के खिलाफ कोयला तस्करी के मामले में ई.डी. की जांच चल रही है।

तृणमूल के ही पार्था चटर्जी व अनुब्रत मंडल से क्रमशः टीचर्स भती घोटाले, गौ तस्करी के मामले में ई.डी. ने पूछताछ की है।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक भी निशाने पर है। हाल ही में पार्टी के बिजली एवं आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी को ई.डी. ने मनी लॉण्डरिंग केस में गिरफ्तार किया है। उन पर इनकम टैक्स की जांच भी चल रही है। बिहार के राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू यादव व उनका पूरा परिवार ई.डी. के निशाने पर है। लालू यादव, उनकी पत्नी व पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और दो पुत्रियां ई.डी. के रडार पर हैं। तेजस्वी यादव के खिलाफ तो ई.डी. के साथ सी.बी.आई. की जांच भी चल रही है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव अवैध रेत खनन केस में सी.बी.आई. के निशाने पर हैं तथा सपा के ही आजम खान पर मनी लॉण्डरिंग केस में ई.डी. ने शिकंजा कस रखा है।

## आर.एस.एस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लोगों में शत्रुता पैदा करने के लिये विभिन्न मुद्दों का उपयोग कर रहे हैं। हम यह भूल रहे हैं कि हम एक देश हैं। मुस्लिम सदियों से भारत में सुरक्षित रुप से रहते आये हैं। भारतीय लोग देखने में भिन्न हैं, अलग-अलग धार्मिक पंथों का अनुसरण करते हैं, लेकिन उन सबकी मातृभूमि तो एक ही है।"

जहाँ तक भाजपा का प्रश्न है, वह चार माह की एक सम्पर्क योजना पर बड़ी तत्परता के साथ कर रही है। इस योजना का उद्देश्य पसमन्दा मुस्लिमों तक अपनी पहुँच बनाना है जो मुस्लिम समुदाय में बहुसंख्यक स्थिति में हैं। भाजपा की अल्पसंख्यक शाखा उन मुस्लिमों को "मोदी मित्र प्रमाण पत्र" वितरित करने में लगी हुई है, जो विकास की योजनाओं को लाने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई "पहलों और दृष्टि" के प्रशंसक हैं। इस वर्ष के अन्त में, दिल्ली में "मोदी - मित्रों" का एक विशाल सम्मेलन आयोजित किये जाने की योजना है। अपेक्षा की जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

भाजपा की पसमन्दा योजना ने नगर पंचायत के चेयरमैन पद के चुनावों में बड़े उत्साहजनक परिणाम दिये थे। इन चुनावों में, भाजपा ने कुल 199 उम्मीदवार खड़े किये थे, जिनमें से 32 मुस्लिम थे तथा इनमें उम्मीदवार चुनाव में विजयी रहे थे।

उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकायों के चुनाव में भाजपा द्वारा खड़े किये गये मुस्लिम प्रत्याशियों में से 90 प्रतिशत प्रत्याशी पसमन्दा मुस्लिम थे।

## 31 जुलाई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टी.आर. फाइल कर सकें। वर्तमान में करदाता वित्तीय वर्ष 2022-23 में अर्जित आय का रिटर्न फाइल करेंगे। आई.टी.आर. फाइल करके आप सरकार को अपनी आय व निवेश के बारे में जानकारी देते हैं। इस बार इन्कम टैक्स रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 निर्धारित की गई है। ऐसी स्थिति में करदाताओं को आई.टी.आर. संबंधी सभी दस्तावेज इकट्ठे करने शुरु कर देने चाहिए। निजी करदाताओं, एच.यू.एफ. (हिन्दू अनडिवाइडेट फैमिली), ए.ओ.पी. (असोसिएशन ऑफ पर्सन्स), बी.ओ. आई. (बॉडी ऑफ इन्डिविजुअल्स) या जिनकी अकाउन्ट बुक्स के ऑडिट की आवश्यकता नहीं है, के लिए रिटर्न फाईल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। जिन व्यवसायों की अकाउन्ट बुक्स का ऑडिट होने की आवश्यकता है, उनके लिए रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है। जो बिज़नेस, जिनका अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन है या विशेष घरेलू लेन-देन है, को रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2023 दी गई है।

## 'क्या ज्यादा महत्वपूर्ण, दिल्ली के प्रशासनिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा कि कांग्रेस अपने सैद्धांतिक कारणों के चलते, अन्ततोगत्वा, अध्यादेश का विरोध तो करेगी, लेकिन विरोध करने के समय का चयन वह स्वयं करेगी। इस समय, जब संसद के मानसून सत्र की तिथियों की घोषणा तक नहीं हुई है, आप के समर्थन की घोषणा की जल्दी भी क्या है।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित, जो पार्टी में आप के घोर विरोधियों में शामिल हैं, ने आप की ताजातरीन की अंतिम चेतावनी को लेकर केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुये कहा, "केजरीवाल जी, आपका (मीटिंग में) न होना किसी को नहीं खलेगा। आप तो इससे बचने का रास्ता ढूंढ ही रहे थे।...... यह मीटिंग ऐसे लोगों के लिये है ही नहीं, जो सौदेबाजी करते हों।"

इस बीच, समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की ऐसी एक मात्र पार्टी होगी, जो शुक्रवार को पटना में विपक्षी नेताओं की मीटिंग में शामिल होंगे। दरअसल, बसपा प्रमुख मायावती को तो मीटिंग के लिये आमंत्रित ही नहीं किया गया है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी किसी पारिवारिक कार्यक्रम के कारण, मीटिंग में शामिल नहीं होंगे।

लेकिन चौधरी ने आशा व्यक्त की है कि यह मीटिंग "विपक्षी एकता की राह में महत्वपूर्ण मील का पत्थर" साबित होगी।

सपा नेता अखिलेश यादव सभी विपक्षी नेताओं से आग्रह कर रहे हैं कि वे लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने के लिये परस्पर हाथ मिला लें। विपक्षी दलों की इस मीटिंग में भागीदारी करने वाले दलों पर निशाना साधते हुए, मायावती ने गुरूवार को कहा कि इस मीटिंग का जोर मन मिलाने की अपेक्षा हाथ मिलाने पर ज्यादा है।

बसपा अध्यक्ष को इस विपक्षी मीटिंग में इसीलिये आमंत्रित नहीं किया गया है क्योंकि जब विपक्ष के किसी महत्वपूर्ण नेता ने उनसे इस संबंध में संपर्क किया था, उस समय उन्होंने इस प्रकार की किसी मीटिंग के आयोजन में रूचि नहीं दिखाई थी। मायावती दोनों राष्ट्रीय दलों-भाजपा तथा कांग्रेस-से बराबर दूरी बनाये हुये हैं।

जे.डी. (यू) के मुख्य प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने मीडिया को बताया, "हमने उन्हीं पार्टियों को आमंत्रित किया, जो 2024 में भाजपा के खिलाफ लड़ने की इच्छुक हैं। बसपा कहती है कि वह गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी, तो हम अपना समय बरबाद क्यों करें।"

मायावती ने कहा कि विपक्षी दलों के रूख से ऐसा नहीं लग ही रहा है कि वे उत्तर प्रदेश में अपने उद्देश्य को लेकर गंभीर हैं।

उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें चुनावी सफलता की कुंजी मानी जाती हैं लेकिन विपक्षी दलों के तौर-तरीकों से ऐसा लगता ही नहीं है कि वे यहां अपने उद्देश्य को लेकर गंभीर है तथा उन्हें वास्तव में अपने उद्देश्य से कोई सरोकार है। सही प्राथमिकताओं के बिना, यहां लोकसभा चुनावों की तैयारियां वास्तव में कोई आवश्यक परिवर्तन दृष्टिगत हो रहा है?"

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले लोकसभा चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुये, बेहतर यह होता कि इन पार्टियों ने बिल्कुल साफ एवं स्पष्ट उद्देश्यों और इरादों के साथ जनता के मन में एक सामान्य विश्वास पैदा किया होता, मन में अच्छी तरह बैठा दिया होता।

उन्होंने आगे कहा, "मुंह में राम, बगल में छुरी" आखिर कब तक?"

आर.एल.डी. नेता चौधरी ने कहा कि वे एक "पूर्व निर्धारित पारिवारिक कार्यक्रम" के कारण मीटिंग में उपस्थित नहीं होंगे।

नीतीश कुमार को लिखे गये एक पत्र, जो आर.एल.डी. के अधिकृत ट्विटर पर गुरूवार को शेयर किया गया, में चौधरी ने कहा, "जिस तरह अधिनायकवादी एवं साम्प्रदायिक ताकतें लोकतंत्र तथा देश के सामाजिक सौहार्द के लिये खतरा बन रही हैं, यह इस समय की जरूरत है कि समान विचारों वाले विपक्षी दल संगठित हो जायें।

देश की महत्वपूर्ण समस्याओं तथा सामने खड़ी चुनौतियों पर चर्चा करके, समूचा विपक्षी जनता के समक्ष एक दूरगामी एवं व्यवहारिक योजना रख सकता है।"

उन्होंने कहा, "इस प्रकार, हम मिलकर देश में एक ऐसा सार्थक बदलाव ला सकते हैं, जो युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा समाज के वंचित वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप हो।"

मीटिंग की कामयाबी के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुये, आर.एल.डी. प्रमुख ने कहा, "मुझे विश्वास है कि यह मीटिंग विपक्षी एकता की राह में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।" विपक्षी दलों के शीर्ष नेता शुक्रवार को पटना में हो रही इस मीटिंग, जो 2024 के लोकसभा चुनावों के लिये एक भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की रूपरेखा तैयार करने के लिये हो रही है, इस बारे में गहन चिंतन करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आप के संयोजक अरविन्द केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तथा एन.सी.पी. अध्यक्ष शरद पवार उन शीर्ष नेताओं में शामिल हैं, जिनकी कल विपक्ष की इस उच्च स्तरीय मीटिंग में उपस्थित होने की आशा है।

## के.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आशीर्वाद देने जयपुर आए हैं। जवाहर सर्किल स्थित एंटरटैनमेंट पैराडाइज़ में होने वाले इस विवाह समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई अन्य मंत्री व विधायक भी मौजूद रहेंगे।


## कोविड का एक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गृह एवं क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएचएडीए) के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। ईडी ने इस सिलसिले में बुधवार को महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापेमारी की थी।

ईडी अधिकारियों ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तथा उनके पुत्र आदित्य ठाकरे के साथ ही साथ राज्य सभा सांसद संजय राउत के करीबियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। ईडी ने आदित्या के सहयोगी सूरज चवन के ठिकानों पर छापे मारे थे। साथ ही, ईडी अधिकारियों ने जायसवाल तथा राउत के सहयोगी सुजित पाटकर सहतिया 14 अन्य लोगों के ठिकानों पर भी तलाशी ली थी।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने कोविड 19 महामारी के दौरान बीएमसी द्वारा दिए गए 12,000 करोड़ रुपये के ठेकों में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की घोषणा की थी।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908